www.anantgyaan.in

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

# अनंत ज्ञान

करे हर सीमा पार

धर्मशाला | शुक्रवार, 8 मार्च 2024 | 25 फाल्गुन, विक्रमी संवत 2080 वर्ष 1, अंक 80 कुल पृष्ठ 16 मूल्य : 5 रुपए |
उतार-चढ़ाव के साथ नए शिखर पर शेयर बाजार ... पेज 16

महाशिवरात्रि की हार्दिक शुभकामनाएं

## छोटी काशी में प्रकट हुए श्री राधा रमण वृंदावन



मंडी। छोटी काशी मंडी में अंतरराष्ट्रीय महाशिवरात्रि महोत्सव के कारज शुरू हुए 29वें दिन धृत शृंगार में श्री राधा रमण वृंदावन का स्वरूप उकेरा गया। कहा जाता है कि राधा रमण शालिग्राम शिला से स्वयं प्रकट हुए हैं। श्री राधा रमण का मंदिर श्री गौडीय वैष्णव संप्रदाय के सुप्रसिद्ध मंदरों में से एक है। श्रीकृष्ण का यह स्वरूप 8 विग्रहों में से एक है। श्री राधा रमण 1532 से ही वृंदावन में विराजे हुए हैं। मंदिर के दक्षिण पार्श्व में श्री राधा रमण का प्राकट्य स्थल तथा गोपाल भट्ट गोस्वामी का समाधि मंदिर है।

# धर्मशाला टेस्ट : इंग्लैंड 218 पर ढेर; टीम इंडिया की सतर्क शुरुआत

**10** विकेट भारतीय स्पिनरों ने इंग्लैंड के निकाले (कुलदीप 5, अश्विन, 4, जडेजा 1)

**100** वां टेस्ट मैच खेल रहे रविचंद्रन अश्विन ने झटके 4 विकेट

**1000** टेस्ट रन यशस्वी जायसवाल ने पूरे किए अपने 9वें टेस्ट में, पुजारा (11 टेस्ट) को पीछे छोड़ा

**पुनीत शर्मा, धर्मशाला**

**धर्मशाला** टेस्ट मैच के पहले दिन भारत ने इंग्लैंड के खिलाफ एक विकेट पर 135 रन बना लिए। दिन का खेल खत्म होने तक टीम इंडिया 83 रन से पीछे रही। भारतीय कप्तान रोहित शर्मा 52 और शुभमन गिल 26 रन बनाकर नाबाद लौटे। युवा सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल 58 गेंद पर 57 रन बनाकर आउट हुए।

इससे पहले इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया। जैक क्रॉली (79 रन) को छोड़ कर इंग्लैंड के बाकी बल्लेबाज कुछ खास नहीं कर सके और टीम 218 रन बनाकर ऑलआउट हो गई। भारत से कुलदीप यादव ने 5, रविचंद्रन अश्विन ने 4 और रवींद्र जडेजा को एक सफलता मिली।

(अनंत ज्ञान)

विस्तृत समाचार खेल पृष्ठ पर



विकेट लेने के बाद खुशी मनाते भारतीय खिलाड़ी।

### परिवार संग अश्विन



### कुलदीप के 50 टेस्ट विकेट

कुलदीप यादव ने जॉनी बेयरस्टो का विकेट झटकने के साथ ही टेस्ट में अपना 50वां विकेट हासिल किया। उनका यह 12वां टेस्ट मैच है। अपने 100वें टेस्ट मैच में बेयरस्टो पहली पारी में फेल रहे। वह 18 गेंद में 29 रन ही बना सके।

### पडिक्कल 314वें टेस्ट प्लेयर

इंग्लैंड के खिलाफ धर्मशाला टेस्ट में भारत के लिए बल्लेबाज देवदत्त पडिक्कल ने डेब्यू किया। पडिक्कल को रविचंद्रन अश्विन ने डेब्यू कैप सौंपी। पडिक्कल भारत से टेस्ट खेलने वाले 314वें खिलाड़ी बने।

## न्यूज शॉर्ट्स

### सोने में रिकॉर्ड तेजी, पहली बार 65 हजार के पार पहुंचा

**नई दिल्ली।** सोने का भाव 7 मार्च को पहली बार 65,000 रुपए के पार पहुंच गया। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन की वेबसाइट के मुताबिक, 10 ग्राम सोना 556 रुपए महंगा होकर 65,049 रुपए हो गया है। वहीं चांदी में भी बढ़त देखने को मिली। चांदी 411 रुपए महंगी होकर 72,121 रुपए प्रति किलो ग्राम पर पहुंच गई। आने वाले दिनों में सोने में तेजी जारी रह सकती है। इसके चलते इस साल के आखिर तक सोना 67 हजार रुपए प्रति 10 ग्राम तक जा सकता है।



### मणिपुर में भारी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद बरामद

**इंफाल।** मणिपुर में पुलिस ने तलाशी अभियान के दौरान एक 5.56 मिमी इंसास राइफल, एक संशोधित 2-इंच मोर्टार, दो 36 एचई हैंड ग्रेनेड, एक ट्यूब लॉन्चर, एक डब्ल्यूपी ग्रेन नं. 80 एमके-1, एक टियर स्मोक ग्रेनेड, दो टियर स्मोक शेल सॉफ्ट नोज, एक स्टन शेल नॉर्मल, एक कार्ट्रिज 38 मिमी एंटी-रॉयट विथ रबर बुलेट, एक प्वाइंट 303 एलएमजी मैगजीन और एक मोर्टार शेल थौबल जिले से बरामद किया गया।

### अदालत ने सीएम केजरीवाल को 16 मार्च को तलब किया

**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने कथित आबकारी घोटाले से संबंधित धनशोधन मामले में कथित रूप से समन का पालन नहीं करने पर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा फिर से की गई शिकायत पर दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को समन जारी कर 16 मार्च को तलब किया। प्रवर्तन निदेशालय ने धन शोधन जांच में समन का पालन नहीं करने के लिए केजरीवाल के खिलाफ मुकदमा चलाने का अनुरोध करते हुए अदालत में बुधवार को नई शिकायत दर्ज कराई थी।

### पंजाब में बब्बर खालसा के दो सदस्य गिरफ्तार

**चंडीगढ़ ।** पंजाब पुलिस ने एक खुफिया सूचना आधारित अभियान में बब्बर खालसा इंटरनेशनल के समर्थन प्राप्त आतंकी मॉड्यूल के दो सदस्यों को गिरफ्तार किया है। पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने बताया कि इस आतंकी मॉड्यूल का संचालन अमेरिका में बैठा हरप्रीत सिंह उर्फ हैप्पी पासियान करता था।

## टॉप स्टोरीज

प्रदेश के 124 अस्पतालों में नहीं डॉक्टर ...पेज 3

भगवान इंद्रु नाग के आशीर्वाद से बिना बारिश के पूरा हुआ पहले दिन का मैच ...पेज 6

हमीरपुर में 2002 करोड़ के ऋण देने का लक्ष्यः डीसी ...पेज 11

# एसएमसी शिक्षक होंगे रेगुलर

## कैबिनेट बैठक में महिलाओं को 1500 रुपए देने के प्रस्ताव को भी मिली मंजूरी

**अरविंद शर्मा, शिमला**

**सीएम** सुखविंद्र सिंह सुक्खू की अध्यक्षता में गुरुवार को हुई कैबिनेट बैठक में विधानसभा चुनाव-2022 के दौरान कांग्रेस द्वारा महिलाओं से किए वादे को पूरा करते हुए 18 से 59 वर्ष की पात्र महिलाओं को 'इंदिरा गांधी प्यारी बहना' सुख सम्मान निधि के तहत 1500 रुपए प्रतिमाह देने को मंजूरी प्रदान की गई ।

मंत्रिमंडल ने शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर की अध्यक्षता में एसएमसी एवं कंप्यूटर शिक्षकों के मुद्दों के दृष्टिगत बनाई गई मंत्रिमंडलीय उप-समिति की सिफारिशों पर भी विचार-विमर्श किया। बैठक में निर्णय लिया गया कि 2,401 स्कूल मैनेजमेंट कमेटी (एसएमसी) शिक्षकों को रेगुलर किया जाएगा। मंत्रिमंडल ने प्रवक्ता (कंप्यूटर साइंस) के 985 पद भरने को भी स्वीकृति दी।



शिमला में गुरुवार को हुई कैबिनेट बैठक की अध्यक्षता करते मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू।

### सूही मेला-साहो जातर जिला स्तरीय घोषित

**बैठक** में ज्वालामुखी तहसील के भड़ोली को उपतहसील बनाने का निर्णय लिया गया। सोलन के दाड़लाघाट में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र और कांगड़ा के ज्वालामुखी क्षेत्र के पिहारी में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र खोलने को स्वीकृति प्रदान की गई। चंबा के सूही मेला और साहो जातर को जिला स्तरीय मेला घोषित करने का भी निर्णय लिया।

### वन विभाग के इंजीनियरिंग स्टाफ का होगा युक्तिकरण

**कैबिनेट** बैठक में हिमाचल प्रदेश वन विभाग के इंजीनियरिंग स्टाफ के युक्तिकरण का निर्णय लिया गया। वन विभाग के इंजीनियरिंग स्टाफ के अधिकारी और कर्मचारी भर्ती एवं पदोन्नति नियमानुसार पदोन्नति के लिए पात्र हैं, उन्हें रिक्ति के आधार पर पदोन्नति दी जाए और इसके उपरांत उनकी सेवाएं दूसरे विभागों में ली जाएं।

- **फिजिसिस्ट के एक पद को सहायक प्रोफेसर मेडिकल फिजिक्स करने का लिया निर्णय**
- **केंद्र सरकार से लंबित 9,043 करोड़ जारी करने का आग्रह**

### जेओए का लंबित परिणाम होगा जारी

**उपमुख्यमंत्री** मुकेश अग्निहोत्री की अध्यक्षता में आयोजित मंत्रिमंडलीय उप-समिति की बैठक में सर्वसम्मति से जूनियर आफिस असिस्टेंस (जेओए) (आईटी) पोस्ट कोड-817 का लंबित परिणाम जारी करने का निर्णय लिया गया है। अग्निहोत्री ने कहा कि 7 अभ्यर्थी जिनके खिलाफ पेपर लीक मामले में एफआईआर दर्ज है, उन्हें छोड़कर सभी अभ्यर्थियों का परीक्षा परिणाम घोषित करने का निर्णय लिया गया है।

## चिंतपूर्णी में अब ऑनलाइन मिलेगा प्रसाद, पीएम ने किया वर्चुअल शुभारंभ

**अनंत ज्ञान, चिंतपूर्णी**

चिंतपूर्णी मंदिर में अब श्रद्धालुओं को बेहतरीन सुविधाएं मिल सकेंगी, मंदिर को प्रसाद, हवन, जागरण व लंगर ऑनलाइन सुविधा से जोड़ दिया गया है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्चुअल माध्यम से हिमाचल के सुप्रसिद्ध शक्तिपीठ माता चिंतपूर्णी जी धाम के लिए करीब 25 करोड़ की विकास परियोजनाओं का शुभारंभ किया जिसके लिए केंद्रीय सूचना प्रसारण मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने उनका आभार प्रकट किया।

केंद्रीय मंत्री ने बताया कि 'प्रसाद योजना' के अंतर्गत श्री चिंतपूर्णी देवी मंदिर परिसर के विकास के प्रथम चरण में श्रद्धालुओं के लिए सुविधाएं विकसित की जाएंगी। इनमें प्रमुख तौर पर कीर्तन हॉल, प्रसाद वितरण कक्ष, 38 दुकानें, फूड कोर्ट, नियंत्रण कक्ष, श्रद्धालु प्रतीक्षा कक्ष, सुरक्षा जांच कक्ष, आपातकालीन एवं प्राथमिक चिकित्सा कक्ष, पेयजल सुविधा इत्यादि तथा लिफ्ट और रैंप की सुविधाएं, वीवीआईपी के लिए अलग गलियारा, रोपवे, आगंतुकों के लिए प्रवेश और विकास द्वार इत्यादि विकसित किया जाएगा।

इस दौरान चिंतपूर्णी विधानसभा क्षेत्र के विधायक सुदर्शन सिंह बबलू आयोजित कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने 'प्रसाद योजना' के लिए 25 करोड़ रुपए स्वीकृत करने के लिए प्रधानमंत्री का धन्यवाद किया।



### लड़कियों की शादी के लिए राशि 25 हजार की

**मंदिर** न्यास के माध्यम से पहले गरीब लड़कियों की शादी में 15 हजार रुपए की राशि दी प्रदान की जाती थी, लेकिन अब इसे बढ़ाकर 25 हजार कर दिया गया है।

### उज्ज्वला योजना के तहत मिलने वाली सब्सिडी इस साल भी जारी रहेगी

**नई दिल्ली ।** मोदी सरकार ने उज्ज्वला योजना के लाभार्थियों को एक बड़ा तोहफा दिया है। 300 रुपए प्रति सिलेंडर सब्सिडी चालू वित्त वर्ष के लिए थी, जो 31 मार्च को समाप्त हो रही है। केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि आर्थिक मामलों की कैबिनेट समिति ने अब इस सब्सिडी को 2024-25 तक बढ़ाने का फैसला किया है। सरकार ने पिछले साल अक्तूबर में प्रति वर्ष 12 रिफिल तक 14.2 किलोग्राम के सिलेंडर पर सब्सिडी 200 रुपए से बढ़ाकर 300 रुपए प्रति सिलेंडर कर दी थी।

### कर्मचारियों का डीए चार फीसदी बढ़ा

**केंद्रीय** कर्मचारियों के महंगाई भत्ते में बढ़ोतरी को मंजूरी मिल गई है। केंद्रीय कैबिनेट ने डीए में चार फीसदी के इजाफे को मंजूरी दे दी है। अब कर्मचारियों को 50 फीसदी महंगाई भत्ता मिलेगा। ये महंगाई भत्ता पहली जनवरी 2024 से लागू होगा। मार्च के अंत में सैलरी से साथ इसे क्रेडिट किया जाएगा। कुल दो महीने का एरियर भी इसमें जुड़कर आएगा। ये लगातार चौथी बार है, जब महंगाई भत्ते में चार फीसदी का इजाफा हुआ है।

## आर्टिकल 370 हटने से बढ़ा कश्मीर के युवाओं का सम्मान : पीएम मोदी

**एजेंसी, श्रीनगर**



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने श्रीनगर के बख्शी स्टेडियम से 6400 करोड़ की 53 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण किया है। धारा 370 हटने के बाद प्रधानमंत्री की यह पहली कश्मीर यात्रा है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि जब इरादे नेक हों, संकल्प को सिद्ध करने का जज्बा हो तो फिर नतीजे भी मिलते हैं। पूरी दुनिया ने देखा कि कैसे यहां जम्मू-कश्मीर में जी20 का शानदार आयोजन हुआ। आज यहां जम्म-कश्मीर में पर्यटन के सारे रिकॉर्ड टूट रहे हैं। अकेले 2023 में ही दो करोड़ से ज्यादा पर्यटक यहां आए हैं।

प्रधानमंत्री ने कहा कि परिवारवाद और भ्रष्टाचार से सबसे ज्यादा भुगतभोगी हमारा जम्म-कश्मीर ही रहा है। परिवारवादियों ने जम्मू-कश्मीर बैंक में अपने परिजनों को भरकर बैंक की कमर तोड़ दी थी। कश्मीर के गरीब आदमी का पैसा इस बैंक में था, जो डूबने जा रहा था जेएंडके बैंक को बचाने के लिए हमने कई सुधार किए। बैंक को एक हजार करोड़ रुपए की मदद देना भी तय किया। बैंक में जो गलत भर्तियां हुई, उनके खिलाफ कार्रवाई की गई।

उन्होंने कश्मीर से भाजपा को जोड़ते हुए कहा कि यहां झीलों में कमल खिलता है और भाजपा का चिह्न भी कमल ही है। जम्मू-कश्मीर से भाजपा का नाता सभी जानते हैं। उन्होंने कहा कि आर्टिकल 370 का फायदा आम कश्मीरी को था या फिर कुछ राजनीतिक परिवार अपने फायदे के लोगों को गुमराह कर रहे थे। आज आर्टिकल 370 नहीं है, इसलिए आज जम्मू कश्मीर के नौजवानों की भावनाओं का सम्मान हो रहा है।

## प्रदेश के ऊंचे इलाकों में बर्फबारी 10 से फिर बिगड़ेगा मौसम



लाहौल-स्पीति जिला मुख्यालय केलांग में बिछी बर्फ की चादर।

**अनंत ज्ञान, शिमला**

हिमाचल प्रदेश में मार्च के महीने में बर्फबारी का नजारा देखने को मिल रहा है। राज्य के जनजातीय व उच्च पर्वतीय इलाकों में रुक-रुक कर बर्फ गिरने का सिलसिला जारी है। बीते 24 घंटे के दौरान लाहौल-स्पीति जिला के मुख्यालय केलांग में चार सेंटीमीटर बर्फबारी दर्ज की गई। मौसम विभाग ने अगले दो दिन राज्यभर में मौसम के साफ रहने की संभावना जताई है।

हालांकि 10 मार्च को पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय हो जाएगा और एक बार फिर पूरे प्रदेश में बारिश व बर्फबारी का दौर चलेगा। 11, 12 व 13 मार्च को मैदानी इलाकों में वर्षा और पहाड़ी भागों में बर्फ़बारी होने का अनुमान है। 12 व 13 मार्च को कुछ स्थानों पर आसमानी बिजली गिरने का येलो अलर्ट जारी किया गया है।

### संजय सिंह और मनीष सिसोदिया की न्यायिक हिरासत 19 तक बढ़ी





**नई दिल्ली ।** दिल्ली उत्पाद शुल्क नीति मामले में दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट से आम आदमी पार्टी के नेता संजय सिंह और मनीष सिसोदिया को राहत नहीं मिली है। कोर्ट ने दोनों की न्यायिक हिरासत बढ़ा दी। दिल्ली शराब नीति से जुड़े तथाकथित मनी लॉन्ड्रिंग मामले में आम आदमी पार्टी सांसद संजय सिंह और दिल्ली के पूर्व डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया की हिरासत को 19 मार्च तक के लिए बढ़ा दिया है। गौरतलब है कि इससे पहले दो मार्च को हुई सुनवाई में कोर्ट ने दोनों की न्यायिक हिरासत को पांच दिन के लिए बढ़ा दिया था।

**सुविधा** यात्री गूगल-पे, फोन-पे या अन्य यूपीआई ऐप दे कर सकेंगे किराया, तीन जिलों से शुरूआत

# एचआरटीसी की बसों में 'कैशलेस' सफर शुरू

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

हिमाचल पथ परिवहन निगम (एचआरटीसी) ने अपनी बसों में किराए के भुगतान के लिए कैशलेस सुविधा शुरू कर दी है। अब यात्री गूगल-पे, फोन-पे या अन्य यूपीआई ऐप से किराया दे सकेंगे।

उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने शिमला में परिवहन निगम के कैशलेस टिकटिंग प्रणाली का शुभारंभ करते हुए बताया कि फिलहाल यह सुविधा तीन जिलों में उपलब्ध होगी जिसमें शिमला, हमीरपुर और ऊना शामिल हैं। उपमुख्यमंत्री ने स्वयं कैशलेस प्रणाली से बस टिकट खरीदा और सचिवालय तक सफर भी किया।

### अब बनेंगे ऑनलाइन बस पास




**उपमुख्यमंत्री** ने कॉलेज छात्रों के लिए ऑनलाइन बस पास सुविधा का शुभारंभ किया। अब बस पास बनवाने के लिए लाइन में लगने की आवश्यकता नहीं होगी। छात्र ऑनलाइन बस पास के लिए अप्लाई करेंगे और उसके बाद उनका संस्थान ऑनलाइन पुष्टि करेगा जिसके बाद निगम द्वारा छात्रों को ऑनलाइन पास जारी किया जाएगा।

### अयोध्या के लिए ऊना-शिमला से शुरू होगी बस सेवा

**राम** नगरी अयोध्या के लिए बस सुविधा पर उपमुख्यमंत्री ने मुकेश अग्निहोत्री बताया कि उत्तर प्रदेश सरकार के साथ हिमाचल पथ परिवहन निगम का समझौता हुआ है, जिसके तहत तीन बस का परमिट प्राप्त हुआ है। बीते बुधवार को हमीरपुर से बस शुरू की गई है और एक बस ऊना से तथा एक शिमला से भी अयोध्या के लिए चलेगी।

### अग्निहोत्री ने जुब्बड़हट्टी हवाई अड्डा के लिए शटल बस सेवा का शुभारंभ किया



**मुकेश** अग्निहोत्री ने पुराना बस स्टैंड शिमला से जुब्बड़हट्टी हवाई अड्डा के लिए शटल बस सेवा का शुभारम्भ किया। पहली बस पुराना बस स्टैंड शिमला से प्रातः 6.30 बजे शुरू होगी और प्रातः 7.30 बजे जुब्बरहट्टी हवाई अड्डा पहुंचेगी तथा जुब्बरहट्टी हवाई अड्डा से 8.30 बजे चलेगी और 9.15 बजे पुराना बस स्टैंड शिमला पहुंचेगी।

## ताकत : भारतीय नौसेना में 'एमएच 60आर सीहॉक' हेलिकॉप्टर शामिल

**एजेंसी, नई दिल्ली**

भारतीय नौसेना ने 'एमएच 60आर सीहॉक' बहु-उद्देश्यीय हेलिकॉप्टरों को अपने बेड़े में शामिल कर लिया, जिससे रणनीतिक जल क्षेत्र में बल की निगरानी और युद्ध क्षमताओं में उल्लेखनीय वृद्धि होने की उम्मीद है। अमेरिका की लॉकहीड मार्टिन कॉर्पोरेशन द्वारा निर्मित एमएच 60आर सीहॉक, ब्लैकहॉक हेलिकॉप्टर का एक समुद्री संस्करण है।

हेलिकॉप्टर को पनडुब्बी रोधी युद्ध, सतह रोधी युद्ध, खोज, बचाव तथा चिकित्सा अभियान सहित अन्य अभियानों के लिए तैयार किया गया है। बता दें कि भारत ने फरवरी 2020 में अमेरिका से एमएच-60 आर हेलिकॉप्टर खरीदने का अनुबंध किया था।




### आधुनिक मिसाइलों से लैस है हेलिकॉप्टर

**हेलिकॉप्टर** में कई मोड वाले रडार, हेलफायर मिसाइलें, नाइट विजन इक्विपमेंट, एमके 54 टारपीडो और राकेट लगे हैं, जो दुश्मन की सबमरीन को पलक झपकते ही नष्ट करने की दक्षता रखते हैं। यह हेलिकॉप्टर सबमरीन और सतह यानी दोनों जगह जंग से निपटने, तलाश और बचाव कार्य, चिकित्सीय आपात-स्थिति में सहायता देने में सक्षम हैं।



# अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस

**बॉर्न टू शाइन : सुजानपुर की निधि डोगरा ने योगासनों में छोटी उम्र में बनाए छह वर्ल्ड रिकॉर्ड, स्वास्थ्य के प्रति लोगों को कर रही जागरूक**

# रबड़ डॉल की योग क्रियाएं देख दांतों तले अंगुली दबा लेते हैं लोग

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर**

**अंतरराष्ट्रीय** महिला दिवस पर हम आपको रू-ब-रू करवाने जा रहे हैं हिमाचल प्रदेश की रबड़ डॉल से। सुपर मैग्नेट स्कूल हमीरपुर में दसवीं कक्षा की 15 वर्षीय छात्रा निधि डोगरा जब योग करती है तो देखने वाले दांतों तले अंगुली दबा लेते हैं।

निधि को योग की क्रियाएं करते देख मन में यह सवाल उठता है कि यह बेटी है या फिर इलास्टिक की चीज। निधि अपने शरीर से ऐसी योग क्रियाएं करती हैं जैसे मानो कोई रबड़ डॉल हो। वह योगासनों की खिलाड़ी है। बच्चों और समाज को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक और प्रेरित करने के लिए वह विभिन्न प्रकार के राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय उत्सवों में अवसर मिलने पर योगासनों की प्रस्तुति देती हैं। (अनंत ज्ञान)



## महान हस्तियों ने किया सम्मानित

**निधि** को विभिन्न मंचों पर हिमाचल की महान हस्तियों ने सम्मानित किया है। पूर्व राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने भारत योग अवॉर्ड 2019 से, कनाडा के एमपी सुख डालीवाल ने हिम अवॉर्ड 2019 से सम्मानित किया। वह स्टार ऑफ ईयर 2019, हिम प्राउड अवॉर्ड 2021 से सम्मानित हैं। लिटिल योगा स्टार के साथ ही पूर्व राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ, पूर्व सीएम जयराम ठाकुर, पूर्व मुख्यमंत्री प्रेम कुमार धूमल, सुजानपुर के विधायक राजेंद्र राणा, केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर, सांसद इंदु गोस्वामी, पूर्व शिक्षा मंत्री गोविंद सिंह ठाकुर, महिला एवं बाल विकास विभाग सुजानपुर, जिला प्रशासन हमीरपुर और हमीरपुर की पूर्व डीसी सुश्री देवश्वेता बनिक ने प्रशस्ति पत्र स्मृति चिन्ह देकर उन्हें सम्मानित किया। 25 जनवरी 2023 को पूर्ण राज्यत्व दिवस पर मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू निधि डोगरा को उनकी योगासनों की परफॉर्मेंस पर प्रमाण पत्र और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित कर चुके हैं।

## वर्ल्ड बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड, देवभूमि हिम कला मंच और करियर प्वाइंट यूनिवर्सिटी की ब्रांड एंबेसडर

**सुजानपुर** के खियूंद गांव की निधि योगा वर्ल्ड बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड की राष्ट्रीय और देवभूमि हिम कला मंच शिमला एवं करियर प्वाइंट यूनिवर्सिटी हमीरपुर के योग विभाग की ब्रांड एंबेसडर है। उन्होंने हाल ही में राष्ट्रीय स्तर पर स्कूली योग प्रतियोगिता में आर्टिस्टिक योगासन में सिल्वर मेडल प्राप्त किया। इसी वर्ष 2024 में होने वाले लोकसभा चुनाव के लिए उनका चयन स्वीप जिला आइकन के लिए हुआ है। वह राष्ट्रीय स्तर पर बॉर्न टू शाइन स्कॉलरशिप 2022 की विजेता रही। उन्होंने विभिन्न योगासनों में छह वर्ल्ड रिकॉर्ड स्थापित किए हैं। कोरोना काल में ऑनलाइन लाइव माध्यम से इंटरनेशनल योग स्पोर्ट्स फेडरेशन की ओर से आयोजित योगासन प्रतियोगिता में वह वर्ल्ड चैंपियन रही और इंटरनेशनल योग ओलंपिक कमेटी की योगासन प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल लिया। वह अभी तक आठ बार राष्ट्रीय स्तर पर हिमाचल का प्रतिनिधित्व कर चुकी हैं, जिसमें योग फेडरेशन ऑफ इंडिया की ओर से करवाई गई योगासन प्रतियोगिताओं में वह चार बार राष्ट्रीय स्तर पर ब्रॉंज मेडल प्राप्त कर चुकी हैं और हिमाचल प्रदेश में स्कूली खेलों में और एसोसिएशन खेलों में कई बार गोल्ड मेडल प्राप्त कर चुकी हैं। इसके साथ ही वह हिमाचल प्रदेश की बेस्ट ऑफ बेस्ट योगा प्लेयर ऑफ हिमाचल प्रदेश भी रह चुकी है।

### कई रियल्टी शो भी जीते

**निधि** ने कई रियल्टी शो भी जीते हैं, जिनमें किसमें कितना है दम सीजन 4 की योग कैटेगरी में विजेता रही। हिमाचल गॉट टैलेंट सीजन 2 -3 की ओवरऑल विजेता रही। देवभूमि हिम कला मंच की ओर से आयोजित हुनरबाज हिमाचल सीजन 2 की भी योग कैटेगरी में विजेता रही। इसके अलावा हिमाचल एकता मंच की योग प्रतियोगिता में भी विजेता रही।

# खेती-बाड़ी के शौक ने डॉ. अंकिता को बना दिया जिला कृषि अधिकारी

**कमलेश वर्मा, कुल्लू**



**देवभूमि** कुल्लू में महिला अधिकारी जिले की कमान संभाल रही हैं। डीसी तोरुल एस रवीश के साथ बड़े-बड़े विभागों महिला अधिकारी लोगों की सेवा कर रही हैं।

जिला कृषि अधिकारी कुल्लू के पद पर डॉ. अंकिता शर्मा काबिज है। उनके काम को देखते हुए सरकार ने उन्हें विशेष रूप से जिला कृषि अधिकारी लगाया है और वह फील्ड में जाकर किसानों को सरकार की योजनाओं के प्रति जागरूक कर उन्हें इनका लाभ भी पहुंचा रही हैं। अंकिता ने इससे पहले सिरमौर और कांगड़ा जिले में भी अपनी सेवाएं दी हैं। वर्ष 2017 में अंकिता ने कृषि विभाग में बतौर कृषि विकास अधिकारी नाहन में अपनी सेवाएं देना शुरू किया था। कृषि विवि पालमपुर से पीएडी के बाद कृषि विभाग में अपनी सेवाएं देना शुरू किया। कांगड़ा जिले के मारंडा से संबंध रखने वाली अंकिता ने बताया कि बचपन से ही उन्हें खेतीबाड़ी करने का शौक था व उन्होंने स्कूल टाइम से ही कृषि की फील्ड में पढ़ाई करने का मन बना लिया था।

**युवतियों को शिक्षा के साथ अन्य गतिविधियों में भी बढ़चढ़ कर भाग लेना चाहिए**

बता दें कि डॉक्टर अंकिता शर्मा के पति रसिक शर्मा भी जिला टाउन प्लानर कुल्लू हैं और अपनी पत्नी को आगे बढ़ने के लिए काफी प्रोत्साहित करते हैं। बड़ी बात यह है कि अंकिता घर व अपनी बच्ची को संभालने के साथ कार्यालय के कामकाज को भी बखूबी निभाती हैं। डॉ. अंकिता कहती हैं कि आज के क्षेत्र में महिलाएं व युवतियां किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं हैं। महिलाएं कृषि, बागवानी सहित सरकारी व निजी क्षेत्रों में सेवाएं देकर पुरुषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर आगे बढ़ रही हैं। उन्होंने युवतियों का आह्वान किया कि वह शिक्षा के साथ अन्य गतिविधियों में भी बढ़-चढ़कर भाग लें और देश व प्रदेश में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाकर गांव व परिजनों का नाम रोशन करें। (अनंत ज्ञान)

# मेहनत से पढ़ें और जॉब लायक बनें : डॉ. प्रबल

**रविंद्र जस्टा, शिमला**



**महिलाओं** को हर क्षेत्र में आगे रहना चाहिए। यह कहना है उद्यान विभाग शिमला की उपनिदेशक डॉ. प्रबल चौहान का। वह कहती हैं कि हमारे उद्यान विभाग में महिलाओं स्रह्य लिए एक्टिविटी करने का बहुत स्कोप है। उद्यान विभाग के लिए जमीन की जरूरत होती है, लेकिन कई एक्टिविटी ऐसी होती हैं जिससे महिलाएं घर से भी कर सकती हैं। मशरूम, सब्जी, पौधों की पनीरी के काम में 70 प्रतिशत महिलाओं का योगदान है।

डिसीजन मेकर ज्यादा पुरुष हैं, क्योंकि जमीन उनके नाम पर है। काम अधिकतर महिलाएं करती हैं। महिलाएं घर और बाहर काम करती हैं। हमारे कई प्रोजेक्ट चले हैं, जिसमें जैम जेली, अचार व अन्य चीजें बनाई जा रही हैं। महिलाएं सारा काम मेहनत और परफेक्शन से करती हैं। महिलाओं को और सशक्त बनने के लिए इन एक्टिविटी में भाग लेना चाहिए। उद्यान विभाग प्रशिक्षण भी देता है और नौणी यूनिवर्सिटी एग्रीकल्चर में पनीरी बनाने की स्किल सिखाई जाती है। भारत सरकार महिलाओं के लिए कई प्रोजेक्ट शुरू करने के लिए सब्सिडी भी दे रही है। महिलाओं के पास एजुकेशन होनी चाहिए, सभी को अपनी बेटियों को पढ़ाई के क्षेत्र में आगे बढ़ाना चाहिए, सोच बदलने की जरूरत है, जॉब करने लायक बनना चाहिए। किसी के आगे हाथ फैलाने की जरूरत नहीं। पैसा स्किल से भी कमाया जा सकता है। महिलाओं को पढ़ाई की वैल्यू का पता होना चाहिए। बेटियों को मां-बाप ज्यादा से ज्यादा पढ़ाएं। (अनंत ज्ञान)

## अपने आत्म विश्वास से आगे बढ़ सकती हैं महिलाएं : नीरज चांदला

**आशिमा वैरागी, शिमला**



**महिलाएं** अपने आत्मविश्वास से आगे बढ़ सकती हैं। यह कहना है पंचायतीराज विभाग शिमला की अतिरिक्त निदेशक नीरज चांदला का। उन्होंने कहा कि हमेशा आगे बढ़ने के लिए मन में आत्मविश्वास का होना जरूरी होता है। कोई भी बाधा बड़ी नहीं होती है। आत्मविश्वास है तो सभी बाधाएं आसानी से पार की जा सकती हैं। हमेशा पॉजिटिव रहें। जो आप सोचते हैं प्रकृति वैसा ही आप को प्रदान करती है। आगे बढ़ने के लिए आर्थिक रूप से सशक्त होना जरूरी है, जिसको लेकर पहले से प्लान तैयार कर लें। कोई भी लक्ष्य बड़ा नहीं होता। (अनंत ज्ञान)

# महिला को शिक्षित करने से पूरी पीढ़ी होती शिक्षित : नीनू शर्मा

**कपिल पंडित, धर्मशाला**



**आज** के समय में महिलाएं पुरुषों से कंधे से कंधा मिलकर चल रही हैं। शायद की होई ऐसा क्षेत्र हो, जहां महिलाओं ने अपने नाम का परचम नहीं लहराया हो तो वहीं, एक तरफ बहुत सारी ऐसी महिलाएं भी हैं, जिन्हें उनके हक और शिक्षा से वंचित रखा जाता है।

ऐसे में उन्हें अपने हक और अधिकारों के लिए लड़ने और समाज में आगे बढ़ने और जागरूक करने के लिए इस दिवस को मनाया जाता है। धर्मशाला से सशक्त महिला एवं नगर निगम महापौर नीनू शर्मा कहती हैं कि जब आप एक आदमी को शिक्षित करते हैं तब एक आदमी ही शिक्षित होता है, लेकिन जब आप एक महिला को शिक्षित करते हैं तो तब आप एक पूरी पीढ़ी को शिक्षित करते हैं। कोई भी देश सफलता के शिखर तक तब नहीं पहुंच सकता जब तक उस देश की महिलाएं पुरुषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर न चलें। वह कहती हैं कि हर व्यक्ति की अच्छाई और तरक्की के पीछे एक महिला का हाथ होता है।

नीनू शर्मा ने कहा कि वे अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर अपनी अदम्य नारी शक्ति को सलाम करती हैं। विभिन्न क्षेत्रों में महिलाएओं की शानदार उपलब्धियों पर प्रत्येक भारतीय को गर्व है। (अनंत ज्ञान)



# खेलों के क्षेत्र में दूसरों को प्रेरणा दे रही सम्पदा कश्यप

**हैंडबॉल खेल में ऊना की उभरती प्रतिभा**

**राजेश शर्मा, ऊना**



**सम्पदा** कश्यप मूल रूप से गांव सलोह तहसील हरोली जिला ऊना की निवासी है। इस बालिका ने हैंडबॉल खेल में जिले के अलावा प्रदेश का नाम ऊंचा किया है। सम्पदा कश्यप मध्यम परिवार में पैदा हुई एक होनहार बालिका है। इनके पिता अजय कुमार शारीरिक शिक्षा अध्यापक हैं। उनकी माता मोनू कुमारी आशा वर्कर हैं। छोटा भाई दसवीं में पढ़ रहा है, जबकि सम्पदा कश्यप बीबीएनबी राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला सलोह में 12वीं कक्षा (आर्ट्स) की पढ़ाई कर रही है।

सम्पदा कश्यप ने अपना खेल का सफर सरकारी प्राथमिक स्कूल स्लोह से तीसरी कक्षा में शुरू किया था। अपने खेल कौशल से वह हजारों बेटियों को खेल के क्षेत्र में भाग्य बनाने के लिए प्रेरित कर रही हैं। खास बात यह है कि शुरुआत उन्होंने वॉलीबाल खेल से की, जिसमें उन्होंने चौथी कक्षा में राज्य स्तरीय सिल्वर मेडल जीता था।

सम्पदा ने 5वीं कक्षा में भी स्कूली टूर्नामेंट में सिल्वर मेडल जीता, पांचवीं कक्षा तक वॉलीबाल खेल खेला। छठी कक्षा में हैंडबाल खेलना शुरू किया और लगातार अभ्यास जारी रखा। 9वीं कक्षा में फिर राज्य स्तरीय खेलों में दूसरा स्थान हासिल कर राष्ट्रीय स्तर की खेलों में चयन हुआ। 12वीं कक्षा में 13 जून 2022 में सम्पदा कश्यप ने हैंडबॉल खेल में खेलो इंडिया यूथ गेम्स में सिल्वर मेडल हासिल किया। राष्ट्रीय स्तरीय जूनियर हैंडबॉल टूर्नामेंट डडवाडा राजस्थान में सम्पदा ने छठा स्थान हासिल किया है। सम्पदा अपनी उपलब्धि का श्रेय कोच जगदीश राम व मैडम प्रियंका शर्मा व अपने माता-पिता को देती है। उन्होंने कहा कि देश के लिए मेडल जीतना उनका अगला लक्ष्य है। (अनंत ज्ञान)

# 'बिटिया फाउंडेशन' बेटियों और महिलाओं के लिए बनी मां

**शुभम राही, बिलासपुर**



**बिलासपुर** से शुरू हुई 'बिटिया फाउंडेशन' संस्था आज देश-दुनिया में प्रचलित है। बिटिया फाउंडेशन गरीब बेटियों की शादी से लेकर, महिला उत्पीड़न के मामले सुलझाने सहित दर्जनों महिलाओं को अब तक आत्मनिर्भर बना चुकी है।

बिटिया फाउंडेशन की अध्यक्ष सीमा सांख्यान को इस बेहतर कार्य के लिए हिमाचल प्रदेश, जम्मू-कश्मीर, हरियाणा, राजस्थान, पंजाब व दिल्ली सरकार तक सम्मानित कर चुकी है। फाउंडेशन अभी तक कुल 100 गरीब और बेसहारा बेटियों की शादी तक करवा चुकी है। यही नहीं, अगर कोई अपने घर से बेघर है तो उनके रहने से लेकर खाने तक की सारी सुविधा उक्त फाउंडेशन की ओर से नि:शुल्क दी जाती है। सीमा सांख्यान ने बताया कि महिला उत्पीड़न के मामलों को घर परिवार में सुलझाने में भी बिटिया फाउंडेशन की मुख्य भूमिका रही है। यहीं नहीं, अगर कोई बेटी या फिर महिला अपने घर को छोड़ कर चली जाती है तो उनको रेस्क्यू संस्था रेस्क्यू भी करती है। अभी तक संस्था दर्जनों बेटियों और महिलाओं को रेस्क्यू कर चुकी है। उन्होंने बताया कि वह जब से इस संस्था को चला रही हैं, तब से वह सैकड़ों परिवारों के साथ अपना रिश्ता बना चुकी हैं। अब उनको उनके नाम से नहीं बल्कि बेटियां और महिलाएं उनको मां नाम से भी पुकारती हैं।

**100 बेटियों की करवाई शादी, सीमा सांख्यान ने महिला उत्पीड़न के मामले सुलझाए**

(अनंत ज्ञान)

# अपने बल पर वार्ड पंच से राष्ट्रपति तक पहुंची भारतीय महिलाएं : अनुपमा सिंह

**अनिल शर्मा, मंडी**



**वैदिक** भारत में महिलाओं को सर्वोच्च स्थान प्राप्त रहा है। स्वयंवर भी भारतीय समाज की एक अटूट परंपरा रही, जिसमें महिला अपना प्राण वल्लभ चुनती थी। इतिहास की विकृतियों ने समाज को ऐसी दिशा दे दी, जहां महिलाएं पर्दाप्रथा में रहने लगी, तो कहीं समाज के एक वर्ग ने महिलाओं के अधिकारों पर लंबे समय तक डाका डाल कर रखा।

यह बात महिला दिवस के उपलक्ष्य पर सरदार पटेल विश्वविद्यालय मंडी की प्रति कुलपति अनुपमा सिंह से अनंत ज्ञान से विशेष बातचीत में कही। उन्होंने कहा कि पहले के मुकाबले आज की स्थिति में बहुत सुधार है। आज महिलाएं राजनीति से लेकर आर्थिक क्षेत्र तक अपनी एक अलग पहचान बना चुकी हैं। महिलाओं ने भारतीय समाज में एक वार्ड पंच से लेकर राष्ट्रपति तक का सफर अपनी क्षमता के बल पर किया है। भारत की आधी आबादी महिलाओं की है और विश्व बैंक की एक रिपोर्ट के अनुसार, अगर महिला श्रम में योगदान दें, तो भारत की विकास दर दहाई की संख्या में होगी। हाल ही में प्रधानमंत्री की 'आर्थिक सलाहकार परिषद' की पहली बैठक में 10 ऐसे प्रमुख क्षेत्रों की चिह्नित किया गया, जहां ज्यादा ध्यान देने की जरूरत है। दुर्भाग्य की बात यह है कि महिलाओं का श्रम जनसंख्या में योगदान तेजी से कम हुआ है। यह चिंता का विषय बना हुआ है, लेकिन फिर महिला रोजगार को अलग श्रेणी में नहीं रखा गया। (अनंत ज्ञान)

**सरदार पटेल विश्वविद्यालय की प्रति कुलपति से अनंत ज्ञान की खास बातचीत**

**महिला साथियों के साथ बनाई 50 प्लस आयु वर्ग की टीम ने राष्ट्रीय स्तर पर जीता गोल्ड**

# नगर निगम सोलन की मेयर उषा शर्मा का सपना आदर्श शहर बने अपना

**आर मोहन चौहान, सोलन**

**नगर** निगम सोलन की प्रथम नागरिक उषा शर्मा बतौर मेयर शहर को आदर्श नगर बनाने सपना लेकर आगे बढ़ रही हैं। मेयर की कुर्सी तक पहुंचने के लिए उनका संघर्ष लंबा रहा है। करीब दो दशक के राजनीतिक जीवन में उन्होंने संगठन के लिए एक कर्मठ कार्यकर्ता के तौर पर पार्टी को सींचने का कार्य किया।

उषा ने अनंत ज्ञान से विशेष बातचीत की। कई मायनों में आज वे नारी शक्ति के लिए प्रेरणा स्रोत बनकर उभरी हैं। मेयर की कुर्सी तक पहुंचना आसान नहीं था, लेकिन खुद की लड़ाई मजबूती से लड़ी और पार्षदों का विश्वास जीतकर पद पर आसीन हुई। (अनंत ज्ञान)



**सरकारी स्कूलों में पढ़ रहे बच्चों के लिए स्मार्ट क्लास रूम बनाने की पहल**

## खेलों में महिला जागृति की पहल

**खेलों** में गहरी रुचि रखने वाली उषा शर्मा ने शादी के बाद घरों में दुबक कर रह रही महिलाओं की फिटनेस और खेलों में रुचि बढ़ाने की पहल की। उषा ने बताया कि कुछ वर्ष पहले उन्होंने कॉलेज की पुरानी महिला साथियों के साथ 50 प्लस आयु वर्ग की हॉकी टीम बनाकर प्रैक्टिस शुरू की। परिणाम यह हुआ कि उन्होंने हिमाचल का प्रतिनिधित्व कर राष्ट्रीय स्तर पर प्रदेश के लिए गोल्ड मेडल जीतने की उपलब्धि हासिल की। खेल और सामाजिक गतिविधियों से जुड़ी नारी शक्ति के लिए यह प्रेरणात्मक पहल थी। उषा शर्मा राष्ट्रीय स्तर की हॉकी प्लेयर होने के साथ-साथ वॉलीबाल और एथलेटिक्स की खिलाड़ी भी रही हैं।

## स्वच्छ सुंदर और आत्मनिर्भर बने सोलन

**राजनीतिक** जीवन के तौर पर उनका उद्देश्य शहर को एक आदर्श और आत्मनिर्भर शहर बनाना है, जिसके लिए वह प्रयासरत है। उनका कहना है कि यदि सरकार और लोग सहयोग करें तो हम अपने सोलन को स्वच्छ, सुंदर और आत्मनिर्भर बना सकते हैं। लोगों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध करने के लिए वे लगातार प्रयासरत हैं।

## सरकारी स्कूलों में स्मार्ट क्लास रूम बनाने की पहल

**उषा** का मानना है कि शहर के बच्चों को खेलकूद के लिए सुरक्षित और सुविधाजनक स्थान मिलना चाहिए। इसके लिए शहर के पार्कों का जीर्णोद्धार कर नए झूले लगाए गए हैं। इसी तरह वार्ड क्षेत्र के सरकारी स्कूलों में बच्चों को हाईटेक सुविधा देने के लिए पांच स्मार्ट क्लास रूम बनाने का निर्णय लिया है। शहर के लोगों को आवारा कुत्तों से निजात मिले, उसके लिए डॉग स्टरलाइजेशन केंद्र बनाया जा रहा है। उनका प्रयास है कि शहर के लोगों को भविष्य में पानी की समस्या न रहे इसके लिए प्रत्येक वार्ड में स्टोरेज टैंक बने। शहर में सबसे बड़ी चुनौती पार्किंग की है, जिसके निराकरण के लिए सरकार से लगातार आर्थिक मदद मांगी जा रही है।

# उमा ने खुद शिक्षित होकर महिलाओं और युवतियों का शोषण रुकवाया

**एमएम डैनियल, चंबा**



**हर** चुनौती और बाधा का सामना करते हुए चंबा जिले की चमीणू गांव की उमा कुमारी ने खुद शिक्षित होकर समाज में शोषण का शिकार हो रही महिलाओं और युवतियों की हितों की रक्षा की। इसके लिए उन्हें राज्य स्तरीय पुरस्कार से भी अलंकृत किया जा चुका है।

समाजसेवी उमा ने 2008 में इग्नू से बीए की और वर्तमान में वह एमएसडब्ल्यू की डिग्री कर रही हैं। समाज की दबी कुचली उत्पीड़न की शिकार महिलाओं और किशोरियों के लिए संदेश देते हुए उमा कुमारी कहती हैं कि कोई भी अपराध, हिंसा की वारदात नाजायज बोलने और सहने से उत्पन्न होती है। (अनंत ज्ञान)

## पिता व पति के प्रोत्साहन ने बढ़ाया हर कदम पर हौसला

उमा ने समाजसेवा में महिला व किशोरियों के लिए जीवन समर्पित कर दिया। वर्ष 1998 में उन्हें राज्य स्तरीय एजुकेशन सोसायटी के साथ बतौर क्लर्क कार्य करने का अवसर प्राप्त हुआ। उन्होंने अपने उच्च अधिकारियों के समक्ष महिला-किशोरियों के उत्पीड़न की रोकथाम के लिए भरसक प्रयास किए। इसी दौरान उनकी शादी भद्रम पंचायत में हो गई। सुसराल पक्ष वाले भी उनके समाजसेवा के कार्यों से प्रभावित हुए। पिता के साथ उनके पति राजेश कुमार सहित सास व सुसर तक ने उन्हें इस दिशा में प्रोत्साहित करते हुए अपने अभियान व संस्था खोज के कार्य को जारी रखने की प्रेरणा दी। इसी चलते महिला व किशोरियों के लिए छेड़े अपने अभियान में इंटरनेट माध्यम से किसी संस्था की खोज करती रही। आखिर उनकी मेहनत रंग लाई और वर्ष 2014 में विश्व स्तरीय संस्था जागोरी ग्रामीण मंच चैरिटेबल संस्था से जुड़ी। उमा कुमारी को जागोरी संस्था जिला चंबा का प्रभारी बना दिया। कानूनन स्वीकृति प्राप्त कर हिम्मत अदालत नाम से ज्यूरी कमेटी के अधीन एक ओपन अदालत का संचालन शुरू करवाया। अब तक संस्था 500 से अधिक उत्पीड़न मामलों में से 380 मामलों को सुलझा चुकी है। सरकार की ओर से वर्ष 2016 में इन उत्कृष्ट सेवाओं के लिए उन्हें राज्यस्तरीय सम्मान से नवाजा गया।

# हिमाचली महिलाओं की स्थिति बेहतर : डॉ. वनिता

**भगत सिंह गुलेरिया, मंडी**



सरकाघाट कॉलेज व हिमाचल विश्वविद्यालय से शिक्षा प्राप्त करने के पश्चात बनारस विश्वविद्यालय से पीएचडी की उपाधि प्राप्त कर डॉक्टर वनिता सकलानी वर्तमान में हिमाचल गवर्नमेंट कॉलेज टीचर एसोसिएशन की राज्य अध्यक्ष हैं और वल्लभ राजकीय महाविद्यालय मंडी में असिस्टेंट प्रोफेसर के पद पर कार्यरत हैं।

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के मौके पर बेबाकी से बात रखते हुए उन्होंने कहा कि हिंदुस्तान की अपेक्षा हिमाचल में महिलाओं की स्थिति सही है। उनका कहा कि हिमाचल, उत्तराखंड या अन्य पहाड़ी राज्य कृषि प्रधान क्षेत्र हैं इसलिए महिलाएं पुरुषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर मेहनत कर उनसे बराबरी करती हैं।

उन्होंने स्वयं का उदाहरण देते हुए कहा कि यह संगठन 1965 में बना है, लेकिन आज तक प्रधान तो क्या किसी महत्वपूर्ण पद पर भी कोई महिला नहीं रही है। इसके अलावा उनका यह अभी मानना है कि बहुत सी महिलाएं शिक्षित हैं काबिल हैं पर निर्णय कार्य भूमिका में उनके प्रति प्रतिनिधित्व बहुत ज्यादा नहीं है। हालांकि, कॉलेज शिक्षकों में प्रशासनिक अधिकारी जज व वकील बनकर भारतीय महिलाओं को एक गरिमापूर्ण जीवन चल रहा है, लेकिन पूरे हिंदुस्तान के साथ-साथ हिमाचल की महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए भी अभी बहुत प्रयास करने होंगे।

डॉक्टर सकलानी महिलाओं का आह्वान करते हुए कहती है कि महिलाओं को आगे जाकर बड़ी जिम्मेदारी लेनी होगी। एक बार घर से बाहर निकलना होगा। जब डगर पर निकल पड़ेंगी तो समाज भी उसे मान्यता अवश्य देगा और समाज में सिर ऊंचा कर जीने की प्रेरणा मिलेगी। (अनंत ज्ञान)

# सराज बेगम ने हस्तकला चंबा रूमाल की कला को विदेश तक पहुंचाया

**आरके रांगड़ा, चंबा**



चंबा रूमाल की अपनी कला के दम पर दो पड़ोसी मुल्कों भारत और पाकिस्तान में उपज रही आपसी नफरत को मिटाने का बीड़ा शहर की मशहूर हस्तशिल्पी सराज बेगम ने उठाया है। वह हिमाचल की पारंपरिक हस्तकला चंबा रूमाल कला में पारंगत हैं। इस कला को उन्होंने हिमाचल से आगे बढ़ा कर देश और विदेश तक पहुंचाया। यही नहीं महिलाओं और युवतियों को उन्होंने स्वरोजगार के रूप में अपनाने के लिए प्रेरित भी किया। सराज बेगम ने बताया कि कला के प्रति रुझान तब बना जब उस समय घर में किए जाने वाले कश्मीरी कशीदाकारी का कार्य किया जाता था, जिसमें एक तरफ ही कला से जुड़ा उभारपन दिखता था, लेकिन दूसरी ओर नहीं। 1960 में सरकार ने पहला उद्योग प्रशिक्षण केंद्र स्थापित किया, जहां वर्ष 1962 में चंबा-कढ़ाई में माहिर शिक्षक एवं कलाकार महेश्वरी देवी को नियुक्त किया गया। वर्ष 1965 में शिक्षक महेश्वरी देवी को चंबा रूमाल बनाने के लिए राष्ट्रीय अवॉर्ड मिलने से वह और इस कला के प्रति और भी प्रेरित हो गई। उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र में उन्होंने अपनी अलग पहचान बनाई है।

# महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाती है सुषमा

**राजेश शर्मा, ऊना**



बंगाणा की धुंदला पंचायत की युवा प्रधान सुषमा कुमारी समाजसेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट भूमिका निभा रही हैं। वे महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए उनका सहयोग करती हैं। उनके इस जज्बे को देख लोगों ने उन्हें क्षेत्र की एक प्रमुख ग्राम पंचायत के मुखिया के पद पर आसीन किया है।

सुषमा जब छोटी कक्षा में पढ़ाई करती थी तो कभी अपनी माता और गांव की महिलाओं की समस्याओं को देखती थी। महसूस होता था कि महिलाएं कठिन जीवन में जितनी भी मेहनत कर लें उनको सामाजिक सुरक्षा का अभाव रहता ही है। ऐसे में उनको आत्मनिर्भर कैसे बनाया जाए या इस वर्ग के लिए कुछ नया किया जाए। पढ़ाई पूरी होने के बाद गांव में स्वयं सहायता समूहों से ऐसी महिलाओं को जुड़ने के लिए प्रेरित करने लगीं।

उन्होंने कहा कि महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने को अभियान तो चलाए गए हैं, लेकिन अभी तक भी बहुत बड़ा हिस्सा ऐसा है जो इसके लाभ से वंचित है। कई महिलाओं को उनके अधिकारों की जानकारी तक नहीं है। उत्पीड़न हो रहा है और जानकारी के अभाव में वे असुरक्षित हैं। अच्छे समाज का निर्माण तभी संभव है जब महिलाएं उच्च शिक्षित होंगी। ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए पंचायत स्तर पर ग्रुप बनाने होंगे और उन ग्रुपों में महिलाओं को जोड़ कर आगे बढ़ना होगा।

## हैप्पी बर्थडे



अक्षित बजीर माता-संगीता कुमारी व पिता-रमेश कुमार (शाहीनगर जवालापुर)

## सालगिरह मुबारक



बंगाणा के शुभम व हटली की अंकिता को शादी की शुभकामनाएं।

# प्रदेश के 124 अस्पतालों में नहीं डॉक्टर

**रविंद्र जस्टा, शिमला**

- लोग मेडिकल कॉलेजों में जाने को मजबूर
- गंभीर बीमारी के मरीज बाहरी राज्यों में हो रहे रेफर

प्रदेश के अस्पतालों में स्वास्थ्य सेवाओं को जानकर आप हैरान हो जाएंगे। सच्चाई यह है कि 124 पीएचसी व सीएचसी में डॉक्टर यानी मेडिकल ऑफिसर नहीं है। ऐसे में स्वास्थ्य सुविधा पूरी तरह से चरमरा गई है। वैसे सरकार दावे करती है कि प्रदेश के मरीजों को बेहतरीन स्वास्थ्य सुविधा मिल रही है, लेकिन यहां पर दावों की पोल खुलती नजर आ रही है। खासकर प्रदेश के ग्रामिण क्षेत्र में मरीजों को उपचार नहीं हो पा रहा है। हालत ऐसी बनी हुई है कि सरकार ने ग्रामीण क्षेत्रों के मरीजों के लिए पीएचसी व सीएचसी तो खोल दी है, लेकिन इसमें डॉक्टरों की भर्ती नहीं हो पा रही हैं। आए दिन मरीजों को मेडिकल कॉलेजों में उपचार के लिए जाना पड़ता है।

यहां तक गंभीर बीमारी के मरीजों को तो बाहरी राज्य में रेफर किया जाता है। प्रदेश में सरकार ने 6 मेडिकल कॉलेज खोले हैं, लेकिन इसमें भी डॉक्टरों की कमी है। मरीजों को मेडिकल कॉलेजों से भी पीजीआई के लिए रेफर किए जाते है।

इन दिनों तो स्थिति ऐसी बन चुकी है कि सरकार के नेता नेतागिरी करने में पर मस्त है, लेकिन अस्पताल में मरीज पूरी तरह से त्रस्त है। प्रदेश में डॉक्टरों की भर्ती होगी, लेकिन कब होगी उसका अभी कोई पता नहीं है।

### नेफ्रोलॉजी के डॉक्टरों न होने से लटके किडनी ट्रांसप्लांट

**हिमाचल** के सबसे बड़े अस्पताल आईजीएमसी में तो डॉक्टरों की कमी के चलते किडनी ट्रांसप्लांट ही लटक गए है। यहां पर नेफ्रोलॉजी का एक भी डॉक्टर नहीं है। ऐसे में किडनी ट्रांसप्लांट नहीं हो पा रहे है। हैरानी की बात है कि सरकार ने यहां पर किडनी ट्रांसप्लांट की सुविधा तो दे दी है, लेकिन डॉक्टर नहीं है। प्रदेश में हर जगह पर मेडिकल कॉलेज व अस्पतालों की हालत ऐसे ही चल रही है, जिस कारण मरिजों को परेशानी हो रही है।

> **हमारी** सरकार स्वास्थ्य क्षेत्र को बढ़ावा दे रही है। प्रदेश में चल रही डॉक्टरों की कमी शीघ्र ही दूर होगी। आगामी दिनों में सरकार डॉक्टरों की भर्ती करेगी, जिससे की प्रदेश के अस्पतालों में चल रही डॉक्टरों की कमियां दूर होगी। डॉक्टरों के भर्ती होने से लोगों को बेहतरीन स्वास्थ्य सुविधा मिलेगी।
>
> **-डॉ. कर्नल धनीराम शांडिल, स्वास्थ्य मंत्री हि.प्र.।**

### इन पीएचसी व सीएचसी में मेडिकल ऑफिसर नहीं

- पीएचसी व सीएचसी में पीएचसी सुसनाल ब्लॉक घुमारवीं, कुह मझवार ब्लॉक घुमारवीं, करयालगं, लेहरी सरैल, बुहार ब्लॉक झंडूता।
- पीएचसी मरोत्तन ब्लॉक झंडूता, मंडी मनवा ब्लॉक मारकंडा, भाखड़ा ब्लॉक श्री नैना देवीजी, बहल ब्लॉक श्री नैना देवीजी।
- चंबा पीएचसी बोंडेरी, ब्लॉक तीसा, साच ब्लॉक किलाड़, पुर्थी ब्लॉक किलाड़, पीएचसी मंढा ब्लॉक भरमौर।
- पीएचसी ब्रंगाल ब्लॉक किहार, पीएचसी डंडी, पीएचसी सालवां ब्लॉक किहार, जडेरा ब्लॉक पुखरी।
- पीएचसी पटलांदर ब्लॉक सुजानपुर, पीएचसी चौरी, नैनवां ब्लॉक बड़सर, पीएचसी चकमोह।
- सीएचसी नगरोटा सूरिया, पीएचसी लपियाना ब्लॉक शाहपुर।
- पीएचसी कैंडी ब्लॉक नगरोटा बगवां, जालग ब्लॉक थुरल।
- पीएचसी जगरूपनगर थुरल, भेरी, नूरपुर ब्लॉक नूरपुर, बासा वजीरन ब्लॉक नूरपुर।
- पीएचसी तेओरा ब्लॉक इंदौरा, धमेटा ब्लॉक फतेहपुर, मोटरहा जस्साई ब्लॉक तियरा, पीएचसी ढलियारा ब्लॉक डाडासिब्बा।
- पीएचसी सलेहर ज्वालामुखी, किन्नौर पीएचसी छितकुल, कानम, स्पिलो, मूरंग, रारंग, कुल्लू की थाटीबीर ब्लॉक बंजार।
- पीएचसी शोवाद ब्लॉक आनी, लगौटी, बागीपुल ब्लॉक निरमंड, उर्टू ब्लॉक निरमंड।



- ग्रामीण क्षेत्रों के मेडिकल कॉलेजों में पूरा स्टाफ नहीं, कुछ विभागों के डॉक्टर भी नहीं

- पीएचसी घाटू निरमंड, जाओं ब्लॉक निरमंड, लाहौल स्पीति की पीएचसी गमूर।
- मंडी की सीएचसी जामनी, सीएचसी मढ़ी, सीएचसी चौनगढ़, सीएचसी चौंतड़ा, सीएचसी पंडोह।
- पीएचसी झुंगी, पीएचसी परवाड़ा, पीएचसी शिलनू, पीएचसी सरोआ।
- पीएचसी समैला, थोन, सलोत, थट्टा, सैंज बगड़ा, महोग, काओ, ग्वालपुर, कोट्सनोर, कमांड, बाथरी।
- पीएचसी सिध्यानी, कोट, सुधार, बग्गी, मझवार, हरबोई, बलग, सियोह।
- पीएचसी गोलवां, लांगना, शिमला की पीएचसी हिमरी ब्लॉक कोटखाई, थोला ब्लॉक कोटखाई
- पीएचसी गरोग ब्लॉक कोटखाई पुराग ब्लॉक कोटखाई, कुफरी ब्लॉक मशोबरा।
- पीएचसी कसुम्पटी ब्लॉक मशोबरा, गुम्मा ब्लॉक मशोबरा, तरारी पिरान ब्लॉक मशोबरा।
- पीएचसी जवाहरनगर ब्लॉक सुन्नी, पीएचसी पंडोआ ब्लॉक सुन्नी, पीएचसी माधोरघाट ब्लॉक सुन्नी।
- पीएचसी खैरा ब्लॉक सुन्नी, चाबा ब्लॉक सुन्नी, ज्योरी ब्लॉक रामपुर।
- पीएचसी गोपालपुर रामपुर, समेज ब्लॉक रामपुर, बहाली ब्लॉक रामपुर।
- पीएचसी लालसा ब्लॉक रामपुर, शीलघाट ब्लॉक टिक्कर, सैंज ब्लॉक मतियाना, पीएचसी छैला ब्लॉक मतियाना।
- पीएचसी कियारा ब्लॉक मतियाना, पीएचसी बासाधार मतियाना, सीएचसी बड़ागांव ब्लॉक कुमारसैन, पीएचसी थरोच ब्लॉक नेरवा।
- पीएचसी रेवलपुर ब्लॉक नेरवा, पीएचसी लानी ब्लॉक नेरवा।
- पीएचसी देवत ब्लॉक नेरवा, टिक्करी ब्लॉक नेरवा, डोडरा ब्लॉक कुवार।
- सिरमौर पीएचसी भरारी ब्लॉक संगड़ाह, पीएचसी बनेठी ब्लॉक धगेरा, पीएचसी अमरगढ़ ब्लॉक राजपुर।
- पीएचसी कांटी मशवा ब्लॉक राजपुर, चांदनी ब्लॉक राजपुर, कोटी पथोग ब्लॉक राजगढ़।
- पीएचसी मानगढ़ ब्लॉक पच्छाद, धंगयार ब्लॉक पच्छाद, जयहर ब्लॉक पच्छाद, सोलन कुरगल ब्लॉक सायरी।
- पीएचसी नवगांव ब्लॉक आर्क, चंडी ब्लॉक आर्क, सुल्तानपुर ब्लॉक धर्मपुर, ऊना पीएचसी कुठार बीट व चमियारी खाली चल रही है, जिस कारण लोगों को परेशानी आ रही है।

## हर्ष महाजन की जेपी नड्डा से मुलाकात



**शिमला।** भारतीय जनता पार्टी के राज्यसभा सांसद हर्ष महाजन ने राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा से दिल्ली में मुलाकात की, उन्होंने जगत प्रकाश नड्डा से हिमाचल की राजनीतिक परिस्थितियों के बारे में विस्तृत चर्चा की। इस मौके पर भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने हर्ष महाजन को राज्यसभा चुनाव की जीत हेतु शुभकामनाएं दीं।

## लाहौल-स्पीति से बर्फबारी में फंसे 160 पर्यटक निकाले सुरक्षित



पर्यटकों को रेस्क्यू करते हुए पुलिस के जवान व अन्य कर्मी।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

जिला लाहौल-स्पीति में बर्फबारी के कारण सभी सड़कें अवरुद्ध हो गई थी, जिनको साफ करने का कार्य प्रगति पर है। बर्फबारी के कारण फंसे पर्यटकों को भी बाहर सुरक्षित पहुंचाया गया है। पुलिस थाना काजा की टीम द्वारा स्पीति घाटी के विभिन्न इलाकों पर जाकर फंसे हुए पर्यटकों के बारे में पता लगाया गया व सेटेलाइट फोन द्वारा उनके परिवार जनों से संपर्क करवाकर खबर पहुंचाई गई है। अभी तक 160 पर्यटकों को बाहर निकाला गया है।

पुलिस अधीक्षक मयंक चौधरी ने बताया कि सड़क खोलने के उपरांत भी कुछ पर्यटक अभी भी स्पीति घाटी में अपनी इच्छा से रुके हुए हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### इंदौरा में हेरोइन सहित महिला गिरफ्तार

**धर्मशाला।** पुलिस थाना इंदौरा के मीलवा में एक महिला को चिट्टे के साथ गिरफ्तार किया है। नूरपुर पुलिस द्वारा नशा तस्करों के खिलाफ इस कार्यवाही के तहत आरोपित वीरो देवी निवासी टमोटा तहसील इंदौरा जिला कांगड़ा के कब्जे से 10.09 ग्राम हेरोइन बरामद की है। एसपी नूरपुर अशोक ने बताया कि उपरोक्त आरोपित को गिरफतार करके उसके खिलाफ मामला दर्ज किया है तथा नियमानुसार आगामी कार्यवाही अमल में लाई जा रही है।

### कार से 264 बोतल शराब की बरामद

**पांवटा साहिब।** माजरा पुलिस टीम ने एक कार से 264 बोतल शराब की बरामद की है। जानकारी अनुसार कोलर के पंचायत घर में खड़ी थी।

गाड़ी की सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची, तो उसमें कार चालक सुंदर सिंह पुत्र सबला राम बैठा था। जब गाड़ी की तलाशी ली तो उसमें देसी शराब संतरा नंबर वन की 264 बोतलें पाई गई। पुलिस को प्रत्येक पेटी में 12 बोतलें मिली। पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है।

### चोरी के आरोपी ठेकेदार की जमानत याचिका खारिज

**शिमला।** प्रदेश हाई कोर्ट ने चोरी के आरोपी ठेकेदार की अग्रिम जमानत याचिका खारिज कर दी है।

ठेकेदार पर जल शक्ति विभाग की सड़क किनारे पड़ी पाइपों की चोरी का आरोप है। पुलिस स्टेशन बैजनाथ में 28 दिसम्बर, 2023 को दर्ज प्राथमिकी में ठेकेदार को आरोपी बनाया गया है।

जल शक्ति विभाग पपरोला में तैनात जूनियर इंजीनियर द्वारा दायर की गई शिकायत में बताया कि पौने 12 लाख रुपए कीमत की 450 डाया मीटर की 20 पाइपें चोरी हुई हैं। एक पाइप को पुलिस ने बरामद भी कर लिया। प्रार्थी ने जल शक्ति विभाग के कर्मचारियों पर खुद ही पाइपों को गुम करने का आरोप लगाते हुए कहा कि वह बेकसूर है।

## हाइकमान से मिलने सुक्खू दिल्ली रवाना

**शिमला।** राजनीतिक संकट थमने के बाद मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू हाइकमान से मिलने दिल्ली रवाना हो गए है। इससे पहले मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ओर लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह भी प्रियंका गांधी और राष्ट्रीय अध्यक्ष मलिक अर्जुन खड़गे से राजनीतिक चर्चा कर चुके है। सुत्रों के अनुसार मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने सोनिया गांधी, राहुल गांधी व प्रियंका गांधी सहित राष्ट्रीय अध्यक्ष से मिलने का समय मांगा है।

## राष्ट्रीय देवभूमि पार्टी लोकसभा चुनावों में उतारेगी उम्मीदवार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

लोकसभा चुनाव में चारों सीटों पर राष्ट्रीय देव भूमि पार्टी हिमाचल प्रदेश उम्मीदवार उतारेगी। आशुतोष शर्मा ने कहा कि कांग्रेस सरकार व विपक्षी दल भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि ये दोनों पार्टियां जनता के हित के बजाय अपना हित साधने में लगी हैं। राष्ट्रीय देवभूमि पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता आशुतोष शर्मा ने कहा कि पार्टी स्वर्ण समाज की मांगों को लेकर जनता के बीच जाएगी। उन्होंने कहा कि बीजेपी और कांग्रेस दोनों पार्टियां एक ही एजेंडे के साथ काम करती हैं।

मंत्रियों और विधायकों को अपने पदों की चिंता हैं जबकि प्रदेश में बेरोजगार युवा सड़कों पर हैं। विधायकों की खरीद फरोख्त की जा रही हैं। उन्होंने कहा कि दोनो पार्टियों को सता में रहने का कोई अधिकार नहीं हैं।

## जयराम बोले-भारत में विश्वास का नाम है मोदी



सम्मेलन के दौरान जयराम ठाकुर व अन्य।

**शिमला।** नेता प्रतिपक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर कुसुम्पटी विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले फागू में त्रिदेव और पंच परमेश्वर सम्मेलन में शामिल हुए। उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी को कश्मीर से कन्याकुमारी, कटक से अटक तक देश के लोगों का अपार जनसमर्थन मिल रहा है। जयराम ठाकुर ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी की लोकप्रियता सिर्फ इसलिए है कि उन्होंने राजनीति में झूठे वादों की जगह जवाबदेही निर्धारित की है।

जयराम ठाकुर ने कहा कि अगर देश की विकास की गति को बढ़ाना है, तो प्रधानमंत्री मोदी को तीसरी बार भी सेवा का मौका मिलना चाहिए।

## हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्व विद्यालय को मिली स्वायत्तता

**धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय ने देश भर के शीर्ष आठ केंद्रीय विश्वविद्यालयों में एक महत्वपूर्ण स्थान प्राप्त किया है, जिन्हें विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) द्वारा ग्रेडेड ऑटोनोमी प्रदान किया गया है। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) (श्रेणीबद्ध स्वायत्तता के अनुदान के लिए विश्वविद्यालयों का वर्गीकरण) विनियम, 2018 के अंतर्गत श्रेणीबद्ध स्वायत्तता प्रदान करने वाले केंद्रीय विश्वविद्यालयों की सूची का अनावरण करते हुए एक सार्वजनिक सूचना जारी की है।

श्रेणीबद्ध स्वायत्तता के समझौते का उद्देश्य विश्वविद्यालयों को उनकी समग्र गुणवत्ता और प्रदर्शन को बढ़ाने के लिए अधिक प्रशासनिक और शैक्षणिक स्वतंत्रता के साथ सशक्त बनाना है जो भारत में एक अधिक लचीले और अनुकूल उच्च शिक्षा पारिस्थितिकी तंत्र के लिए मार्ग प्रशस्त करेगा, जिससे विश्वविद्यालयों को विश्वभर में अकादमिक सफलता और प्रतिस्पर्धा के लिए अपना रास्ता बनाने की अनुमति मिलेगी।

**सियासी हमला** भाजपा नेताओं ने कांग्रेस पर जड़ा महिलाओं को गुमराह करने का आरोप

# 22 लाख महिलाओं को धोखा दे रही कांग्रेस: भाजपा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

सुक्खू सरकार पर भाजपा ने एक बार फिर से सियासी हमला बोलते हुए कई आरोप जड़े हैं। भाजपा महामंत्री त्रिलोक कपूर ने कहा कि वर्तमान सरकार एक बार फिर से राज्य की 22 लाख महिलाओं के साथ धोखा करने जा रही है।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी के नेताओं ने 2022 के विधानसभा चुनाव में बोला था की पहली कैबिनेट में प्रदेश की सभी बहनों को 1500 रुपए मिलने शुरू हो जाएंगे पर 15 महीने हो गए हैं, लेकिन सरकार केवल महिलाओं को धोखा दे रही हैं



जनक राज व त्रिलोक कपूर।

और मुख्यमंत्री झूठी घोषणाएं कर महिलाओं को फिर से गुमराह करने का प्रयास कर रहे हैं। त्रिलोक कूपर ने कहा कि प्रदेश की 22 लाख बहनों को 1500 रुपए के हिसाब से प्रत्येक महीने 330 करोड़ देने होंगे, पर इन्होंने तो पूरे साल का बजट 887 करोड़ ही स्वीकृत किया है।

### पदोन्नति पर गंभीर नहीं है सरकार

**भाजपा** के नेता एवं विधायक जनक राज ने कहा प्रदेश में डॉक्टरों के एनपीए और पदोन्नति संबंधित मामलों पर सरकार गंभीर नहीं है। जनक राज ने कहा कि डॉक्टरों की मांगों पर सरकार को जल्द फैसला लेना चाहिए। डॉक्टर मांगों को लेकर 15 दिनों से हड़ताल पर हैं लेकिन सरकार इस मामले पर गंभीर नहीं है।

मुख्यमंत्री की ओर से आश्वासन मिलने के बाद भी मांगें पूरी नहीं हुई हैं। सरकार ने एनपीए बंद किया है, डॉक्टरों की पदोन्नति भी रोकी है।

### सीएम से बैठक होने पर भी मांगें नहीं हुई पूरी

जनकराज ने कहा कि सीएम के साथ डॉक्टरों की बैठक होने के बावजूद भी मांगों पर गौर नहीं किया गया है। उन्होंने कहा कि डॉक्टरों की हड़ताल के चलते हिमाचल के अस्पतालों में स्वास्थ्य सेवाएं प्रभावित हो रही है। सुबह के समय डॉक्टरों के ओपीडी में न बैठने से मरीजों को इलाज के लिए लंबा इंतजार करना पड़ रहा है। उन्होंने आरोप लगया कि सरकार को अपनी चिंता है ना कि जनता की।





मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू





सीपीएस एवं विधायक किशोरी लाल

# व्यापार मंडल बैजनाथ एवं गणेश उत्सव पंडोल रोड बैजनाथ की तरफ से सभी को महाशिवरात्रि की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं



मनोज कपूर प्रधान



मिलाप चंद राणा, दीपक गुलयानी, सुनील शर्मा, शैलेंद्र टंडन, मुनीष शर्मा, विक्की अरोड़ा, राम प्रकाश, कुश अहल, अनूप राणा, पिंटू अरोड़ा

मुल्ख राज मैहता, अनिल शर्मा, अमन कौशल, प्रशांत सूद, विनोद नंदा, महन्त शर्मा, अशोक कुमार, अमित पुरोहित, जसवंत सिंह, सूरज प्रकाश



जसविंद्र सिंह, राजेश कबीर, संजय मैहरा, रंजन गोयल, डॉ. अजय शर्मा, मुनीष ठाकुर, शादी लाल सूद, राकेश सूद, आशिम सूद, विश्व दीपक बंधु, विकास राणा, सुशेव पुरोहित

कुलदीप डोगरा, नीरज मैहरा, विनोद डोगरा, विपन कौशल, अंकुश मैहरा, मनोहर सिंह, संदीप अग्रवाल, मोहित कौशल, अनूप शर्मा, अमन सूद, चिराज सूद, सार्थक धवन

नरेश पाधा, नरेश सूद, विवेक शर्मा, अश्वनी डोगरा, अंकित सुग्गा, कुलदीप मैहरा, विराग अवस्थी, गौरव अवस्थी, भगवान दास, सचिन आनंद, नितिक कपूर, हरवंश डोहरु

अजय अवस्थी, विजय विद्यार्थी, संजीव व्यास, रमन अवस्थी, विनोद कुमार, हरनाम दास, वरुण कौशल, सरस्वती, बजीरु चंद, सुखराम, सुभाष कुमार, शीतल डोगरा

अनुराधा मैहता, मीना राणा, मोनिका सब्रवाल, रीना राजपूत, इंदू चौधरी, सुमना देवी, समिता डोगरा, रीता देवी, माया देवी, डॉ. कर्णदीप सिंह, विपुल सूद, नितीश शर्मा

अजय पाल, परविंद्र सिंह, अक्षय चौहान, ध्रुव शर्मा, नितिन शर्मा, विवेक अवस्थी, गौरव, अजय सोनी, अनिल चौधरी, विशाल शर्मा, अक्षित डोगरा, आनंद भूषण

## न्यूज ब्रीफ

### भीम टीला के पास छह ग्राम चिट्टा पकड़ा

**गगल।** वीरवार को पुलिस ने गस्त के दौरान भीम टीला के पास एक व्यक्ति से लगभग छह ग्राम चिट्टा बरामद किया गया। पुलिस थाना के प्रभारी नारायण सिंह ने बताया कि पुलिस ने गस्त के दौरान भीमटीला के पास एक व्यक्ति से तलाशी के दौरान छह ग्राम चिट्टा बरामद किया। पुलिस ने व्यक्ति को हिरासत में लेकर कार्रवाई शुरू कर दी है। आरोपी नीतीश बहल कांगड़ा का बताया जाता जा रहा है। पुलिस प्रभारी नारायण सिंह ने बताया कि आरोपी नीतीश बहल से छह ग्राम चिट्टा बरामद किया। पुलिस ने मामला दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

### मांगों को लेकर डॉक्टर हड़ताल पर

**धर्मशाला।** अपनी विभिन्न मांगों को लेकर जोनल अस्पताल धर्मशाला के डॉक्टर आज हड़ताल पर रहे। इस दौरान डॉक्टरों ने मरीजों की जांच नहीं कि हालांकि आपातकालीन सेवाओं में डॉक्टरों ने सेवाएं दी। हिमाचल प्रदेश चिकित्सा अधिकारी संघ जिला कांगड़ा महासचिव कुमार सौरभ ने बताया कि प्रदेश सरकार से अपनी मांगों को लेकर प्रदेश भर में डॉक्टर हड़ताल पर हैं। वीरवार को डॉक्टरों ने रक्तदान शिविर का भी आयोजन किया और संदेश दिया कि डॉक्टर अपनी सेवाओं में तत्पर हैं। डॉक्टर नहीं चाहते कि मरीजों को कोई असुविधा हो लेकिन प्रदेश सरकार को चाहिए कि डॉक्टरों की जायज मांगों को जल्द पूरा किया जाए।

### कुलविंद्र बने रोगी कल्याण समिति के सदस्य

**डाडासीबा।** हिमाचल प्रदेश सरकार द्वारा कुलविंद्र डोगरा निवासी हार (नैहरनपुखर) को रोगी कल्याण समिति का सदस्य मनोनीत किया गया है। सदस्य मनोनीत होने पर कुलविंद्र डोगरा और समस्त ग्राम वासियों ने खुशी मनाई । कुलविंद्र डोगरा ने अपने वक्तव्य में माननीय सुखविंद्र सिंह सुक्खू मुख्यमंत्री हिमाचल प्रदेश सरकार एवं नरदेव कंवर अध्यक्ष कांग्रेस मत्स्य विभाग का दिल से आभार व्यक्त किया है और कहा है कि सरकार की ओर से मुझे जो जिम्मेदारी दी गई है उसका मैं पूर्ण निष्ठा के साथ निर्वहन करूंगा।

### वीरगढ़ मंदिर में हवन-यज्ञ व भंडारा 10 को

**डरोह।** महाशिवरात्रि पर्व के उपलक्ष्य पर गुग्गा जाहर वीर मंदिर वीरगढ़ में 10 मार्च रविवार के दिन भंडारे का आयोजन किया जा रहा है। इस दौरान सुबह दस से दोपहर 12 बजे तक हवन-यज्ञ किया जाएगा। तदोपरांत 12 बजे पूर्ण आहुति दी जाएगी। उसके बाद लंगर भंडारे का भी प्रबंध है। यह जानकारी गुग्गा मंदिर के पुजारी बिहारी लाल धीमान ने दी। उन्होंने कहा कि सभी भक्तजन भंडारे में सादर आमंत्रित हैं।

### महिलाएं किसी से कम नहीं: नेत्रा मेती

**पंचरुखी।** राजकीय महाविद्यालय शिवनगर में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें पालमपुर की एसडीएम नेत्रा मेती मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहीं। प्राचार्या डॉ संगीत सिंह एवं डॉ. शमशेर राणा ने स्मृति चिन्ह और पौधा देकर मुख्य वक्ता को सम्मानित किया। प्राचार्या डॉ. संगीता सिंह ने सारगर्भित वक्तव्य के साथ मुख्य वक्ता का मंच पर स्वागत किया। मुख्य वक्ता एसडीएम नेत्रा मेती ने कहा कि महिलाओं की भागीदारी से हमारा देश में प्रगति की गति बढ़ रही है । मुख्य वक्ता ने विभिन्न उदाहरणों के साथ अपने संघर्ष व अनुभव को छात्र- छात्राओं के साथ साझा किया व उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए उन्हें प्रेरित किया।

### कांग्रेस कभी केंद्र सरकार का धन्यवाद नहीं करती

**धर्मशाला।** राकेश शर्मा भाजपा प्रदेश प्रवक्ता ने कहा कि हिमाचल को केंद्र सरकार से खुलकर मदद हो रही है। जबकि हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू सरकार को कोसते रहते हैं। राकेश शर्मा ने कहा कि हिमाचल में साल के अंत तक एक लाख करोड़ के प्रोजेक्ट पूरे या निर्माणाधीन होंगे यह ऐलान केंद्रीय मंत्री गडकरी ने कल हमीरपुर में किया हैं। केंद्र सरकार जो कहती है वह करके दिखाती है, पर जितना भी पैसा केंद्र से हिमाचल प्रदेश को आए हिमाचल प्रदेश की सरकार कभी भी केंद्र का धन्यवाद नहीं करती है। शर्मा ने कहा कि सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी मंगलवार को हिमाचल प्रदेश के हमीरपुर के दो सड़का में करीब 4000 करोड़ की 15 एनएच परियोजनाओं, रोप-वे प्रोजेक्ट के उद्घाटन व शिलान्यास किए।

### 12 से पहले बिजली का बिल करवा दें जमा

**डाडासीबा।** विद्युत उपमंडल ढलियारा के सहायक अभियंता मनीष कुमार संधू ने बताया ढलियारा विद्युत उपमंडल के अंतर्गत समस्त उपभोक्ताओं को सूचित किया जाता है कि जिन उपभोक्ताओं ने विद्युत बिलों का भुगतान फरवरी 2024 या इससे अधिक समय से नहीं किया है ये सभी बिजली बिलों का भुगतान 12 मार्च से पहले कर दें। अन्यथा उपरोक्त तिथी के बाद आपका बिजली का कनेक्शन बिना किसी पूर्व सूचना के अस्थायी तौर पर काट दिए जाएंगे। अतः उपभोक्ता ऑनलाइन, गूगल-पे, भीम ऐप या बोर्ड की बेब साइट www.hpsebl.in पर जा कर तथा विद्युत उपमंडल ढलियारा के कैश काउंटर पर सुबह दस से सायं तीन बजे तक बिलों का भुगतान करें।

### एडीसी ने मनोनीत पार्षदों को दिलाई शपथ

**धर्मशाला।** एडीसी कांगड़ा सौरव जस्सल ने वीरवार को धर्मशाला नगर निगम के सभागार में मनोनित पार्षद राजीव महाजन वार्ड नंबर-7 डिपो बाजार धर्मशाला, संजीव शर्मा वार्ड नंबर-8 कचहरी अड्डा धर्मशाला, अभिषेक आनंद वार्ड नंबर-17 सिधबाड़ी, डॉ. अनुराग खन्ना वार्ड नंबर-16 शीला चौक को शपथ दिलाई। इस अवसर पर महापौर नगर निगम धर्मशाला नीनू शर्मा, उपमहापौर नगर निगम तेजिंदर कौर सहित पार्षद उपस्थित रहे।

### जमा राशि प्राप्त करने को 31 तक करें दावा पेश

**जयसिंहपुर।** दी लंबागांव मंडल एचपीएसईबी कर्मचारी वेतन भोगी वचत एवं ऋण सह सभा को लंबे समय से कार्य न करने के कारण विघटन में डाला गया है। सभा के समस्त सदस्यों को सूचित किया जाता है कि वह 31 मार्च से पहले सभा में जमा अपनी राशि को प्राप्त करने हेतु दावा पेश कर सकते हैं।

### आर्य कॉलेज में छात्रों को बताए नशे के दुष्प्रभाव

**नूरपुर।** राजकीय आर्य महाविद्यालय नूरपुर में नशा निवारण गतिविधियों के इंचार्ज व प्राणी विभाग द्वारा संयुक्त रूप से डॉ. दिलजीत सिंह की अध्यक्षता में विषय 'नशा निवारण' / 'ड्रग्स एंड सब्सटेंस एब्यूज' पर वक्तव्य का आयोजन किया गया। सिविल हॉस्पिटल नूरपुर में कार्यरत विशेषज्ञ व हेल्थ काउंसिलर अभिषेक कुमार ने महाविद्यालय के विद्यार्थियों को इसके बारे में विस्तृत जानकारी दी । इस कार्यक्रम में लगभग 125 विद्यार्थी उपस्थित रहे । विशेषज्ञ व हेल्थ काउंसिलर अभिषेक कुमार ने छात्रों के नशे के दुष्प्रभाव पर जानकारी दी। वहीं, इस कार्यक्रम के आयोजक डॉ. दिलजीत सिंह ने भी विद्यार्थियों को नशे से संबंधित जानकारी प्रदान की ।

## पंचरुखी में त्रिदेव कार्यशाला भाजपा कार्यकर्ताओं में भरा जोश



त्रिदेव कार्यशाला के दौरान मौजूद भाजपा नेता व कार्यकर्ता।

**अनंत ज्ञान, पंचरुखी**

भारतीय जनता पार्टी मंडल जयसिंहपुर की त्रिदेव कार्यशाला का आयोजन जयसिंहपुर मंडलाध्यक्ष देवेंद्र राणा की अध्यक्षता में पंचरुखी के होटल पीक बॉड में संपन्न हुआ। इस कार्यशाला में जयसिंहपुर मंडल के बूथ अध्यक्ष, बीएलए, बूथ पालक, ग्राम केंद्र प्रमुख, जोन प्रभारियों ने भाग लिया। इसमें कार्यकर्ताओं को मुख्य रूप से संगठन की बारीकियों से अवगत करवाया गया।

कार्यक्रम में लोकसभा चुनाव के मद्देनजर कार्यकर्ताओं में जोश का संचार किया गया। इस कार्यशाला में मुख्य वक्ता के रूप में जिला प्रभारी पकंज जम्वाल, राष्ट्रीय परिषद सदस्य गुलेरिया राजपाल, कांगड़ा-चंबा पूर्णकालिक विस्तारक हरिदत्त शर्मा, जिलाध्यक्ष तथा जयसिंहपुर विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक रविंद्र धीमान विशेष रूप से उपस्थित रहे। जयसिंहपुर मंडल के सभी पदाधिकारियों ने इस कार्यशाला में भाग लिया। इस मौके पर प्रदेश कार्यसमिति सदस्य घनश्याम शर्मा, महामंत्री स्वरूप डोगरा, जिला महामंत्री राजेश राणु, डॉ. अश्वनी शर्मा वरिष्ठ नेता, शिवा कटोच, अमिश सोनी, अरुण कुमार, मनीषा शर्मा, मीरा राणा, लीना भारद्वाज इत्यादि मुख्य रूप से शामिल रहे।

**पहले दिन सात हजार दर्शकों ने लिया मैच का आनंद, अपनी टीम का हौसला बढ़ाने धर्मशाला क्रिकेट स्टेडियम पहुंचे इंग्लैंड के दर्शक**

# भगवान इंद्रु नाग के आशीर्वाद से बिना बारिश के पूरा हुआ पहले दिन का मैच

**पुनीत शर्मा, धर्मशाला**

भारत और इंग्लैंड टेस्ट मैच का पहला दिन बिना बारिश की बाधा से शुरू हो गया। अनुमान था कि मैच का पहला दिन बारिश की भेंट चढ़ सकता है।

हालांकि वीरवार को आसमान में बादल छाए रहे। बारिश के अनुमान के बीच भगवान इंद्रु नाग की एचपीसीए धर्मशाला पर कृपा रही। एचपीसीए पदाधिकारियों ने मैच से पूर्व इंद्रु नाग भगवान से मैच के सफल आयोजन के लिए प्रार्थना की थी।

मैच के पहले दिन भगवान का पूरा आशीर्वाद एचपीसीए को मिला है। मैच के पहले दिन करीब सात हजार दर्शक मैदान पहुंचे, उम्मीद यह है कि जैसे-जैसे मैच आगे बढ़ेगा, आगामी दिनों में दर्शकों की संख्या में बढ़ोतरी होगी। इस टेस्ट मैच को देखने के लिए देश भर से ही नहीं अपितु इंग्लैंड से भी दर्शक अपनी टीम को हौंसला बढ़ाने पहुंचे हैं। इंग्लैंड से आए दर्शकों ने कहा कि हालांकि इंग्लैंड टेस्ट सीरीज हार चुकी है, लेकिन आखिरी मैच में खिलाड़ी दमखम लगाएंगे और इस मैच में जीत दर्ज करेंगे। यह मैच भारत और इंग्लैंड टेस्ट सीरीज का पांचवां और अंतिम मैच है। इंग्लैंड ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला लिया। टीम इंडिया सीरीज में 3-1 से पहले ही सीरीज पर कब्जा जमा चुकी है। (अनंत ज्ञान)



मैच का आनंद लेते दर्शक।

### मैच शुरू होने से पहले एचपीसीए पदाधिकारियों ने किया कन्या पूजन

**धर्मशाला।** भारत और इंग्लैंड के बीच वीरवार को शुरू हुए मैच से पूर्व एचपीसीए धर्मशाला के पदाधिकारियों ने कन्या पूजन किया। कन्या पूजन कर एचपीसीए पदाधिकारियों ने भगवान से मैच के सफल आयोजन का आह्वान किया। एचपीसीए निदेशक संजय शर्मा ने बताया कि भारतीय संस्कृति के तहत शुभ कार्य से पूर्व कंजकों के पूजन का रिवाज है और इसी के चलते देवी रूपी कन्याओं को पूजा गया। उन्होंने कहा कि देवी रूपी कन्याओं और भगवान इंद्रु नाग के आशीर्वाद से मैच बिना किसी बाधा के आरंभ हो पाया है।



कन्या पूजन करते हुए एचपीसीए पदाधिकारी।

### बढ़िया रहा पुलिस का ट्रैफिक प्लान

**टेस्ट** मैच के पहले दिन यातायात पुलिस कर्मियों को अधिक मशक्कत नहीं करनी पड़ी। यातायात व्यवस्था सुचारु रही और कहीं कोई जमा जैसी स्थिति उत्पन्न नहीं हुई। जिला पुलिस की यातायात को लेकर बनाई गई योजना के अनुसार पहला दिन पुलिस के लिए अच्छा रहा है। पहले दिन काफी तदाद में दर्शक मैच देखने पहुंचे। इस दौरान दर्शकों को ट्रैफिक में नहीं फंसना पड़ा।

# शिवरात्रि के लिए सजा बैजनाथ मंदिर

## मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू आज करेंगे राज्य स्तरीय शिवरात्रि महोत्सव का आगाज



**जितेंद्र कौशल, बैजनाथ**

राज्य स्तरीय शिवरात्रि महोत्सव का शुक्रवार को मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू शोभा यात्रा के साथ शुभारंभ करेंगे। इस अवसर पर सीपीएस किशोरी लाल विशेष रूप से मौजूद रहेंगे। मेला कमेटी के अध्यक्ष एवं एसडीएम देवी ठाकुर ने बताया की स्थानीय देवी देवता भी शिरकत करेंगे।

उन्होंने बताया मुख्यातिथि का सुबह 11 बजे आगमन होगा। उन्होंने बताया की शिव मंदिर में पूजा-अर्चना के बाद मुख्यमंत्री मेला स्थल इंदिरा गांधी स्टेडियम में पहुंचकर प्रदर्शनी का शुभारंभ करेंगे।

शाम को शिव मंदिर बैजनाथ में जागरण का भी आयोजन होगा। एसडीएम ने बताया की पहली सांस्कृतिक संध्या में सीपीएस आशीष बुटेल मुख्यातिथि होंगे। जबकि दूसरी संध्या में आरएस बाली व तीसरी में मंत्री यादविंद्र गोमा मुख्यातिथि होंगे। पांच दिन तक चलने वाले मेले में विभिन्न खेलों का भी आयोजन किया जाएगा। मंदिर व साथ लगते बाजार को फूलो व रंग-बिरंगी लाइटों से सजाया गया है। वहीं, कानून व्यवस्था को बनाए रखने के लिए पुलिस के जवान मोर्चा संभालेंगे। (अनंत ज्ञान)




### गणित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में सतलुज सदन ने मारी बाजी

**गरली।** गरली के निकटवर्ती सदवा के लोट्स इंटरनेशनल कॉन्वेंट स्कूल में गणित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित की गई। स्कूल प्रधानाचार्य पंकज शर्मा की अध्यक्षता मे आयोजित हुए इस प्रतियोगिता में स्कूल के चारों सदनों सतलुज, ब्यास, रावी और चिनाव के विद्यार्थियों ने भाग लिया। सभी विद्यार्थियों ने प्रश्नों को ध्यान से सुना और उनके उत्तर दिए। चारों सदन के विद्यार्थियों के बीच मुकाबला कड़ा रहा, परंतु सतलुज सदन के विद्यार्थियों ने सभी प्रश्नों के उत्तर देकर जूनियर और सीनियर दोनों प्रतियोगिता अपने नाम कर ली। इस प्रतियोगिता के दौरान लोट्स ग्रुप के चेयरमैन अश्वनी कुमार और गुरपाल सिंह जी उपस्थित रहे।

### मलेंद्र राजन ने किए 84 लाख के विकास कार्यों के शिलान्यास

**इंदौरा।** विधायक मलेंद्र राजन ने वीरवार को इंदौरा विधानसभा क्षेत्र के तहत गंगथ में 84 लाख रुपए के विकास कार्यों के शिलान्यास किए। उन्होंने गंगथ में 26 लाख रुपए की लागत से निर्मित होने वाले पशु औषधालय तथा बाबा क्यालु छिंज ग्राउंड में 58 लाख रुपए की लागत से बनने वाले स्टेडियम व वर्षा शालिका का शिलान्यास किया। इस अवसर पर जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि विधानसभा के समग्र विकास के लिए वे तत्परता के साथ आगे बढ़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार गांवों की आर्थिकी को सुदृढ़ करने के लिए ठोस कदम उठा रही है। उन्होंने बताया कि हिमाचल प्रदेश दूध पर एमएसपी घोषित करने वाला देश का पहला राज्य बन गया है। मुख्यमंत्री ने बजट में गाय के दूध के मूल्य को 38 रुपए से बढ़ाकर 45 रुपए करने की घोषणा की है।

## सभी गारंटियां पूरी करने के लिए सरकार बचनबद्ध : किशोरी लाल

**अनंत ज्ञान, बैजनाथ**

मुख्य संसदीय सचिव कृषि, पशुपालन, ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज किशोरी लाल ने वीरवार को बैजनाथ विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत तरेहल में पांच लाख रुपए की लागत से निर्मित होने वाले महिला मंडल, समुदायक भवन की आधारशिला रखी। किशोरी लाल ने यहां लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार सभी गारंटियों को चरणबद्ध तरीके से पूर्ण करने के लिए वचनबद्ध है।

उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने पांचवीं गारंटी 18 वर्ष से अधिक की आयु वर्ग की महिलाओं को इंदिरा गांधी प्यारी बहना सुख-सम्मान निधि योजना के तहत 1500 रुपए मासिक प्रदान करने की घोषणा की है। वहीं, इस योजना के तहत 800 करोड़ रुपए से अधिक वार्षिक व्यय होगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार समाज के हर वर्ग के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि कर्मचारियों के लिए पहली गारंटी के रूप में पुरानी पेंशन बहाल कर प्रदेश के एक लाख 36 हजार कर्मचारियों को लाभान्वित किया गया है, ताकि सेवानिवृत्त कर्मचारी वर्ग बुढ़ापे में सम्मानपूर्वक जीवन यापन कर सकें।




महिला मंडल व सामुदायिक भवन की आधारशिला रखते सीपीएस किशोरी लाल।

### समाज के उत्थान के लिए महिलाओं की भूमिका अहम : एसडीएम

**पालमपुर।** एसडीएम पालमपुर नेत्रा मेती ने कहा कि समाज के उत्थान में महिलाओं की भूमिका और योगदान महत्वपूर्ण है। समाज एवं राष्ट्र के निर्माण में महिलाओं का योगदान भी बराबर का है। एसडीएम ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर बाल विकास परियोजना भवारना के सौजन्य से आयोजित महिला सम्मान समारोह में बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस की बधाई देते हुए कहा कि महिलाएं खेल जगत से लेकर मनोरंजन तक, राजनीति से लेकर सैन्य व राष्ट्र की रक्षा तक में महिलाएं न केवल शामिल हुई बल्कि बड़ी भूमिकाओं में अपना लोहा मनवाया है। उन्होंने कहा कि महिलाओं की भागीदारी को बढ़ाने और अपने अधिकारों से अनजान महिलाओं को जागरूक करने व उनके जीवन में सुधार करने के उद्देश्य से अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाया जाता है। इस दिवस के उपलक्ष्य पर उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को भी सम्मानित किया जाता है, ताकि अन्य महिलाएं भी प्रेरित होकर उत्कृष्ट कार्य को आगे आएं।

## कांग्रेस जो वादा करती है, वह पूरा करके दिखाती है : आरएस बाली

**अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां**



कार्यक्रम के दौरान लोगों की समस्याएं सुनते आरएस बाली।

हिमाचल प्रदेश पर्यटन विकास निगम के अध्यक्ष व पर्यटन विकास बोर्ड के उपाध्यक्ष (कैबिनेट रैंक) आरएस बाली ने कहा सभी पात्र महिलाओं को अब 1500 रुपए प्रतिमाह मिलेंगे। उन्होंने कांगड़ा और नगरोटा में जन समस्याएं सुनीं। उन्होंने कहा वर्तमान सरकार चरणबद्ध तरीके से सभी गारंटियों को पूरा करेगी। उन्होंने कहा 14 माह के कार्यकाल में सरकार ने अपनी पांच गारंटियों को पूरा किया है। इनमें अब महिलाओं को 1500 रुपए प्रतिमाह मिलेंगे। उन्होंने कहा वर्तमान सरकार ने ओपीएस दिया, आपदा प्रभावितों के लिए 4500 करोड़ रुपए का राहत पैकेज दिया, स्टार्टअप के लिए 680 करोड़ रुपए की राशि स्वीकृत की, सुखाश्रय में अनाथ बच्चों को चिल्ड्रन ऑफ द स्टेट का दर्जा दिया।

उन्होंने कहा सरकार ने प्रदेश का समग्र विकास सुनिश्चित करने के लिए अनेकों कार्यक्रम शुरू किए गए हैं। इनमें किसानों की आय दोगुनी करने के लिए हिम उन्नति योजना और दूध गंगा जैसी योजनाओं को प्रदेश में शुरू किया है। आरएस बाली ने कहा कांग्रेस जो वादा करती है उसे पूरा करके दिखाती है। उन्होंने कहा कि लोगों की समस्याओं का घर द्वार पर निदान सुनिश्चित करने के लिए सरकार द्वारा कारगर कदम उठाए जा रहे हैं। राज्य में हर माह के अंतिम दो दिन इंतकाल अदालतें आयोजित की जा रही है, ताकि लोगों के भू-संबंधित लंबित मामलों को निपटाया जा सके।

## डॉक्टर्स स्ट्राइक पर, मरीज करते रहे इंतजार

**स्वामी राम शर्मा, नगरोटा बगवां**

डॉक्टरों की एक दिन की हड़ताल से सिविल अस्पताल नगरोटा बगवां में सुबह से ही इंतजार में बैठे रहे मरीज। हिमाचल प्रदेश में एक दिन की डॉक्टरों की हड़ताल से मरीजों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा।

ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को डॉक्टरों की एक दिन की स्ट्राइक की जानकारी न होने के कारण मरीज सुबह से ही सिविल अस्पताल नगरोटा बगवां में डॉक्टर का इंतजार करते देखे गए। अस्पताल में केबल इमर्जेंसी में ही मरीजों को देखने के लिए एक डॉक्टर उपस्थित रहा और मरीजों के लैब में टेस्ट होते रहे। मला के अमन, थानपुरी के परवीन, मसल की सीमा, बड़ोह के कमलेश, जमुला की सीमा, बलधर के ओम प्रकाश ने बताया कि हम रोज की तरह डॉक्टरों के पास इलाज करवाना आए थे।

उनका कहना था कि पहले हर रोज डॉक्टर 12 बजे मरीजों को देख लेते थे। आज डॉक्टरों की पूरे दिन की हड़ताल का पता नहीं चल पाने से वे सुबह ही अस्पताल में आ गए थे तथा मरीजों की मुलाजम पर्चियां काट रहे थे। अब मरीज तिन दिन सरकारी अवकाश होने के कारण सोमवार को डॉक्टरों के पास इलाज करवा सकेंगे। (अनंत ज्ञान)



डॉक्टरों का इंतजार करते मरीज

### नगर पंचायत जवाली में टैक्सों को लेकर लोगों में रोष

**जवाली।** नगर पंचायत जवाली द्वारा जनता पर थोपे जा रहे भारी-भरकम टैक्सों को लेकर नगर पंचायत वासियों में रोष पनपना शुरू हो गया है तथा लोगों ने नगर पंचायत के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। गुरुवार को नगर पंचायत के वार्ड नंबर-दो के बाशिंदों ने पूर्व बीडीसी चेयरमैन भीखम सिंह पगडोत्रा की अध्यक्षता में जोगिंद्र हाल मकड़ाहन में बैठक की। इसमें वार्ड के काफी लोगों ने शिरकत की। भीखम सिंह पगडोत्रा सहित लोगों ने कहा कि नगर पंचायत जवाली द्वारा नगर वासियों पर सफाई की एवज में टैक्स, हाउस टैक्स, बिजली व पानी के दोगुने बिल वसूल किए जा रहे हैं। भीखम सिंह पगडोत्रा व लोगों ने कहा कि हमारे वार्ड में शहरी निगम की कोई भी सुविधा नहीं है तथा बिना सुविधा उपलब्ध करवाए ही नगर पंचयात द्वारा मनमर्जी से ही टैक्स लगाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि हमारे वार्ड में अधिकतर लोग गरीब व बेरोजगार हैं तथा टैक्स देने में असमर्थ हैं। उन्होंने कहा कि हमारे वार्ड को जबरदस्ती ही नगर पंचायत में शामिल किया गया है। उन्होंने कहा कि हमारे वार्ड को नगर पंचायत से बाहर निकाला जाए और अगर हमारे वार्ड को बाहर नहीं निकाला गया तो आने वाले लोकसभा चुनाव का बहिष्कार किया जाएगा।

**कार्यक्रम** साल 2023-24 में 419 बेटियों की शादियों में प्रदान किए सवा दो करोड़ रुपए


## बेटियों के लिए वरदान बनी मुख्यमंत्री कन्यादान योजना

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से मुख्यमंत्री कन्यादान योजना के तहत जिले में साल 2023-24 में सवा दो करोड़ रुपए का बजट व्यय किया गया है। जिला भर के 15 विकास खंडों में 419 युवतियों के विवाह को लेकर प्रति विवाह 51000 रुपए की आर्थिक मदद युवतियों को प्रदान की जाती है।

इस योजना के तहत इंदौरा विकास खंड के तहत सबसे ज्यादा 56 युवतियों को जबकि भवारना खंड के तहत 11 युवतियों को ये वित्तीय मदद प्रदान की गई है। बैजनाथ खंड के तहत 20, भवारना के तहत 11, देहरा की 52, धर्मशाला विकास खंड 18, फतेहपुर विकास खंड की 36, इंदौरा खंड की 56, कांगड़ा विकास खंड की 24, लंबागांव खंड की 17, नगरोटा बगवां विकास खंड की 19, नगरोटा सुरियां की 30, नूरपुर विकास खंड की 44, पंचरुखी विकास खंड की 10, परागपुर विकास खंड 24, रैत विकास खंड की 42 तथा सुलाह विकास खंड 16 युवतियों को मुख्यमंत्री कन्यादान योजना के तहत आर्थिक मदद प्रदान की गई है। वहीं, पूरे जिला भर में कुल 419 युवतियों के विवाह में इस योजना के तहत 21369000 रुपए की मदद प्रदान की गई है। यहां बताते चलें कि इस योजना के तहत जिन बेटियों के पिता की मौत हो चुकी हो या किसी बीमारी के कारण बिस्तर में हों तथा आजिविका कमाने मे असमर्थ हों या अनाथ हों को विवाह के दौरान आर्थिक मदद प्रदान की जाती है।

### मदद करने को सरकार बचनबद्ध



**उधर,** इस बारे में जानकारी देते हुए महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी अशोक शर्मा ने बताया कि इस योजना के तहत आर्थिक दिक्कतों का सामना कर रही। जिन बेटियों के पिता की मौत हो चुकी हो या किसी बीमारी के कारण बिस्तर हों तथा आजिविका कमाने मे असमर्थ हों या अनाथ हों को विवाह के दौरान आर्थिक मदद प्रदान की जाती है। उन्होंने बताया कि साल 2023-24 में जिला भर में 419 बेटियों को मुख्यमंत्री कन्यादान योजना के तहत 2,13,69000 रुपए का बजट प्रदान किया गया है।

## महिलाओं का सबसे बड़ा हथियार है शिक्षा : नीलू महाजन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**



महिलाएं आत्मनिर्भरता को ओर कदम बढ़ा रही हैं, यह समाज और देश की तरक्की के लिए सुखद है। सरकारें भी महिलाओं के उत्थान के लिए विभिन्न योजनाएं ला रही हैं।

इनका उन्हें लाभ भी मिल रहा है। धर्मशाला की सशक्त महिला एवं समाजसेवी नीलू महाजन कहती हैं कि महिलाएं हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा को लोहा मनवा रहीं हैं, ऐसी कोई फील्ड नहीं जहां महिलाएं पुरुषों से कम हैं लेकिन देश के कई राज्यों में अभी भी महिलाएं अपने अधिकारों से वंचित हैं, महिलाएं अत्याचारों का शिकार बन रही हैं। नीलू महाजन कहती हैं कि महिलाओं को सबसे बड़ा हथियार शिक्षा है। महिलाएं अगर शिक्षित होंगी तो वह अपने अधिकारों की लड़ाई लड़ सकती है। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस इसी लिए मनाया जाता है, ताकि प्रत्येक महिला जागरूक हो और मजबूत बने। हम सबको महिला दिवस पर महिला उत्थान के लिए संकल्प लेना चाहिए।

# प्रधानमंत्री सूर्योदय योजना से जगमगाएगी नगर परिषद सुंदरनगर

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर**

प्रदेश की सबसे बड़ी नगर परिषद सुंदरनगर अब प्रधानमंत्री सूर्योदय योजना के तहत जगमगाने जा रही है। इसको लेकर नगर परिषद ने एक करोड़ रुपए की धनराशि का प्रावधान किया है।

यह बात वीरवार को नगर परिषद सुंदरनगर के अध्यक्ष जितेंद्र शर्मा ने वार्षिक बजट सदन से पास करवाने के लिए बाद पत्रकार वार्ता में कही। उन्होंने कहा कि आगामी वित्त वर्ष को लेकर नगर परिषद का 20 करोड़ 73 लाख 62 हजार 672 रुपए का बजट ध्वनिमत से पारित हुआ है। इस बार के बजट में नगर

**बजट में एक करोड़ रुपए का किया प्रावधान**

परिषद क्षेत्र में लोगों पर कोई नया टैक्स नहीं लगाया गया है। उन्होंने कहा कि नगर परिषद द्वारा पारित बजट में शहर के विभिन्न वार्डों में विकास कार्यों के लिए 10 करोड़ राशि रखी गई है। इसमें प्रधानमंत्री आवास योजना, पार्कों का रखरखाव, स्ट्रीट लाइट सहित अन्य विकास कार्य शामिल हैं।

इसके साथ शहर की सफाई व्यवस्था के लिए दो करोड़ रुपए का प्रावधान रखा गया है। इस बजट को सब कमेटी के समक्ष रखा गया



बजट पारित करते हुए नगर परिषद सुंदरनगर के पार्षद।

था, जिसे वीरवार को सदन में रखकर पारित कर दिया गया है। जितेंद्र शर्मा ने कहा कि आने वाले समय में किराया न देने वाले दुकानदारों के खिलाफ परिषद द्वारा सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि अभी बीबीएमबी से हाउस टैक्स की राशि प्राप्त नहीं हो रही है। इस राशि को भविष्य में बीबीएमबी से वसूला जाएगा।

### जल्द जारी होंगी बीपीएल की संशोधित लिस्ट

नगर परिषद अध्यक्ष जितेंद्र शर्मा ने कहा कि बीपीएल परिवारों की पात्रता-अपात्रता के लिए ग्राम सभाओं का आयोजन किया गया है। इसके अंतर्गत नगर परिषद के सभी वार्डों का सर्वे हो चुका है। उन्होंने कहा कि बीपीएल परिवारों को लेकर नगर परिषद द्वारा समय-समय पर सर्वे करवाया जाता है। इसको लेकर अभी कुछ प्रक्रिया शेष बची हुई हैं। उन्होंने कहा कि जल्द ही नगर परिषद में बीपीएल परिवारों की सूची में संशोधन कर दिया जाएगा।

### अप्रैल माह से शुरू होगा स्लॉटर हाउस

जितेंद्र शर्मा ने कहा कि नगर परिषद सुंदरनगर का स्लॉटर हाउस तैयार हो चुका है, लेकिन इसको शुरू करने के लिए अभी अंतिम प्रक्रिया शेष हैं। नगर परिषद द्वारा स्लॉटर हाउस को लेकर आई कमियों को पूरा कर लिया गया है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के तहत स्लॉटर हाउस अप्रैल माह से कार्य करना शुरू कर देगा। लोगों द्वारा घरों पर पशुओं की स्लॉटरिंग करना गलत है। इसके खिलाफ नगर परिषद द्वारा कड़ी से कड़ी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

# ठेकेदार से बकाया 14 लाख रुपए न वसूलने की हो जांच

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर**

मेला समिति जोगिंद्रनगर द्वारा वर्ष 2023 में आयोजित लघु शिवरात्रि मेले के दौरान मेला समिति को 14 लाख रुपए के करीब की चपत लगाई गई है, जो कि एक भ्रष्टाचार का मामला बनता है तथा इसकी प्रदेश सरकार जांच करवाए। अजय धरवाल उपाध्यक्ष नगर परिषद व अध्यक्ष व्यापार मंडल जोगिंद्रनगर ने कहा कि तत्कालीन एसडीएम द्वारा वर्ष 2023 में आयोजित लघु शिवरात्रि मेले के दौरान जो मेला



ग्राउंड व डोम जिस ठेकेदार को बेचा गया उससे आज एक वर्ष बीत जाने के बाद भी 14 लाख रुपए की बकाया राशि नहीं वसूली गई। ठेकेदार के साथ जानबूझकर ऐसा समझौता पत्र हस्ताक्षरित किया गया, जिसमें की नियमों व शर्तों में ढील दी गई। इस प्रकार तत्कालीन उपमंडलाधिकारी नागरिक व मेला समिति के अध्यक्ष की कार्यप्रणाली शक के दायरे में आती है। प्रदेश सरकार मामले की जांच करवाए ओर दोषी अधिकारी से इस राशि को वसूला जाए।

## न्यूज ब्रीफ

### ड्राफ्टसमैन ने पदोन्नत करने की मांग उठाई



जल शक्ति विभाग की प्रमुख अभियंता से भेंट के दौरान हिमाचल प्रदेश ड्राफ्टसमैन एसोसिएशन के पदाधिकारी।

**नेरचौक।** हिमाचल प्रदेश ड्राफ्टसमैन एसोसिएशन का एक प्रतिनिधिमंडल जल शक्ति विभाग की प्रमुख अभियंता अंजू शर्मा से मिला। इस प्रतिनिधिमंडल ने प्रदेश सरकार द्वारा हाल ही में जारी जूनियर ड्रॉप्टसमैन से ड्राफ्टसमैन की पदोन्नति की बार कम करने की अधिसूचना के आधार पर पात्र कर्मचारियों को शीघ्र पदोन्नत करने की मांग उठाई। इस पर तुरंत कार्रवाई करते हुए प्रमुख अभियंता ने इस कैडर के उन तमाम कर्मचारियों की एसीआर शीघ्र मुख्य कार्यालय को भेजने के प्रदेश के सभी अधीक्षण अभियंताओं को आदेश जारी किए। उन्होंने एसोसिएशन को आश्वासन दिया कि एसीआर मुख्यालय पहुंचने ही सभी पात्र कर्मचारियों की पदोन्नति कर दी जाएगी। एसोसिएशन के प्रधान रमेश यादव ने बताया कि लंबे समय से चली आ रही इस बार के कम होने से ड्राफ्टसमैन कैडर के कर्मचारियों को काफी लाभ मिलेगा।

### हिम आंचल पेंशनर की मासिक बैठक कल

**जोगिंद्रनगर।** हिम आंचल पेंशनर संघ इकाई जोगिंद्रनगर की मासिक बैठक नौ मार्च को लोक निर्माण विभाग जोगिंद्रनगर के विश्राम गृह में आयोजित की जाएगी। बैठक की अध्यक्षता संघ के अध्यक्ष नेक राम शास्त्री करेंगे।

### रजनी ने शिव चरणों में गीत अर्पित किया

**मंडी।** हिमाचल के कलाकार वैसे तो हर क्षेत्र में अपने नाम का डंका बजा रहे हैं, लेकिन इसी बीच कुछ ऐसे भी कलाकार होते है जो अपनी प्रतिभा से लोगों का दिल जीते लेते है। इसी कड़ी में सुंदरनगर उपमंडल के अंतर्गत सलवाना क्षेत्र के गुड्डी धार से संबंध रखने वाली रजनी ठाकुर ने एक सूक्ष्म गीत महाशिवरात्रि के उपलक्ष्य पर शिव चरणों में अर्पित किया है। रजनी पिछले 13 वर्षों से संगीत जगत में मेहनत कर रही है और भगवान शिव के प्रति विशेष आस्था भी रखती है। रजनी ठाकुर ने अपने यू-ट्यूब चैनल रजनी ठाकुर ऑफिशियल पर हुण वो कतांइजो नस्दा, सूक्ष्म गीत चल चित्र के साथ अपलोड किया है। उन्होंने अपने इस गीत के बारे में कहा कि यदि लोगों का प्यार मेरे गीतों को मिलता रहा तो आगे भी और गीतों पर कार्य कर रहे है जिसे वे जनता के बीच जल्द प्रस्तुत करेंगी।

### पावर प्रबंधन प्रणाली को पेटेंट करवाया

**मंडी।** इंटरनेट ऑफ थिंग्स उद्योग के लिए आईआईटी मंडी के शोधकर्ताओं ने एक अभूतपूर्व पावर प्रबंधन इकाई पेश की है। यह स्पष्ट रूप से सीधे क्लाउड-सक्षम इनडोर वायरलेस सेंसर नेटवर्क नोड्स के लिए डिजाइन की गई है। यह नोड्स, कम-शक्ति वायरलेस संचार प्रौद्योगिकियों पर विशिष्ट लाभ प्रदान करने के साथ साथ डेटा ट्रांसमिशन के दौरान उच्च पीक करंट की खपत से संबंधित चुनौतियों का सामना करते हैं, जिससे बैटरी क्षमता में गिरावट और जीवनकाल कम हो जाता है। इस कार्य के परिणाम को भारतीय पेटेंट कराया गया है। सह लेखक डॉ. सत्वशील रमेश पोवार, एसोसिएट प्रोफेसर, स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग, और डॉ. तुषार जैन, एसोसिएट प्रोफेसर, स्कूल ऑफ कंप्यूटिंग एंड इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग, और रिसर्च स्कॉलर विक्रांत दुहान हैं। प्रस्तावित पावर प्रबंधन इकाई एक नवीन डिजाइन है जिनके लिए बार-बार डेटा ट्रांसमिशन की आवश्यकता होती है।

# 900 जवान संभालेंगे सुरक्षा का जिम्मा

## छोटी काशी में अंतरराष्ट्रीय महाशिवरात्रि महोत्सव के लिए प्रशासन ने किए प्रबंध, छह सेक्टर में बांटा मंडी शहर

**वन-वे के अलावा बड़े वाहनों की होगी नो एंट्री**

**अनिल शर्मा, मंडी**

अंतरराष्ट्रीय महाशिवरात्रि महोत्सव को लेकर पुलिस के 900 जवानों ने मोर्चा संभाल लिया है। शहर और आसपास के क्षेत्रों की निगरानी के लिए 150 सीसीटीवी पहले ही लगाए गए हैं, जबकि पड्डल और सेरी में 30 अतिरिक्त सीसीटीवी लगाए जा रहे हैं। करीब 600 जवान प्रदेश के दूसरे जिलों से और 168 पुलिस जवानों के अलावा होमगार्ड के जवान तैनात कर दिए गए हैं। शहर और आसपास के इलाके को छह सेक्टर में बांटा गया है, जिसमें पड्डल मैदान, देवताओं के ठहरने और बैठने के स्थान को अलग सेक्टर के रूप में रखा गया है। वहीं शहर की यातायात व्यवस्था, शहर के प्रवेश द्वार मंडी-सुंदरनगर रोड, खलियार और पंडोह रोड को अलग सेक्टर में बांटा गया है। बता दें कि अंतरराष्ट्रीय महाशिवरात्रि महोत्सव में लाखों लोग शिरकत करते हैं और इस दौरान यूजर बढ़ने के साथ मोबाइल सिग्नल भी ठप हो जाता है। ऐसे में सुरक्षा प्रबंध करना और भी मुश्किल हो जाता है, वहीं बीएसएनएल का सिग्नल काफी दिनों से मंडी में पहले ही चरमराया हुआ है। (अनंत ज्ञान)

### सीसीटीवी कैमरों की रहेगी नजर



एसपी साक्षी वर्मा ने बताया कि मेले के दौरान शहर के चप्पे-चप्पे पर सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से नजर रखी जाएगी। उन्होंने बताया कि इस समय मंडी शहर में 250 सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं, जबकि पड्डल मेला ग्राउंड और सेरी मंच के आसपास 20 से 30 सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे। इसके अलावा शरारती तत्वों से निपटने के लिए विशेष दस्ते का गठन किया गया है। वहीं पर मेले के दौरान नशीले पदार्थों की खरीद-फरोख्त करने वालों पर कड़ी नजर रखी जाएगी। उन्होंने बताया कि मेले के दौरान शहर में वाहनों भीड़भाड़ को कम करने के लिए मोती बाजार, विक्टोरिया ब्रिज, तल्याहड़-मंडी और तल्याहड़-रामनगर रोड तथा रोटरी-चौक सुकेती पुल रोड वन वे होंगे। वहीं पर एंबुलेंस और आवश्यक सेवाओं को छोड़कर बड़े वाहनों के लिए शहर में नो एंट्री रहेगी। बाड़ी गुमाणु की ओर से आने वाली गाड़ियों के लिए सकोहडी पुल के पास अस्थायी बस स्टॉप बनाया जाएगा। जहां से सवारियों को उतारने और बैठने की व्यवस्था रहेगी।

### शहर से बाहर होगी पार्किंग व्यवस्था



एसपी ने बताया कि शिवरात्रि के दौरान बाहर से आने वाले वाहनों के लिए शहर के बाहर खलियार में ब्यास नदी के किनारे पार्किंग की व्यवस्था की जाएगी। इसके अलावा भीमाकाली मंदिर, गुरुद्वारा, पड्डल और सुकेती पुल से पुलघराट तक वाहनों के लिए पार्किंग सुविधा रहेगी। उन्होंने बताया कि मेले के दौरान पड्डल मैदान में पुलिस कंट्रोल रूम स्थापित किया जाएगा। मेले के दौरान निकलने वाली राज देवता माधोराय की जलेब के दौरान यातायात व्यवस्था को नियंत्रित किया जाएग। जिससे जलेब में किसी तरह की बाधा न पड़े। इस दौरान एएसपी सागर चंद्र भी मौजूद रहे।

### परंपरा टूटने पर क्रोधित हुए देवता, प्रशासन से करवाई सुलह

**मंडी।** महाशिवरात्रि महोत्सव में मंडी रियासत से छोटी काशी पहुंचे देवी-देवता वर्षों से परंपराओं का निर्वहन करते आए हैं। इस बार परंपरा को लेकर छोटा सा मन मुटाव देखने को मिला, जिसको लेकर देवता क्रोधित हो गए। बता दें कि बड़ा देव कमरुनाग के बाद शुकदेव ऋषि शारटी और थट्टा पहुंचते थे, जिनका स्वागत किया जाता था, लेकिन इस बार दूसरे स्थान पर बूढ़ा बिंगल और झाथीवीर पहुंचे, जिसको लेकर शुकदेव ऋषि ने परंपरा टूटने पर आपत्ति जताई। देवताओं के क्रोधित होने से पहले प्रशासन के नुमाइंदे वहां पहुंचे और मान मनौती की। वहीं ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो इसके लिए शहर के लोगों ने सर्व देवता कमेटी के अध्यक्ष से आग्रह किया है कि सब परंपराओं का निर्वहन पूर्ववत ही किया जाए, ताकि कोई विवाद न हो।

# बड़ा देव कमरुनाग पहुंचे छोटी काशी

**जिला प्रशासन व सर्व देवता समिति ने पुल घराट में किया भव्य स्वागत**

**पुष्पराज, मंडी**

छोटी काशी मंडी में अंतरराष्ट्रीय शिवरात्रि महोत्सव में शिरकत करने के लिए आराध्य देव बड़ा देव कमरुनाग मंडी जनपद में वीरवार शाम को पहुंच गए हैं। बड़ा देव कमरुनाग के स्वागत के लिए जिला प्रशासन, सर्व देवता समिति के अध्यक्ष शिवपाल शर्मा व अन्य लोगों ने उनका पुल घराट में भव्य स्वागत किया।

बड़ा देव कमरुनाग ने मंडी पहुंचने पर सबसे पहले राज माधवराव मंदिर में अपनी हाजिरी भरी और उसके बाद राज परिवार की परंपरा के अनुसार राज महल में राजा आमेश्वर सिंह ने बड़ा देव कमरुनाग का स्वागत किया। इसके बाद देव कमरूनाग अपने लाव लश्कर के साथ टारना माता मंदिर के लिए रवाना हो गए। देव कमरुनाग सात दिन तक टारना माता मंदिर में विराजमान रहेंगे।

वहीं इस दौरान देव कमरुनाग के दर्शनों के लिए सैकड़ों की संख्या में भी श्रद्धालु की भीड़ बाजार में उमड़ी। बड़ा देव कमरुनाग के पहुंचने से छोटी काशी मंडी देवमई हो गई है। बड़ा देव कमरुनाग के मंडी पहुंचने के बाद शिवरात्रि शुरू हो जाती है। राज माधव राय मंदिर में जिला प्रशासन की ओर से उपायुक्त मंडी अपूर्व देवगन, एडीएम डॉ. मदन कुमार, एसडीएम सदर ओमकांत ठाकुर, सर्व देवता समिति की ओर से अध्यक्ष शिवपाल शर्मा, सचिव मनोज कुमार, नगर निगम मेयर वीरेंद्र भट्ट ने बड़ा देव कमरुनाग सहित अन्य देवी देवताओं का स्वागत किया।

इस मौके पर सर्व देवता समिति के अध्यक्ष शिवपाल शर्मा ने कहा कि शिवरात्रि महोत्सव के लिए जनपद के अन्य देवी-देवता भी बड़ा देव कमरुनाग के बाद शिवरात्रि महोत्सव में शिरकत करने के लिए पहुंचना शुरू हो गए हैं। सुकदेव ऋषि थट्टा, सुकदेव ऋषि शारटी, देव बुड्ढा बिगंल, देव झाथी वीर, देवी बगलामुखी, देवी बुढी भैरवा देवी-देवता छोटी काशी में पहुंच रहे हैं। मंडी जनपद में इस बार अंतरराष्ट्रीय शिवरात्रि महोत्सव नौ से 15 मार्च तक मनाया जा रहा है। नौ मार्च को मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू पहली जलेब में शामिल होकर शिवरात्रि महोत्सव शुभारंभ करेंगे। (अनंत ज्ञान)



माधवराव मंदिर में पहुंचने पर बड़ा देव कमरुनाग की पूजा करते हुए।

### बारिश के देवता का बारिश ने किया स्वागत

बड़ा देव कमरूनाग को बारिश का देवता भी कहा जाता है। छोटी काशी मंडी में देव कमरुनाग के पहुंचते ही आसमान में एकाएक बादल छा गए और हल्की बूंदाबांदी हुई। जिसके थोड़ी देर बाद फिर से मंडी शहर में मौसम साफ हो गया।

### टारना माता मंदिर में रहेंगे सात दिन

इस बार शिवरात्रि महोत्सव में मंडी जिला के साथ लगते कुल्लू जिला से भी दो देवता मंडी शिवरात्रि में शिरकत कर रहे हैं। बता दें कि शिवरात्रि महोत्सव में जितने भी देवी-देवता शिरकत करते हैं, उनमें से बड़ा देव कमरुनाग ही ऐसे देवता हैं जो टारना माता मंदिर में सात दिनों तक विराजमान रहते हैं। टारना माता मंदिर में ही बड़ा देव कमरुनाग अपने भक्तों को आशीर्वाद देते हैं।

# प्रदेश की जनता मुख्यमंत्री सुक्खू के साथ : ब्रह्मदास

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

प्रदेश कांग्रेस पार्टी के अनुसूचित विभाग के प्रदेश उपाध्यक्ष ब्रह्मदास चौहान ने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि भाजपा लोकतांत्रिक तरीके से चुनी हुई सरकार को अस्थिर करने के लिए हर हथकंडा अपना रही है। भाजपा ने प्रदेश में संवैधानिक संकट खड़ा करने का प्रयास किया, लेकिन मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने भाजपा के मंसूबों पर पानी फेर दिया है। प्रदेश की जनता मुख्यमंत्री के साथ है। चौहान ने कहा कि इस कृत्य से भाजपा का असली चेहरा जनता के सामने आ गया है। भारत के कई राज्यों में



भाजपा ने धन बल से कांग्रेस की सरकारों को अस्थिर किया है, लेकिन हिमाचल में ऐसा पहली बार हुआ, जब चुनी हुई सरकार को अस्थिर किया गया है। आने वाले दिनों में कांग्रेस उस दिन को काला दिवस के रूप में मनाएगी, ताकि दोबारा लोकतंत्र की हत्या न हो। उन्होंने कहा कि हरियाणा पुलिस की सिक्योरिटी किसके इशारे पर दी। पंचकूला के फाइव स्टार होटल में उनका ख्याल किसने रखा, यह बड़ा सवाल आज जनता जान चुकी है। हिमाचल के लोग इस प्रकरण को कभी नहीं भूलेंगे और सही समय आने पर इसका मुंहतोड़ जवाब देंगे।

### लांगणा मंदिर में शिवरात्रि मेला शुरू

**जोगिंद्रनगर।** श्री पंचमुखी महादेव मंदिर लांगणा में महाशिवरात्रि पर्व के शुभ अवसर पर प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी सात से नौ मार्च तक तीन दिवसीय मेले का आयोजन किया जा रहा है। मेले में दुकान लगाने वाले दुकानदारों को मेला कमेटी द्वारा जगह, बिजली इत्यादि की मुफ्त सुविधा उपलब्ध करवाई जाएगी। महाशिवरात्रि पर्व की रात्रि आठ मार्च को हर वर्ष की भांति पंचमुखी महादेव की मंत्र उच्चारण द्वारा चार प्रहर की विशेष पूजा अर्चना की जाएगी। महात्मा बसंत गिरि के मार्गदर्शन व सहयोग से पिछले 23 वर्षों से पंचमुखी भोलेनाथ की महाशिवरात्रि पर्व को विशेष चार प्रहर की पूजा आरती की जा रही है। इसके अगले दिन विशाल भंडारे का आयोजन होगा।

# महिला दिवस से पहले ही तोड़ दिया बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ का साइन बोर्ड

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

अंतरराष्ट्रीय महाशिवरात्रि की तैयारियां मंडी शहर में जोरों शोरों पर है ऐसे में हर जगह कोई न कोई कार्य प्रशासन और ठेकेदारों के माध्यम से करवाया जा रहा है। इसी कड़ी में इंदिरा मार्केट की छत पर सरस मेले के आयोजन के लिए डोम लगाए जा रहे हैं।

इस कार्य के चलते इंदिरा मार्केट की छत पर लगे बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के साइन बोर्ड मजदूरों के काम करने के चलते टूटा या फिर शरारती तत्वों ने तोड़ा इसकी जानकारी इंदिरा मार्केट में कैमरे न होने की वजह से जुटाना मुश्किल है। वहीं आठ मार्च को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाया जाता है और साइन बोर्ड का टूटना एक गलत बात है। इंदिरा मार्केट के प्रधान अशोक शर्मा ने बताया कि इंदिरा मार्केट की छत पर लगे दोनों एलईडी साइन बोर्ड कई बार शरारती तत्वों द्वारा तोड़े गए हैं इसलिए कई बार नगर निगम से कैमरों की मांग उठाई गई, लेकिन निगम बजट का बहाना बना कर हर बार इस बात को टाल देता है।

उन्होंने बताया कि प्रशासन द्वारा एलईडी साइन बोर्ड लगाए है तो उनकी देखभाल भी की जाए। नगर निगम मेयर वीरेंद्र भट्ट शर्मा ने बताया कि मामला ध्यान में आते ही नगर निगम की टीम को जानकारी दे दी गई है। इसे सही करने का कार्य शुरू कर दिया गया है।



इंदिरा मार्केट की छत पर तोड़ा गया साइन बोर्ड।

# शानन परियोजना पर भाजपा नेताओं ने नहीं दिखाई गंभीरता : डॉ . राकेश

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर**

प्रदेश कांग्रेस कमेटी सचिव डॉ. राकेश धरवाल ने वीरवार को प्रेस वार्ता के दौरान कहा कि शानन जल विद्युत परियोजना की लीज अवधि दो मार्च 2024 को समाप्त हो चुकी है। सन 1925 में यह परियोजना 99 साल के लिए लीज पर पंजाब को दी गई थी। अब लीज अवधि के समाप्त होने पर यह परियोजना हिमाचल प्रदेश को मिलनी चाहिए। उन्होंने कहा की वह विगत कई वर्षों से इस परियोजना को हिमाचल सरकार को वापस दिलाने के लिए आवाज उठाते रहे हैं। इस संदर्भ में प्रदेश सरकार और हिमाचल से संबंधित सांसदों के माध्यम से कई बार इस मसले को सुलझाने का आग्रह केंद्र सरकार से भी किया। गत वर्ष सितंबर में भी हिमाचल उच्च न्यायालय द्वारा केंद्रीय विद्युत मंत्रालय से दो हफ्तों में इस संदर्भ में विस्तृत जवाब मांगा गया था। उन्होंने कहा कि केंद्र में भाजपा की सरकार है और हिमाचल से तीन भाजपा के सांसद भी हैं, साथ ही भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष भी हिमाचल से आते हैं। यदि सबने सितंबर से लेकर फरवरी 2024 की छह महीने की अवधि तक केंद्रीय विद्युत मंत्रालय में जिसमें की उनके भाजपा मंत्री हैं उनसे बात करके परियोजना का स्थानांतरण हिमाचल को कर दिया होता तो आज शानन जल विद्युत परियोजना हिमाचल सरकार को वापस मिल चुकी होती और पंजाब सरकार को सुप्रीम कोर्ट जाने का मौका भी नहीं मिलता।

# करसोग-पांगणा में भाटका विवाह से निभाई जा रही महाशिवरात्रि परंपरा

**पीयूष शर्मा, करसोग**

समूचे करसोग समेत पांगणा, सुकेत, सराज व मंडी में महाशिवरात्रि पर्व पर भाटका विवाह आज भी प्रचलित है। सुकेत संस्कृति साहित्य और जन-कल्याण मंच पांगणा के अध्यक्ष डॉक्टर हिमेंद्र बाली का कहना है कि मंडी का सांस्कृतिक परिदृश्य शैव परंपरा के इर्द-गिर्द घूमता है।

ऐसी भी मान्यता है कि काशी में 80 और मंडी में 81 शिवस्थल स्थापित हैं। काशी की तरह मंडी में ब्यास नदी के किनारे घाट बने हैं। मंडी को शिव-पार्वती के पाणिग्रहण संस्कार की नगरी भी माना जाता है। यही कारण है कि यहां महाशिवरात्रि पर्व पर देव समुदाय आकर महादेव



के विवाहोत्सव में सम्मिलित होते हैं। सुकेत में महाशिवरात्रि पर्व की समृद्ध परंपरा है। दिवाली के अवसान के साथ ही शिवरात्रि महोत्सव का सांस्कृतिक आरंभ यहां देखा जाता है। शिवरात्रि पर्व महादेव व इनके परिवार के प्रति अगाध श्रद्धा का प्रतीक है। सुकेत व मंडी में फाल्गुन कृष्ण चतुर्दशी पर आयोजित महाशिवरात्रि पर्व पर भाटका विवाह संस्कार की परंपरा आज भी जीवित है।

भाटका विवाह संस्कार की परंपरा का निर्वहन महाशिवरात्रि महोत्सव पर किए जाने का संकल्प इस बात का द्योतक है कि जनमानस की शिव के प्रति कितनी गहन आस्था रही है। भाटका विवाह परंपरा में महाशिवरात्रि पर्व पर उन वर योग्य लड़के व लड़कियों का पाणिग्रहण संस्कार संपन्न होता है जिनके ज्योतिषीय गणना के अनुसार विवाह का उपयुक्त योग नही जुड़ता हो। ऐसी स्थिति में भी भाटका विवाह किया जाता है।

**आक्रोश** | **स्कूल प्रबंधन समिति रिस्सा ने दी धरना-प्रदर्शन की चेतावनी**

# आठ साल बाद भी अधर में स्कूल भवन का काम

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट**

उपमंडल सरकाघाट के अंतर्गत आने वाली राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला रिस्सा में बजट प्रावधान होने के बावजूद स्कूल भवन का निर्माण कार्य आठ वर्षों से अधर में लटका हुआ है, जिससे स्कूल प्रबंधन समिति सहित अभिभावकों व स्थानीय लोगों में रोष बढ़ता जा रहा है। एसएमसी के प्रधान अमर सिंह राणा, मुख्य सलाहकार सुमेर सिंह रावत, सदस्य गुलाबी देवी, चन्नी देवी, प्रमिला देवी, पवन कुमार, बंसी राम शर्मा आदि ने बताया कि अप्रैल माह से स्कूल में नए दाखिले शुरू हो रहे हैं और भवन निर्माण न होने से बच्चों को बैठने के लिए जगह नहीं है। उन्होंने बताया कि वर्ष 2016 में स्कूल भवन निर्माण के लिए एक करोड़ चार लाख की राशि स्वीकृत हुई थी और लोक निर्माण विभाग ने इस कार्य को ठेकेदार के माध्यम से करवाने की बात कही, लेकिन ठेकेदार ने पत्थरों के ढेर स्कूल के प्रांगण में लगा कर काम छोड़ दिया। प्रदेश में जैसे ही कांग्रेस सरकार बनी एसएमसी ने प्रदेश सरकार व लोक निर्माण विभाग को पत्र लिखकर स्कूल भवन निर्माण कार्य शुरू करने की मांग उठाई जिस पर सरकार ने स्कूल भवन निर्माण कार्य शुरू करवा दिया, इसी बीच इस पर खर्च होने वाली राशि भी एक करोड़ चार लाख से बढ़ कर एक करोड़ 60 लाख पहुंचाई गई। लोक निर्माण विभाग द्वारा ठेकेदार का बजट बढ़ा कर पुन स्कूल भवन निर्माण का कार्य भी शुरू कर दिया था परंतु ठेकेदार ने सिर्फ लोहे के जालीदार पिलर खड़े कर काम बंद कर दिया है। पिछले पांच माह से यह कार्य फिर लटक गया है। जिस पर स्कूल प्रबंधन समिति व अभिभावकों ने कड़ा रुख अख्तियार किया है। मुख्यमंत्री मंत्री, शिक्षा निदेशक, लोक निर्माण विभाग को पत्र लिखकर मांग की है कि यदि इसी माह के भीतर भवन निर्माण कार्य शुरू नहीं किया गया, तो स्कूल प्रबंधन समिति, अभिभावक और स्थानीय लोग सड़कों पर उतरने को मजबूर होंगे।



राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला रिस्सा का अधूरा पड़ा भवन निर्माण कार्य।

### ठेकेदार को दिया नोटिस

लोक निर्माण विभाग सरकाघाट के अधिशाषी अभियंता चुन्नीलाल शर्मा ने कहा कि ठेकेदार को नोटिस जारी कर दिया है। उसने सूचित किया है कि उसने रखोह में जो भवन का काम लिया है उसको निपटाने के बाद इसी माह इस भवन का काम शुरू कर देगा।

जीवन अपने आप को खोजने के बारे में नहीं है। जिंदगी से तात्पर्य अपने आप को बनाना होता है। -लोली डक्कल



# मंदिरों का विस्तारीकरण और सौंदर्यीकरण समय की मांग

**केंद्र** सरकार देश के मंदिरों के विस्तारीकरण और सौंदर्यीकरण के लिए अपनी वचनबद्धता पूरी कर रही है। हिमाचल के चिंतपूर्णी मंदिर में केंद्र सरकार की ओर से ऑनलाइन प्रसाद योजना शुरू करना हिमाचल के लिए बड़े गर्व की बात है। शक्ति पीठ में और बेहतर सुविधाएं देने के लिए करीब 25 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे। पीएम नरेंद्र मोदी ने वर्चुअली चिंतपूर्णी के लिए प्रसाद योजना का शुभारंभ कर अपना हिमाचल प्रेम भी दिखाया है। पीएम मोदी बरसों तक हिमाचल में रहकर भाजपा संगठन को मजबूत करते रहे हैं। केंद्र सरकार ने देशभर में मंदिरों को भव्यता प्रदान करने के उद्देश्य से प्रसाद योजना शुरू करने का ऐलान किया था, जिसका शुभारंभ हिमाचल से हुआ है। चिंतपूर्णी मंदिर के विस्तारीकरण से मंदिर में श्रद्धालुओं की तादाद बढ़ेगी, जिससे क्षेत्र में स्वरोजगार के रास्ते भी खुलेंगे। श्रद्धालु अब ऑनलाइन लंगर और हवन भी करवा सकेंगे। केंद्र सरकार ने इसके लिए पचास करोड़ का बजट मंजूर किया है।

वर्ष 2018 में प्रसाद योजना के अंतर्गत प्रदेश के इकलौते धार्मिक स्थल माता चिंतपूर्णी मंदिर का चयन हुआ था। आज छह साल बाद मोदी सरकार ने यहां ऑनलाइन प्रसाद योजना को धरातल पर उतारकर यह साबित कर दिया है कि पीएम मोदी जो बोलते हैं, उसे पूरा भी करते हैं। मंदिर के विस्तारीकरण के इस काम के शुरू होने के बाद चिंतपूर्णी मंदिर में आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधाओं में बढ़ोतरी होगी, जिसमें हजारों श्रद्धालु एक साथ दर्शन करने के लिए सुविधाजनक तरीके से खड़े हो पाएंगे और मां के दर्शन कर पाएंगे। कुल 2784 वर्गमीटर क्षेत्र विकसित होगा, जिसमें 1115 वर्गमीटर क्षेत्र मंदिर परिसर का है और 1669 वर्गमीटर क्षेत्र मंदिर न्यास ने स्थानीय दुकानदारों से खरीदा है। कुल तीन फ्लोर डेवलप किए जाएंगे, जिसमें दुकानदारों को दुकानें और श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए भव्य गलियारा बनाया जाएगा। जब इतनी अच्छी सुविधाएं इस मंदिर में उपलब्ध हो जाएंगी, तो निश्चित रूप से यहां पर्यटन को भी पंख लगेंगे और राज्य की आर्थिकी को भी बल मिलेगा। मोदी सरकार ने लोकसभा चुनाव से ऐन पहले इस योजना को शुरू कर मास्टर स्ट्रोक खेला है, जिसका असर चुनावों पर जरूर पड़ेगा। भाजपा का वोट बैंक बढ़ने की अटकलें लगाई जा सकती हैं। प्रदेश के मंदिरों में चिंतपूर्णी मंदिर में सबसे ज्यादा चढ़ावा चढ़ता है।

मंदिर के विस्तारीकरण के लिए जमीन अधिग्रहण का पहला चरण तो पूरा हो गया है और दूसरे चरण की प्रक्रिया जारी है। उम्मीद की जानी चाहिए कि प्रदेश की सुक्खू सरकार केंद्र के साथ मिलकर चिंतपूर्णी मंदिर के विकास को तवज्जो देगी। हालांकि डिप्टी सीएम मुकेश अग्निहोत्री यहां चिंतपूर्णी मंदिर के लिए पहले ही रोप-वे बनाने की घोषणा कर चुके हैं। प्रदेश सरकार को अब चाहिए कि वह जल्द से जल्द मंदिर के विकास के लिए पूरी तत्परता से जुट जाए। केंद्र की मोदी सरकार जब से सत्ता में आई है, तब से देश के मंदिरों का जीर्णोद्धार किया जा रहा है। भारत के प्रसिद्ध और प्राचीन मंदिर सिर्फ मंदिर ही नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति और सभ्यता के प्रतीक हैं, उनके स्तंभ हैं। मोदी सरकार ने अब मंदिरों के अपग्रेडेशन का बीड़ा उठा लिया है।

# हर पल महिला दिवस मनाने की आवश्यकता

**अंतरराष्ट्रीय** महिला दिवस महिलाओं को राजनीतिक व सामाजिक अधिकारों की बातों को मजबूत करने के लिए हर वर्ष 8 मार्च को मनाया जाता है। क्लारा जेटकिन ने वर्ष 1910 में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस की नींव रखी थी। अंतरराष्ट्रीय मंच पर महिलाओं को हर मोर्चे पर पुरुषों के सम्मान अधिकार प्राप्त हों, यह संयुक्त राष्ट्र संघ ने भी अपनी बातों में निर्दिष्ट किया है। सबसे बड़ा प्रश्न, हम प्रत्येक वर्ष महिला दिवस मात्र एक दिन महिलाओं के सम्मान के लिए बहुत ही धूमधाम से मनाते आ रहे हैं, लेकिन जिस दिन हम यह महोत्सव मना रहे होते हैं, बातें कर रहे होते हैं, उसी दिन महिलाओं के ऊपर, छोटी बच्चियों के ऊपर हमले, बलात्कार, शोषण, मारपीट दुष्कर्म की घटनाएं घट रही होती हैं। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) की साल 2022 की वार्षिक रिपोर्ट में 4,45256 मामले महिलाओं के ऊपर हमले से संबंधित संगीन अपराध की श्रेणी में दर्ज किए गए हैं। प्रत्येक घंटे 51 प्राथमिक सूचना रिपोर्ट इन आंकड़ों के अनुरूप दर्ज की गई हैं।

साल 2020 से 2021 में प्रत्येक एक लाख आबादी की महिला बाहुल्य संख्या पर अपराध कि दर 66.4 थी। हाल ही में शर्मनाक घटना पश्चिम बंगाल के संदेशखाली में उजागर हुई, जिसने पूरे भारत को झझकोर कर रख दिया। जनसेवक के रूप में स्थानीय विधायक शाहजहां द्वारा महिलाओं के ऊपर गलत नीयत से उनके साथ लागातार दुष्कर्म जैसी घटनाओं को अपने पाले हुए गुंडों के द्वारा अंजाम तक पहुंचाया। इस कृत्य के लिए शीर्ष राज्य नेतृत्व को कड़ा कदम उठाना चाहिए था, उस आरोपी, अपने दल के नेता के ऊपर निष्पक्ष तत्काल कानूनी कार्रवाई अमल में लाने की बजाय उसे बचाने में लगा हुआ था। यह कोई एक दिन की बात नहीं, यह कर्म बार-बार दोहराया गया। अपने ही देश के भीतर हमें महिलाओं के लिए उनके सम्मान, उनके हक की जंग लड़ना पड़ रही है। आज भी महिलाएं सुरक्षित नहीं हैं। सबसे कमजोर कड़ी के रूप में यह पितृसतात्मक पुरुष प्रधान तबका महिलाओं को उपभोग मात्र की वस्तु समझता है। उस पुरुष वरिष्ठ विचारधारा द्वारा उन तमाम महिलाओं के ऊपर हर साल महिला दिवस के रूप में उनके पक्ष में संवैधानिक अधिकारों की बड़ी-बड़ी बातें करने से, बड़े-बड़े पोस्टर चिपकाने से भी हम सभी की मन स्थिति में कोई फर्क पड़ने वाला नहीं है। समाज में हमेशा ही शुरू से महिलाएं तिरस्कृत वर्ग के रूप में लांछित स्वरूप में परिभाषित की गई हैं।

दिल्ली के रेड लाइट एरिया 64 नं. जी.बी रोड कमला मार्केट, महाराष्ट्र का कमाठीपुरा रेड लाइट एरिया, एशिया का सबसे बड़ा रेड लाइट एरिया सोनागाछी (पश्चिम बंगाल) में आज भी छोटी नाबालिग बच्चियों को पंजाब, हिमाचल प्रदेश, बंगाल, असम, उत्तर प्रदेश, बिहार, ओडिशा, राजस्थान व विदेशों से नेपाल, बांग्लादेश, मलेशिया, थाईलैंड आदि से बहला-फुसलाकर दलालों द्वारा खरीद-फरोख्त कर लाकर इस जिस्म की मंडी में बेचा जाता है, लेकिन आज के संदर्भ पर इस पर कोई बात नहीं करना चाहता है। इन क्षेत्रों का दौरा करने पर प्रतीत होता है कि किस तरह से छोटे-छोटे कमरों में इन छोटी बच्चियों को परोसने के लिए तैयार किया जाता है।

यह नारकीय स्थिति बदबूदार, हवाहीन कमरों में दलाल हेड आंटी द्वारा इनकी मानसिकता का शोषण कर डराया-धमकाया जाता है। पुरुष ग्राहक जिसमें पिता व दादा की



लेखक : ठाकुर तारा
समाजशास्त्री, सुंदरनगर

उम्र के अधेड़ पुरुष भी शामिल होते हैं। वह कम उम्र की इन लड़कियों को ज्यादा कीमत व पसंद के रूप में मांग करते हैं। इनके नाबालिग रूप को शरीर के विभिन्न अंगों को समय पूर्व पूर्ण विकसित करने के लिए ड्रग्स व स्ट्रेरॉयड के इंजेक्शन दिए जाते हैं, जिनका दुष्प्रभाव बहुत ही खतरनाक और वीभत्स होता है। इन्हें बाहर के जीवन से दूर रख, अपनों से दूर रख, इस धंधे में धकेल कर, इसे ही कर्म मनवा कर हमेशा के लिए झोंक दिया जाता है। यहां कि अदब, ग्राहकों से किस तरह पेश आना, कैसा व्यवहार करना, ग्राहक क्या चाहता है, उसके मन के अधीन होकर कार्य करना, उसके साथ शराब, सिगरेट को सहभागी होकर पीना, पिलाना जैसी मेजबानी शामिल होती है। अगर ये लड़कियां आनाकानी करती हैं तो इन्हें मारा-पीटा जाता है व ड्रग्स के नशे के गहरे इंजेक्शन दिए जाते हैं, जो बाद में विभिन्न यौन संचारी रोगों के रूप में प्रकट होते हैं। इन सभी कारणों से इनकी याददाश्त मतिभ्रम व भूलने की स्थिति को प्राप्त हो जाती है। ये लड़कियां यहां से अपनी मर्जी से भाग भी नहीं सकती हैं। इनके दिमाग को यह कहकर वॉश किया जाता है कि अगर बाहर भागोगी तो पुलिस द्वारा पकड़ ली जाएंगी और जेल की गंभीर यातनाएं भी भोगनी पड़ेंगी। फिर बदनामी के डर से ताउम्र भर यह इस जिस्म की चक्की में पिसती रहती हैं। ऐसा नहीं है कि ये जिस्म के अड्डे अंधेरे में सजते हैं। वहां की राज्य सरकार, कानून व्यवस्था द्वारा ही इन अधिकृत रेड लाइट एरिया को लाइसेंस दिए गए होते हैं। देवभूमि से भी ऐसी बहुत सी बच्चियां, जवान शादीशुदा महिलाएं आज भी राज्य से लापता हैं जो हमारे शिक्षित भोले-भाले हिमाचल के लोगों के लिए गंभीर, सोचनीय चिंतनीय विषय हैं।

इस जंजाल तंत्र में एक बार जो चला जाता है, तो वापस परिजनों को प्राप्त करना एक पहेली बन जाता है। एक उम्र गुजर जाने के बाद जब यहां से इन्हें बाहर का रास्ता दिखा दिया जाता है। इस पड़ाव में न शादी होती है, न पति का साथ, न बच्चे, बेसहारा होकर, दर्द भरे बूढ़े शरीर के साथ आपको यही बुजुर्ग महिलाएं दिल्ली कैंद क्षेत्र के आसपास कुतुबमीनार, लाल किला, चांदनी चौक, कश्मीरी गेट, दिल्ली रेलवे स्टेशन, पुरानी दिल्ली रेलवे स्टेशन, कश्मीरी गेट मेट्रो स्टेशन इत्यादि में अपना जीवन-यापन भीख मांगने के रूप में गुजर बसर करती हुई नजर आएंगी। न इनका कोई वर्तमान होता है, न भविष्य, सिर्फ एक अतीत होता है, वह भी सिर्फ दंश देने के लिए और एक लांछन के साथ जीवन-यापन करने के लिए। यही इसी बात का सच है, जो हम सभी और समाज के एक तबके से छुपा हुआ है, जो कि कभी उजागर नहीं हुआ।

उनके हिस्से का एक बहुत बड़ा कमाई का अंश दलाल, हेड दलाल मैडम, कोठा संचालक, मकान मालिकों व प्रशासन में बैठे कुछ बड़े आला अधिकारियों तक पहुंचता है। इन सभी की सांठगांठ का झोल मिल-जुलकर चलता है। अब हाल ही में सुंदरनगर में ही 54 वर्षीय पंजाब मूल के प्रवासी द्वारा 14 साल की नाबालिग बच्ची के साथ दुष्कर्म करने का मामला प्रकट हुआ है। बच्ची की मां के अनुसार उक्त व्यक्ति द्वारा पिछले एक साल से बच्ची को डरा-धमकाकर यह खेल जारी रखा।

दूसरा मामला हराबाग में उजागर हुआ, जहां आज के शिक्षित समाज में एक राहगीर चलती महिला के सिर व मुंह के ऊपर पुरुष द्वारा पत्थरों से हमला कर बालों से घसीटा गया व आरोप के मुताबिक गत वर्ष दुष्कर्म करने का मामला भी प्रकाश में आया। हम इस संदर्भ में किस महिला दिवस को मनाने की बात करते हैं। यह सब बातें निराधार, बेबुनियाद हैं और अप्रासंगिक भी हैं। सिर्फ महिला समूहों को झूठा महिला दिवस मनाने का नाटक कर सुधार होता तो फिर धरातल पर आज उनकी सुरक्षा को लेकर परिणाम देखे जाते व पुरुष प्रधान तत्वों की सोच में परिवर्तन व सम्मान परिलक्षित होकर नजर आता। हर दिन आज जमीनी स्तर पर महिला दिवस के ऊपर काम होना चाहिए। अगर पुरुष बाहर कमाता है, तो महिलाएं सभी कार्यों को वह मशीन की तरह बिना रुके, थके, हारे लगातार हर दिन करती है। फिर भी यह वर्ग समाज में गलत नजर, गलत आचरण, गलत नियत की शिकार होती आई हैं, इसलिए महिलाओं के दिवस हर वर्ष नहीं, हर दिन धरातल पर मनाने की, आज के दूषित होते समाज में परम आवश्यकता है।

नजरिया

# महाशिवरात्रि पर अपने अंदर के विकारों का करें समर्पण

**आज** भारत पतित और दुखी है। यही भारत आदिकाल में पावन, सुखी व वैभवशाली था। सृष्टि की आदि काल में सतयुग था। श्री लक्ष्मी व श्री नारायण के दैवीय दुनिया थी। भारत में शिव जयंती के बाद गीता जयंती भी मनाई जाती है। गीता जयंती से संबंधित है श्री कृष्ण जयंती, जिससे श्रीमद् भगवद गीता व महाभारत युद्ध का भी संबंध है। शिव जयंती ही महाशिवरात्रि है, जो कि कलयुगी आसुरी तत्वों का महाविनाश व महापरिवर्तन काल है, जिसके उपरांत सतयुगी दैवी संपदा का पुन: स्थापना, स्वर्णिम समय व शुभ सवेरा आता है।

शिव पुराण में स्वयं स्वयंभू कहते हैं, 'ज्योतिर्लिंगम स्वरूपम अहम'। अर्थात, शिव परमात्मा का सत्य स्वरूप ज्योति स्वरूप है। वे निराकार है। साकार शरीर धारी देवी-देवताओं को भी रचने वाले वे सर्वोच्च रचयिता है। भारत के प्रसिद्ध बारह ज्योतिर्लिंग धाम ज्योति स्वरूप निराकार शिव के भारत में दिव्य अवतरण के यादगार तीथ स्थल हैं। शिवरात्रि के दिनों में सोमनाथ से लेकर वैद्यनाथ तथा केदारनाथ से लेकर रामेश्वरम तक सभी ज्योति धामों में स्थापित शिव लिंग प्रतिमाओं की विशेष पूजा-अर्चना व जलाभिषेक



लेखिका : ब्रह्मा कुमारी संगीता
ईश्वरीय विश्वविद्यालय से संबद्ध

होता है। भारत में तैंतीस कोटि देवी-देवताओं का गायन है, जबकि एक ओंकार, निराकार शिव को ही परमात्मा माना जाता है, क्योंकि शिव शब्द परमात्मा सूचक है। जैसे की शिव शब्द 'शि' और 'व' अक्षरों से बना है, जो की क्रमन्वे में 'पाप नाशक' और 'मुक्तिदाता' के द्योतक है, इसलिए शिव शब्द का अर्थ कल्याणकारी है। वही, सदा मंगलकारी सदाशिव है। इसी गुण और कर्तव्य वाचक अर्थ में वे सभी देवों के देव परमात्मा शिव हैं। शंकर शब्द का अर्थ भी विनाश का पर्यायवाची है।

तो आएं, अपने को ज्योति स्वरूप आत्मा निश्चय कर उस पार बह्मेश्वर दिव्य ज्योति परमात्मा शिव की अंतरमन में स्मरण करें। आत्म ज्योत की शिव परमज्योत के साथ योग से अपने पाप और विकर्मों को भस्म करें। मन ही मन अपनी अंदर की विकारों की विष को विषहरी नीलकंठ शिव परमात्मा को समर्पण करें। उनके द्वारा बह्मा मुख निसृत ज्ञान अमृत का पान करें। इस मृत्यु लोक एवं आने वाली सतयुगी अमर लोक में अथाह सुख, शांति और समृद्धि की अधिकारी बने।

## अंदाज-ए-बयां — शिवरात्रि पर्व मनाएं

**किए** थे तप हजार, सदा भोले को पाने।
रही सदा से प्रीत, बनी हठी शिव मनाने।
देव गण परेशान, ध्यान शिव कौन हटाए।
मात सती का आज, मंगल विवाह रचाएं।
देव किए भयभीत, तारकासुर धमकाता।
कैसे रुके विनाश, रता भी समझ न आता।
बह्मा दिए विचार, हो पार्वती का जाया।
वही करेगा अंत, जिसने दहशत मचाया।
सती से रच विवाह, जरा सी खेली माया।
देख बाराती कौन, मां पार्वती घबराई।
कैसा नंग धड़ंग, मिला है हमें जंवाई।
विनय करे कर ध्यान, शंभू पार्वती मनाया।
छैल मोहनी रूप, ईश ने तभी बनाया।
शिव शक्ती का मेल, गीत सुर मिल हैं गाते।
आज शिवरात्रि पर्व , हर्षित हो के मनाते।
करिये शिव का ध्यान, भोले सदा ही भोले।
करते पूरी मांगे, चित्त से शिव शिव बोले।



शिव सन्याल
जवाली (कांगड़ा)

# चाहे घर हो, दफ्तर हो, बस, सड़क, गली या चौराहा, महिलाएं हर जगह असुरक्षित

**बेशक** आज विश्व महिला दिवस मनाया गया जा रहा है। विश्व महिला दिवस 2024 की कैंपेन थीम इंस्पायर इंकलूजन है। इंस्पायर इंकलूजन का अर्थ है महिलाओं के महत्व को समझने के लिए लोगों को जागरूक करना। इस थीम का अर्थ महिलाओं के लिए ऐसे समाज के निर्माण को बढ़ावा देना भी है, जहां महिलाएं खुद को जुड़ा हुआ महसूस कर सके और सशक्त महसूस कर सके। महिला दिवस पर ऐसे आयोजन केवल मात्र औपचारिकता भर रह गए हैं क्योंकि हर वर्ष एक संकल्प लिया जाता है कि महिलाओं कों अत्याचारों से मुक्ति दिलाई जाएगी, मगर धरातल की सच्चाई बेहद ही खौफनाक तस्वीर प्रस्तुत कर रही है।



नरेंद्र भारती
वरिष्ठ पत्रकार, मंडी

आज महिलाएं हर क्षेत्र में सफलता की बुलंदियां छू रही हैं। चांद तक अपनी काबिलियत का परचम लहरा रही हैं। महिलाओं की सुरक्षा के लिए सैकड़ों कड़े कानून बनाए गए हैं, मगर ये कानून सरकारी फाइलों की धूल चाट रहे हैं, अगर सही तरीके से लागू किए होते तो इन मामलों में हर वर्ष इजाफा नहीं होता। चाहे घर हो, दफ्तर हो, बस, सड़क, गली या चौराहा, महिलाएं हर जगह असुरक्षित ही महसूस कर रही हैं। प्रतिदिन हैवानियत की हदें लांघी जा रही हैं।

कश्मीर से कन्याकुमारी तक मंहिलाएं असुरक्षित हैं। विश्व गुरु कहलाने वाले भारत में महिलाओं पर जुल्मों की सूची लंबी होती जा रही हैं। जब देश की राष्ट्रीय राजधानी ही सुरक्षित नहीं है, तो महानगरों व छोटे कस्बों का क्या हाल होगा इससे अंदाजा लगाया जा सकता है। साल के 365 दिन महिलाओं पर अत्याचार होते रहते हैं, मगर सरकारों की कुंभकर्णी नींद नहीं टूट रही है। आज कोई भी विश्वास के योग्य नहीं रहा है। अपने रक्षक ही भक्षक बन गए हैं। बहु-बेटियां घर में ही असुरक्षित हैं। महिलाओं की सुरक्षा के लिए पुख्ता इंतजाम करने होंगे, तभी इन पर रोक लग सकती है।

कुछ महिलाओं ने ऐसे लोगों के खिलाफ साहस का परिचय देकर मिसाले कायम की है, ऐसे लोगों को चौराहों पर सरेआम पीटना चाहिए, ताकि अन्य लोगों को ऐसा दुस्साहस करने की हिम्मत न पड़े। देश के नागरिकों को महिलाओं के प्रति होने वाले अपराधों को रोकने के लिए एकजुट होना होगा। दहेज हत्या व हिंसा के मामलों को रोकना होगा।

सरकारों को चाहिए कि महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करने के लिए हर गांव से लेकर शहर तक जागरूकता शिविर लगाने चाहिएं। महिला संगठनों को भी आवाज उठानी चाहिए तथा महिलाओं की रक्षा करनी चाहिए। महिला दिवस पर गोष्ठियां करना महिला कानून के हक की बात करना बुरा नहीं है, मगर इन कानूनों को व्यवहारिक रूप से लागू करना होगा, तभी इन अपराधों पर अंकुश लगाया जा सकता है। भारत में जब तक महिलाएं सुरक्षित नहीं होगी, तब तक इन दिवसों की सार्थकता नहीं होगी।

# समानता की अर्थव्यवस्था के प्रति मार्ग प्रशस्त कर रहीं महिलाएं

**पिछले** दशक में भारत ने महिला श्रम बल भागीदारी दर (डब्ल्यूएलएफपीआर) को बढ़ाने की दिशा में महत्वपूर्ण प्रगति की है। कार्यबल में महिलाओं और विशेष रूप से युवतियों की भागीदारी बढ़ाने की परिवर्तनकारी क्षमता बहुत अधिक है, जो न केवल आर्थिक विकास को बढ़ावा देने का वादा करती है, बल्कि सामाजिक परिवर्तन को भी प्रेरित करती है। दिलचस्प बात तो यह है कि पिछले दशक में व्यापक सामाजिक-आर्थिक बदलावों, नीतिगत उपायों और महिलाओं के कामकाज के संबंध में सामाजिक मानदंडों में आए बदलावों को दर्शाती डब्ल्यूएलएफपी की वृद्धि संभवत: पिछली सदी में देखी गई वृद्धि से भी अधिक महत्वपूर्ण हो सकती है।

**महिला श्रम बल भागीदारी के लिए निर्णायक दशक :** भारत ने महिलाओं के रोजगार को बढ़ावा देने के लिए कई पहल और नीतियां लागू की हैं, जो कार्यबल में महिला-पुरुष संतुलन को बढ़ावा देने की दिशा में महत्वपूर्ण प्रगति को दर्शाती हैं। इन प्रमुख पहलों में प्रधानमंत्री मुद्रा योजना शामिल है, जिसका उद्देश्य छोटे कारोबार शुरू करने के लिए बिना किसी गारंटी के ऋण प्रदान करके महिला उद्यमियों को प्राथमिकता देना है। इसके अतिरिक्त, बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान लड़कियों की शैक्षिक स्थिति को बेहतर बनाने में सहायक रहा है, जिसका सीधा प्रभाव भविष्य में उनकी रोजगार की संभावनाओं पर पड़ता है। ये प्रयास कार्यस्थल पर सुरक्षा और विविधता सुनिश्चित करने संबंधी कॉरपोरेट नीतियों के साथ मिलकर श्रम बाजार में महिलाओं के लिए बाधाओं को दूर करने के संबंध में व्यापक दृष्टिकोण दर्शाते हैं। आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण (पीएलएफएस) कार्यबल में महिलाओं की भागीदारी में 13.9 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है, जो 2017-18 में 22 प्रतिशत से बढ़कर 2022-23 में 35.9 प्रतिशत हो गई। यह सकारात्मक रुझान राजनीतिक और नौकरशाही (सार्वजनिक), कॉरपोरेट (निजी) और युवतियों की इच्छाशक्ति का प्रमाण है। दुनिया की सबसे बड़ी युवा आबादी के रूप में, भारत आर्थिक अवसरों के लिए तैयार है, इस सार्वजनिक-निजी-युवा इकोसिस्टम को और मजबूत बनाना तथा उच्चतम स्तर पर नीति निर्माण को सूचित करने के लिए युवतियों को समान भागीदार के रूप में शामिल करना महत्वपूर्ण है।



धुवाराखा श्रीराम
यूनिसेफ इंडिया में युवाह की प्रमुख

**श्रम एवं रोजगार मंत्रालय (एमओएलई) के परामर्श की प्रेरणादायी भूमिका :** डब्ल्यूएलएफपीआर में सुधार लाने के आलोक में, सरकार, सिविल सोसायटी, उद्योग संघों और बहुपक्षीय एजेंसियों के प्रतिनिधित्व के साथ एक कार्य बल बनाने की दिशा में एमओएलई के प्रयास सराहनीय हैं। इस कार्यबल की चर्चाओं से प्राप्त महत्वपूर्ण निष्कर्ष को 'महिलाओं के लिए समानता, सशक्तिकरण सुनिश्चित करना' शीर्षक से नियोक्ताओं के लिए परामर्श के रूप में संकलित किया गया है, जो हितधारकों के बीच सहयोगात्मक दृष्टिकोण की शक्ति को सुदृढ़ बनाता है। काम के लचीले घंटों और बच्चों की देखरेख की सुविधाओं जैसे उपायों की सिफारिश करते हुए इस परामर्श का उद्देश्य श्रम बाजार में महिलाओं की भागीदारी को सीमित करने वाली कुछ प्राथमिक बाधाओं को दूर करना है।

निर्माण कार्य में संलग्न श्रमिकों, प्रवासी श्रमिकों तथा सूक्ष्म, मध्यम और लघु उद्यमों में काम करने वाली महिलाओं के लिए जेंडर न्यूट्रल क्रेच और महिलाओं के कामकाजी केंद्रों के प्रावधानों के महत्व पर समान रूप से जोर दिया गया है। आवागमन और बच्चों को जन्म देने से संबंधित सामाजिक बाधाएं दो सबसे महत्वपूर्ण कारक हैं, जो युवतियों के कार्यबल में प्रवेश और पुन: प्रवेश को बाधित करते हैं। परामर्श में चित्रित किए गए संलग्न क्रेच और बुजुर्गों की देखभाल की सुविधाओं युक्त महिला कामकाजी केंद्रों/छात्रावासों के विजन को साकार करने की दिशा में सरकार और निजी क्षेत्र के बीच सहयोगात्मक प्रयास महत्वपूर्ण होंगे। कोविड-19 के कारण कार्यस्थलों को देखने का हमारा नजरिया बदल रहा है तथा ज्यादातर नौकरियां हाइब्रिड और रिमोट प्रारूप में बदल गई हैं, ऐसे में प्रौद्योगिकी पारंपरिक कार्यस्थल की बारीकियों को खत्म करने में परिवर्तनकारी साबित हो सकती है। टेलीवर्किंग सुविधाओं सहित महिला-पुरुष सभी के लिए लचीले अवसरों के प्रावधान को इस तथ्य को सुदृढ़ करने के लिए परामर्श में रेखांकित किया गया है कि देखभाल एक सामूहिक जिम्मेदारी होनी चाहिए और महिलाओं को खुद पर पड़ने वाले देखभाल के असंगत बोझ के कारण रोजगार से बाहर नहीं हो जाना चाहिए। ये घटनाक्रम महिलाओं के व्यापक आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में प्रगतिशील, हालांकि चुनौतीपूर्ण, मार्ग सुझाते हुए, इन लाभों को बरकरार रखने और संवर्धित करने के लिए निरंतर नीतिगत फोकस और सामाजिक परिवर्तन की आवश्यकता पर बल देते हैं।

**महिलाएं शतक लगाएंगी :** भारत कामकाजी लोगों की अधिक आबादी के साथ जनसांख्यिकीय लाभांश के शिखर पर है, ऐसे में महिला कार्यबल की क्षमता का पता लगाना सामाजिक न्याय और रणनीतिक आर्थिक अनिवार्यता का मामला है। समाज के सभी क्षेत्रों के ठोस प्रयासों के साथ एमओएलई का परामर्श कार्रवाई का खाका पेश करता है। आगे की यात्रा चुनौतीपूर्ण है, लेकिन इसका प्रतिफल-आर्थिक सुदृढ़ता, सामाजिक कल्याण और मानव सामर्थ्य की पूर्ति-पहुंच के भीतर हैं, जो वैश्विक मंच पर भारत की उन्नति के प्रयास को न केवल आवश्यक बल्कि अनिवार्य बनाता है।

# शिक्षित महिला एक सभ्य और संस्कारी समाज की शिल्पकार

**आज** संपूर्ण विश्व महिलाओं के महत्व को समझने के लिए एक विशेष थीम इंस्पायर इंक्लुजन पर अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मना रहा है, जिसका अर्थ महिलाओं के लिए एक ऐसे समाज के निर्माण को बढ़ावा देना है, जहां महिलाएं खुद को जुड़ा हुआ महसूस करते हुए अपने आप को सशक्त महसूस कर सकें।

बेशक आज सबसे ज्यादा महिला सशक्तिकरण की बातें होंगी, लेकिन महिला सशक्तिकरण क्या है, यह कोई नहीं जानता। भले ही सन 1909 से यह दिवस मनाया जा रहा है, लेकिन आज 115 वर्षों के बाद भी क्या महिलाओं के खिलाफ होने वाले अत्याचार बंद हुए हैं? क्या महिलाओं की दशा मे कुछ भी बदलाव आया है? शायद जवाब होगा नहीं, तो फिर ऐसे दिवस को मनाने में क्या औचित्य रह जाता है, जो महिलाओं को उनका अधिकार, उनकी इज्जत नहीं दिलवा सकता। अगर पिछले वर्षों के आंकड़ों पर नजर डालें तो हमारे देश में दहेज के लिए हर रोज 20 बहुओं की हत्या, एक दिन में औसतन 87 बलात्कार और हर मिनट में एक बेटी की भ्रूण में हत्या हमारी महिला सशक्तिकरण के दावे को खारिज करती नजर आती है।

जहां एक तरफ महिलाओं के शोषण और कष्टप्रद जीवन के लिए पुरुष प्रधान समाज को जिम्मेदार ठहराया जाता है, वहीं यह भी कटु सत्य है कि महिलाएं भी महिलाओं के पिछड़ने के लिए जिम्मेदार हैं। गर्भावस्था में शिशु का लिंग जानकर बेटी को गर्भ में ही मार देना या जन्म के बाद उसकी हत्या करके कचरादान या कटीली झाड़ियों आदि में फेंक देना इत्यादि अनेक उदाहरण हैं, जिसमें उन्होंने पुरुषों के साथ मिलकर ऐसे घिनोने कार्यों को अंजाम दिया होगा। इसके अलावा जब लोग कहते हैं कि, लड़कियां पराया धन होती हैं, जिन्हें अधिक समय तक घर में रखना उचित नहीं, तो इस बात का अन्य महिलाएं विरोध क्यों नहीं करती। वे स्वयं भी खुद को और अपनी बेटियों को पराये धन के रूप में क्यों देखती हैं? कैसे कोई महिला, दहेज न मिलने पर अपनी बहू को ताने सुना सकती है? कैसे कोई मां-बेटे के जन्म पर अधिक खुश और बेटी के जन्म पर दुखी महसूस कर सकती है? ऐसे बहुत सारे अनगिनत सवाल हैं जो स्वयं महिलाओं को कठघरे में खड़ा करते हैं। जहां तक नारी के सम्मान के सम्मान की बात है, तो संस्कृत का एक श्लोक 'यत्र नार्यस्तु पूज्यन्ते, रमन्ते तत्र देवता' अर्थात जहां नारी की पूजा होती है, वहां देवता निवास करते हैं, भारतीय संस्कृति में नारी के महत्व को दर्शाता है। सही सम्मान एवं समर्थन दिए जाने पर, महिलाओं ने हर क्षेत्र में शानदार प्रदर्शन किया है। भारत में भी हमने महिलाओं को विविध भूमिकाओं में देखा है, राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, अंतरिक्ष यात्री, उद्यमी, बैंकर और बहुत कुछ। इसके अलावा महिलाओं को परिवार की रीढ़ भी माना जाता है। घरेलू कामों से लेकर बच्चों के पोषण तक, वे कई जिम्मेदारियां संभालते हुए सफलता का परचम हर जगह लहरा रही हैं ।



ब्लॉगर

रजनीश रांगड़ा
प्रधानाचार्य, टौणी (हमीरपुर)

यह कॉलम ब्लॉगर के लिए है। इस व्हाट्सऐप नंबर 9882400808 पर भेजें। ई-मेल editoranantgyaan@gmail.com

महिलाओं की यह सफलता निश्चित ही संतोष प्रदान करती है, ऐसे में यह भी आवश्यक है कि सुदृढ़ समाज और राष्ट्र के हित में महिला, पुरुष के मध्य प्रतिद्वंद्विता नहीं, बल्कि उनके बीच सहयोगात्मक संबंध बढ़ाए जाएं। शिक्षित एवं संपन्न महिलाओं को भी चाहिए कि वे ग्रामीण क्षेत्रों में पिछड़ी महिलाओं के लिए जो भी कर सकती हैं, करें ताकि उनकी दशा सुधारी जा सके।

एक बात तो तय है कानून के भय से न तो आजतक अपराध कम हुए हैं, न ही कम होंगे, इसलिए अगर हम महिलाओं के खिलाफ होने वाले अत्याचारों को सच में कम करना चाहते हैं तो पूरे समाज को अपनी संकीर्ण मानसिकता में बदलाव लाना होगा, जब तक हम लड़के और लड़कियों के बीच के अंतर को कम नहीं करते, तब तक महिलाओं की दशा सुधरने वाली नहीं है। महिलाओं के लिए कुछ करने का अर्थ यह नहीं कि कुछ अलग और खास करें। आप अपने आसपास की महिलाओं जो आपकी माता, बहन, पत्नी, बेटी या सहकर्मी हो सकती हैं, से ठीक से पेश आएं, उन्हें सम्मान दें, उनके विचारों को भी प्राथमिकता दें। वर्तमान की चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों को देखते हुए महिला का शिक्षित होना बेहद जरूरी है क्योंकि शिक्षित महिला मां, पत्नी, बेटी के रूप में एक सभ्य और संस्कारी समाज की शिल्पकार होती है। शिक्षित होकर एवं अपने अधिकारों के प्रति जागरूक होने पर ही महिलाएं अपने उत्पीड़न से छुटकारा पा सकती हैं, ऐसे में जब महिलाओं की दशा बेहतर होगी, तभी महिला दिवस का मनाया जाना भी सही मायनों में सार्थक हो पाएगा।

## अपनी बात

**हमारे** धार्मिक ग्रथों में हमें यह जानने को मिलता है कि शिव से माता पार्वती अकसर कलयुग के बारे पूछती है। शायद पार्वती माता पहले ही यह जान चुकी थी कि इस युग में झूठ का बोलबाला होगा, धर्म की हानि होगी। एक बार माता पार्वती ने भगवान शिव से यह पूछा कि मनुष्य के लिए सबसे बड़ा धर्म और सबसे बड़ा पाप क्या है? इस पर भगवान शिव ने उनके इस प्रश्न का उत्तर देते हुए कहा था कि मनुष्य का सबसे बड़ा धर्म है, हमेशा सत्य बोलना तथा सत्य का साथ देना और सत्य की राह चलना। अगर मनुष्य झूठ बोलता है अथवा झूठ का साथ देता है तो यह सबसे बड़ा महापाप है। इसलिए हर व्यक्ति को जिंदगी में हमेशा उन व्यक्तियों की संगत करनी चाहिए, जो सच्चाई की राह पर हों। शिव का अर्थ है कल्याणकारी या शुभकारी। यजुर्वेद में शिव को शांतिदाता बताया गया है। 'शि' का अर्थ है पापों का नाश करने वाला, जबकि 'व' का अर्थ देने वाला यानी दाता। शिव ने लोक कल्याण के लिए विष पिया था। कलयुग में हमें शिव को पाना है तो हमें सत्य को अपने जीवन में डालना ही होगा, नहीं तो शिव को पाने के लिए हम जितने मर्जी व्रत, तप, हवन या पूजा-अर्चना करना बेकार है। सत्य ही शिव है, शिव ही सुंदर है, इसलिए शिव को प्रसन्न करने के लिए सत्य की राह पर भी चलना जरूरी है।

-राजेश कुमार

अनंत ज्ञान
प्रकाशक एवं मुद्रक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक समरजीत, समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPIN01099
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

## न्यूज ब्रीफ

### निबंध लेखन में कोमल रही प्रथम



निबंध प्रतियोगिता में विजेता प्रतिभागी अध्यापकों के साथ।

**अंब।** राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय अंब में राष्टीय सेवा योजना इकाई द्वारा 'मेरा पहला वोट देश के लिए' अभियान के अंतर्गत विद्यार्थियों को जागरूक करने के लिए एक निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में 10 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। इस प्रतियोगिता में प्रथम कोमल, द्वितीय राजेश, तृतीय दिव्या सूद व चौथे स्थान पर अक्षिता ठाकुर रहीं। निर्णायक मंडल की भूमिका प्रो. सुख देव व डॉ. सुजाता ने निभाई। इस विशेष मौके पर प्रो. राजेश शर्मा, प्रो. अनिल वर्मा सहित समस्त प्राध्यापक व गैर प्राध्यापक उपस्थित रहे।

### सड़क सुरक्षा पर किया जागरूक


निबंध लेखन प्रतियोगिता के विजेता प्रतिभागी अध्यापकों के साथ।

**बंगाणा।** अटल बिहारी वाजपेयी राजकीय महाविद्यालय बंगाणा सड़क सुरक्षा क्लब के नोडल ऑफिसर प्रोफेसर सिकंदर नेगी के अध्यक्षता में महाविद्यालय में सड़क सुरक्षा पर एक दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। इस एक दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम में निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस निबंध लेखन प्रतियोगिता में प्रथम स्थान बीए प्रथम वर्ष की छात्रा तानिया शर्मा ने, द्वितीय स्थान बीए प्रथम वर्ष की छात्रा साक्षी ने और तृतीय स्थान, बीए तृतीय वर्ष की छात्रा इशिता धीमान ने प्राप्त किया। इस दौरान निर्णायक मंडल की भूमिका डॉ. विनोद कुमार और प्रोफेसर मुकेश ने निभाई। इस मौके पर रोड़ सेफ्टी बंगाणा के कैंपस लीडर साक्षी शर्मा, प्रियंका ठाकुर आदि मौजूद रहे।

### 9 मार्च को लगेगा चिकित्सा शिविर: सीएमओ

**ऊना।** सीएमओ ऊना डॉ संजीव वर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि क्षेत्रीय अस्पताल ऊना में 9 मार्च को प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के अंतर्गत गर्भवती महिलाओं की चिकित्सीय जांच हेतु शिविर लगाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि शिविर मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य केंद्र के नये भवन में लगाया जाएगा। शविर में लैब टेस्ट, खून का स्तर, मधुमेह, रक्तचाप व गर्भावस्था के दौरान खतरे के लक्षणों की जाँच व पहचान की जाएगी और निःशुल्क इलाज किया जाएगा। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के अंतर्गत यह शिविर हर माह 9 तारीख को क्षेत्रीय अस्पताल ऊना व जिला के सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, व सिविल अस्पताल में लगाए जाते हैं।

### सुझाव व आपत्ति 30 दिन में डीसी के समक्ष करें प्रस्तुत

**ऊना।** हिमाचल प्रदेश टाउन एंड कंट्री प्लानिंग एक्ट 1977 के अनुभाग 70 के तहत श्री चिंतपूर्णी विशेष क्षेत्र के लिए विकास योजना का प्रारूप प्रकाशित कर दिया गया है। यह जानकारी अध्यक्ष विशेष क्षेत्र विकास प्लान श्री चिंतूपूर्णी एवं उपायुक्त जतिन लाल ने दी। उन्होंने बताया कि प्रकाशित प्रारूप के विकास योजना की प्रति सदस्य सचिव विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण श्री चिंतपूर्णी-सह-सहायक नगर योजनाकार, उपमंडलीय नगर नियोजन कार्यालय ऊना और कैम्प ऑफिस, विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण श्री चिंतपूर्णी, गावं रेही (नजदीक पेट्रोल पंप) जिला कांगड़ा में निरीक्षण हेतू उपलब्ध है। जतिन लाल ने बताया कि चिंतपूर्णी विशेष क्षेत्र के लिए विकास योजना के प्रकाशित प्रारूप के संबंध में यदि किसी को आपत्ति है या सुझाव देना हो तो वह लिखित रूप में 30 दिन के भीतर अध्यक्ष विशेष क्षेत्र प्राधिकरण श्री चिंतपूर्णी एवं उपायुक्त के समक्ष प्रस्तुत कर सकते हैं।

### आईटीआई हमीरपुर का सौरभ प्रदेश भर में प्रथम

**हमीरपुर।** औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान हमीरपुर में ट्रेड इलेक्ट्रॉनिक्स मैकेनिक के प्रशिक्षणार्थी सौरभ बंसल ने ऑल इंडिया ट्रेड टेस्ट सत्र जुलाई 2020-22 में ली गई परीक्षा में ट्रेड इलेक्ट्रॉनिक्स मैकेनिक में प्रदेश भर में प्रथम स्थान हासिल किया है। सौरभ के उत्कृट प्रदर्शन के लिए उन्हें संस्थान के प्रधानाचार्य सुभाष चंद ने हिमाचल प्रदेश तकनीकी शिक्षा बोर्ड की तरफ से 3100 रुपये का डिमांड-ड्राफ्ट, गोल्ड मैडल और मेरिट सर्टिफिकेट प्रदान किया। प्रधानाचार्य ने इस उत्कृष्ट उपलब्धि के लिए सौरभ बंसल, उनके माता-पिता और उनकी अनुदेशिका मंजू लता शर्मा को हार्दिक बधाई दी और संस्थान के अन्य ट्रेड इंस्ट्रक्टर को भी प्रोत्साहित किया कि वे इसी तरह पूरी लगन से सभी प्रशिक्षणार्थियों को प्रशिक्षण दें। प्रिंसिपल ने सौरभ बंसल को उसके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।

### बबलू ने विकास कार्यों के लिए जारी की निधि

**अंब।** चिंतपूर्णी विधानसभा क्षेत्र की विभिन्न पंचायतों में विकास कार्यों के लिए विधायक सुदर्शन सिंह बबलू ने विधायक निधि से पांचवीं किश्त में 13 लाख 50 हजार रुपए जारी किए हैं। विधायक बबलू ने कहा कि जारी की गई राशि से मैड़ी खास पंचायत में महावीर सिंह के घर से ऋषि ठाकुर के घर तक रास्ते और पक्की नाली के लिए दो लाख रुपए, बधमाणा पंचायत के वार्ड नंबर-चार में राम दास के घर को रास्ते और डंगे के लिए एक लाख पचास हजार रुपए, लडोली पंचायत के वार्ड नंबर-पांच में नालियों के लिए दो लाख रुपए, लडोली पंचायत के वार्ड चार में तिलक राज के घर से सुरेहडेयां पुली तक पक्के रास्ते के लिए दो लाख रुपए, लडोली पंचायत के वार्ड नंबर-सात में रोड से आबादी सोहन सिंह पक्के रास्ते के लिए दो लाख रुपए, बधमाणा पंचायत में शमशेर सिंह बस्ती गुलेरियां में डंगे के साथ पक्के रास्ते के लिए दो लाख रुपए और सिद्ध चलेहड़ में वार्ड नंबर-दो डंडयाल के घर से बाबड़ी तक पक्के रास्ते के लिए भी दो लाख रुपए की राशि जारी की है।



# क्षेत्रीय अस्पताल में भटकते रहे मरीज, सामान्य ओपीडी रही बंद

**इमरजेंसी और डेंटल ओपीडी में जारी रही सेवाएं**

अनंत ज्ञान ब्यूरो, ऊना

जिला मुख्यालय स्थित क्षेत्रीय अस्पताल में चिकित्सकों की हड़ताल के चलते स्वास्थ्य सुविधाएं बुरी तरह प्रभावित हई। सामान्य ओपीडी दिन भर बंद रही। इस समस्या के कारण दूर दूर से आए लोगों को स्वास्थ्य सुविधा न मिलने के कारण परेशानी का सामना करना पड़ा। सामान्य ओपीडी के चिकित्सकों का तर्क था कि एसोसिएशन की स्टेट कॉल पर ओपीडी को बंद किया गया था।

उनका कहना था कि करीब पौने दो महीनों से चिकित्सक अपनी मांगों को लेकर विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं, लेकिन शांतिप्रिय तरीके से सरकार उनकी कोई बात सुनने को तैयार नहीं है। उधर डेंटल ओपीडी और इमरजेंसी में सेवाएं जारी रहीं।

वीरवार को ज़िला मुख्यालय के क्षेत्रीय अस्पताल में स्वास्थ्य सेवाएं पूरी तरह से चरमरा गई। लोग सामान्य ओपीडी में पहुंच रहे थे, लेकिन ओपीडी ब्लॉक में अधिकांश चिकित्सक नदारद थे। हालांकि वे हाजिर थे, लेकिन उन्होंने ओपीडी में पहुंच रहे लोगों को नहीं देखा। हालात ऐसे थे कि कई लोग तीस से पचास किलोमीटर दूर से भी पहुंचे हुए थे लेकिन उनको बिना उपचार के ही वापिस लौटना पड़ा। बंगाणा के डीआर शर्मा, हरोली के तिलक राज आदि ने बताया कि वे सुबह नौ बजे से चिकित्सकों के कमरे के बाहर इंतजार करते रहे, लेकिन दोपहर तक कोई चिकित्सक सामान्य ओपीडी में नहीं बैठा। अन्य दिनों में चिकित्सक दोपहर बाद ओपीडी शुरू कर देते थे, लेकिन आज उनको समस्या का सामना करना पड़ा।

सीएमओ डॉ. एसके वर्मा ने बताया कि चिकित्सकों द्वारा सामान्य ओपीडी को बंद रखने की कॉल थी। गंभीर रोगियों के लिए इमरजेंसी सेवाएं जारी रहीं। डेंटल ओपीडी में भी सामान्य कामकाज हुआ है।



डेंटल ओपीडी में चिकित्सक रोगियों की जांच करते हुए।

## कानूनी अधिकारों की दी जानकारी



कानूनी सहायता एवं जागरूकता शिविर में उपस्थित गणमान्य व विद्यार्थी।

अनंत ज्ञान, हरोली

हिमकेप्स कॉलेज ऑफ लॉ बढ़ेड़ा द्वारा कानूनी सहायता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन विभिन्न स्कूलों एवं कॉलेजों में करवाया जा रहा है। इसी कड़ी में सोमवार को डिग्री कॉलेज हरोली में कानूनी सहायता शिविर आयोजित किया गया।

कॉलेज के प्रधानाचार्य जसवंत सिंह ठाकुर ने बताया की कॉलेज के पैरा लीगल ब्लंटियर द्वारा विभिन्न स्कूलों तथा कॉलेजों में पहुंचकर छात्र छात्राओं को कानूनी सहायता बारे विस्तार पूर्वक जानकारी दी जा रही है। कहा संस्थान द्वारा यह मुहिम पूरे जिला ऊना में चलाई जा रही है। हिमकेप्स संस्थान के चैयरमैन विक्रमजीत सिंह ठाकुर ने कहा की यह मुहिम लोगों को उनके अधिकारों व कर्तव्यों बारे जागरूक करेगा।

**व अदालत अधिशाषी दंडाधिकारी एवं नायब तहसीलदार नगरोटा बगवां जिला कांगड़ा हि.प्र.**

मिसल नं. 553/NT/2024
ता.दा. 28-02-2024
तारीख पेशी 07-04-2024

**अनुमान-इंद्राज**

**श्रीमति**- प्रार्थना पत्र पार्थी रमन शर्मा पुत्र श्री ठाकुर दास वार्ड नं. 6 सरोत्री मोहाला नगरोटा, नगरोटा बगवां जिला कांगड़ा।

**प्रार्थी पक्ष बनाम आम जनता**

**विषय** : प्रार्थना पत्र जेर धारा 13(3) जन्म पंजीकरण अधिनियम 1969 के अंतर्गत प्रमाण पत्र लेने बारे प्रार्थना पत्र।

**अखबारी ईश्तहार बनाम आम जनता**

उपरोक्त मुकदमा बारे प्रार्थिका ने इस न्यायालय में प्रार्थना पत्र जेर धारा 13(3) जन्म पंजीकरण अधिनियम गुजारा है, जिसके अनुसार प्रार्थी के बेटे का जन्म दिनांक 22-01-2018 को वार्ड नं. 6 नगरोटा बगवां में हुआ है लेकिन अज्ञानतावश उसके जन्म को नगर परिषद नगरोटा बगवां में दर्ज नहीं करवा सके। प्रार्थी अपने बेटे के उक्त जन्म को नगर परिषद में दर्ज करवाना चाहता है।
अत: उक्त प्रार्थनापत्र के संदर्भ में यदि आम जनता या अन्य किसी जन्मतिथि को नगर परिषद नगरोटा बगवां के रिकार्ड में दर्ज करवाने बारे कोई एतराज हो तो वह असालतन या वकालतन इस अदालत में दिनांक 07-04-2024 को दोपहर बाद 2:00 बजे हाजिर हो सकता है। हाजिर न आने की स्थिति में एक तरफा कार्यवाही अमल में लाई जाकर नियमानुसार निर्देश पारित कर दिए जाएंगे और बाद में कोई भी उजर या एतराज समायत न होगा।
आज दिनांक 21-02-2024 को मेरे हस्ताक्षर मोहर सहित जारी हुए।

अधिशषी दंडाधिकारी
एवं नायब तहसीलदार
तहसील नगरोटा बगवां
जिला कांगड़ा ( हि.प्र. )

## शिवमय हुआ हरोली क्षेत्र

अनंत ज्ञान, ऊना

हरोली क्षेत्र में ब्रह्मकुमारीज़ के सौजन्य से त्रिमूर्ति शिव संदेश रथ यात्रा के साथ शोभायात्रा निकाली गई। दुलैहड़ में ब्रह्मकुमारीज़ के नवनिर्मित आश्रम में महाशिवरात्रि पर्व के उपलक्ष्य में इस आयोजन पर बड़ी संख्या में एकत्रित लोगों ने शिरकत की। शिव महिमा के गुणगान से पूरे क्षेत्र का माहौल भक्तिमय हो गया। कार्यक्रम के शुरु में ऊनकोफैड के चेयरमैन राजेन्द्र शर्मा, ब्रह्मकुमारी बबिता बहन, बी के अवदेश भाई सहित हीरां नगर की पंचायत प्रधान मनजीत कौर, उपप्रधान रमेश भाई, दुलैहड़ पंचायत के प्रधान नन्दकिशोर , उपप्रधान पवन कुमार व पंचायत सदस्यों नें आश्रम प्रांगण में ब्रह्मकुमारीज़ के ध्वज का ध्वजारोहण किया।

इस अवसर पर बीके अवदेश भाई नें त्रिमूर्ति शिव संदेश रथ पर आध्यात्मिक प्रदर्शनी के सृष्टि चक्कर को विस्तार से समझाया व पवित्रता से जीवन को सुखमय बनाने के लिए मन, कर्म व वचन को शुद्ध बननाने के उपायों को अपनाने का संदेश दिया। बी के बबिता ने शिवरात्रि के महापर्व को जीवन मूल्यों का स्मरणोत्सव बताया। उन्होंने ने कहा कि इस पर्व पर स्वयं तथा परमात्मा को पहचान अपने जीवन में दैवी गुणों का समावेश करें। तथा परमात्मा शिव से मिलन मनाएं। इस अवसर पर त्रिमूर्ति शिव संदेश रथ जिस पर दाव्दश ज्योतिलिंग, सोमनाथ, रामेश्वरम, त्रयंबकेश्वर, वैद्यनाथ, केदारनाथ व नागेश्वर महादेव तीर्थ स्थलों के आकर्षक मार्डलों को दर्शाया गया है को गणमान्य लोगों की उपस्थित ब्रह्मकुमारीज ईश्वरीय चिन्ह की ध्वजिकाएं लहरा कर रवाना किया, जोकि दुलैहड़ के इधर गिर्द के 15 गावो में महाशिवरात्रि के ईश्वरीय संदेश दिया।


त्रिमूर्ति शिव संदेश रथ यात्रा के साथ गणमान्य लोग।

## ऊना में 118 बच्चों को मिल रहा स्पोंसरशिप व फोस्टर केयर योजना का लाभ

**ऊना।** मिशन वातसल्य के तहत फोस्टर केयर योजना के अंतर्गत जिला में वर्तमान समय में 118 बच्चों को स्पोंसरशिप और फोस्टर केयर योजना का लाभ मिल रहा है। यह जानकारी उपायुक्त जतिन लाल ने मिशन वातसल्य को लेकर आयोजित हुई बैठक में दी।

उन्होंने बताया कि योजना के तहत बच्चों को 4,500 रुपए प्रतिमाह आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है। उन्होंने बताया कि 31 दिसम्बर, 2023 तक 6 नए बच्चों को इस संबंध में गठित कमेटी के माध्यम से स्पोंसरशिप और फोस्टर केयर योजना के तहत स्वीकृत प्रदान की गई है। इसके अतिरिक्त 31 दिसम्बर, 2023 तक 18 बच्चों को 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने पर इस योजना के बाहर किया गया है।

**कार्यालय ग्राम पंचायत कुदैल, विकास खंड एवं तहसील बैजनाथ जिला कांगड़ा ( हि.प्र. )**

प्रस्ताव प्रतिलिपि संख्या 05 — दिनांक 06/03/2024

उपस्थिति — अध्यक्षता: अनूप राणा

आज दिनांक 06/03/2024 को ग्राम पंचायत कुदैल की बैठक प्रधान अनूप राणा की अध्यक्षता में होकर निम्नलिखित कार्यवाही अमल में लाई गई।

विषय : ग्राम पंचायत कुदैल में वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए निविदाएं आमंत्रित करने बारे।

आज की पंचायत बैठक में सामूहिक प्रस्ताव लाया गया कि ग्राम पंचायत कुदैल में वर्ष 2024-25 के लिए निविदाएं आमंत्रित की जानी है, ताकि ग्राम पंचायत में आगामी वित्तीय वर्ष के लिए निविदाएं आमंत्रित कर स्वीकृत सप्लायर से सामग्री क्रय की जा सके। अत: प्रस्ताव पर चर्चा उपरांत निर्णय हुआ कि निविदा आमंत्रित करने हेतु दो समाचार पत्रों में विज्ञापन दिया जाए तथा निविदाएं आमंत्रित करने के लिए ग्राम पंचायत स्वीकृति प्रदान करती है। निविदाएं दिनांक 18/03/2024 को बाद दोपहर खोली जाएंगी। प्रमाणित किया जाता है कि प्रतिलिपि मूलनुसार सही है।

प्रधान/सचिव ग्राम पंचायत कुदैल

**कार्यालय ग्राम पंचायत चौबीन, विकास खंड एवं तहसील बैजनाथ जिला कांगड़ा ( हि.प्र. )**

प्रस्ताव प्रतिलिपि संख्या 05 — दिनांक 04/03/2024

आज दिनांक 04/03/2024 को ग्राम पंचायत चौबीन की बैठक प्रधान श्रीमति निशा की अध्यक्षता में होकर निम्नलिखित कार्यवाही अमल में लाई गई।

विषय : वित्तीय वर्ष 2024-25 को कुटेशन बारे।

यह है कि बैठक पंचायत में प्रधान महोदया द्वारा प्रस्ताव लाया गया है कि वर्ष 2024-25 के लिए रेत, बजरी क्रशर पक्की ईंट पत्थर का स्टोन लकड़ी, लोहा सरिया आदि की खरीद के लिए निविदाएं आमंत्रित की जाएगी । निविदा दिनांक 19/03/2024 तक ग्राम पंचायत के कार्यालय में 10 से 5 बजे तक खोली जा सकती है। निविदाएं दिनांक 20/03/2024 को खोली जाएगी । निविदा के फार्म पंचायत से प्राप्त कर सकते हैं । निविदा को रद्द करने का अधिकार पंचायत के पास होगा।

प्रधान/सचिव ग्राम पंचायत चौबीन

## अमोदिनी महिला सशक्तिकरण योजना के लिए से आवेदन आमंत्रित

अनंत ज्ञान, ऊना

हिमोत्कर्ष अमोदिनी महिला सशक्तिकरण प्रकल्प के अंतर्गत पात्र विधवाओं को फ्री राशन योजना में वर्ष 2024-25 हेतु मेहनतकश विधवाओं के चयन के लिए आवेदन की अंतिम तिथि को 20 मार्च 2024 तक बढ़ा दिया गया है। यह जानकारी हिमोत्कर्ष परिषद के जिलाध्यक्ष कर्णपाल सिंह मनकोटिया ने दी। उन्होंने कहा कि पात्र महिलाएं अब 20 मार्च, 2024 तक अपने आवेदन पत्र रोटरी गली ऊना स्थित हिमोत्कर्ष कार्यालय में किसी भी कार्यदिवस पर सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक जमा करवा सकती है। उन्होंने कहा कि इसके लिए आयु सीमा में भी छूट दी गई है तथा अब 50 वर्ष आयु तक की विधवा महिलाएं पात्र होगी। आवेदन करने वाली महिला को प्रदेश सरकार से विधवा पेंशन नहीं मिल रही हो, वहीं उनकी पारिवारिक आय भी 50 हजार रुपए वार्षिक से कम हो। इसके अलावा उन्हें हिमोत्कर्ष परिषद से पहले कभी किसी भी प्रकार की सहायता प्राप्त न हुई हो। उन्होंने कहा कि इसके लिए आवेदन पत्र परिषद के कार्यालय से प्राप्त किए जा सकते हैं। उन्होंने कहा कि आवेदन पत्र के साथ पति का मृत्यु प्रमाण पत्र, आवेदनकर्ता की दो पासपोर्ट साइज फोटो व आय प्रमाण पत्र, आधार कार्ड तथा बैंक खाते की प्रति जमा करवानी होगी। उन्होंने कहा कि चयनित महिलाओं को वर्ष 2024-25 के तहत अप्रैल,2024 से मार्च, 2025 तक हर माह 750 रुपए राशि का राशन उपलब्ध करवाया जाएगा। कर्णपाल ने बताया कि 2013-14 वर्ष से शुरू इस प्रकल्प के तहत परिषद ने अभी तक 620 विधवाओं को करीब 42 लाख रुपए राशन व अन्य मदद उपलब्ध करवाई है।

## मैक्स में 25 व एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस में भरे जाएंगे 32 पद

**ऊना।** मैक्स लाइफ इंश्योरेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड वार्ड नं.-3 सिटी सेंटर ऊना द्वारा मैक्स लाइफ में 25 पद और एसबीआई लाईफ इंश्योरेंस में 32 पद अधिसूचित किए गए हैं। इस संबंध में जिला रोजगार अधिकारी अक्षय शर्मा ने बताया कि इन पदों के लिए साक्षात्कार 11 मार्च को प्रात: 10 बजे उप रोजगार कार्यालय बंगाणा, 12 मार्च को उप रोजगार कार्यालय हरोली, 13 मार्च को उप रोजगार कार्यालय अम्ब व 14 मार्च को जिला रोजगार कार्यालय ऊना में कैंपस साक्षात्कार आयोजित किया जा रहा है। अक्षय शर्मा ने बताया कि इन पदों के लिए शैक्षणिक योग्यता जमा दो और ग्रेजुएशन और आयु सीमा 18 से 50 वर्ष निर्धारित की गई है। इसके अतिरिक्त इन पदों के लिए 10 से 20 रुपण प्रतिमाह वेतन दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि साक्षात्कार में एक्स सर्विसमैन भी भाग ले सकते हैं।

इच्छुक अभ्यर्थी अपनी योग्यता प्रमाण पत्र, जन्म तिथि, रोजगार कार्यालय का पंजीकरण कार्ड, हिमाचली बोनाफाइड, आधार कार्ड नंबर, दो पासपोर्ट साइज फोटोग्राफ व बायोडाटा सहित साक्षात्कार में भाग ले सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए 82848-79966 व 89884-25215 पर संपर्कंकिया जा सकता है।

**कार्यालय ग्राम पंचायत बल्हसीना विकास खंड झंडूता जिला बिलासपुर (हि.प्र.)**

आज दिनांक 06-03-2024 को ग्राम पंचायत बल्हसीना में मासिक बैठक का आयोजन श्री सुखदेव की अध्यक्षता में संपन्न हुई। उपस्थिति 9/9 रही। बैठक में निम्न कार्यवाही अम्ल में लाई गई।

**प्रस्ताव संख्या (8) कुटेशन/ निविदाएं आमंत्रित करने बारे।**

पंचायत बैठक में अध्यक्ष ने प्रस्ताव पारित रखा कि वित्तीय वर्ष 2024-2025 हेतु विभिन्न मदों के अंतर्गत विकासात्मक कार्यों के निष्पादन हेतु निविदाएं समाचार पत्रों के माध्यम से आमंत्रित की जाए। मटरियल विक्रेताओं से अनुरोध है कि जिसके पास पैन कार्ड, जीएसटी सर्टिफिकेट है वे निविदा कुटेशन प्रत्येक कार्य दिवस को 10:00 बजे से 4:00 बजे शाम तक ग्राम पंचायत कार्यालय में बंद लिफाफे में डाक/स्वयं दिनांक 22/03/2024 तक जमा करवा सकते हैं। निविदा दिनांक 26.03.2024 को 1:00 बजे दोपहर खोली जाएगी। निविदा आमंत्रित करने हेतु सामग्री विवरण निम्न प्रकार से है-

| क्रम सं. | सामग्री का नाम | मूल्य प्रति इकाई |
|---|---|---|
| 1. | रेता क्रेशर (धुला रेता) | per cu.m |
| 2. | बजरी क्रेशर 10mm/20mm/40mm/60mm/80mm | per cu.m |
| 3. | बोल्डर पत्थर | per cu.m |
| 4. | कट स्टोन (पत्थर) | per cu.m |
| 5. | पत्थर चक्का | per cu.m |
| 6. | ईंटें (2nd class) | per Brick |
| 7. | स्टील (सरिया) | मार्केट रेट पर मान्य होगा। |
| 8. | फॉर्म वर्क/सेटरिंग (लकड़ी, स्टील) | per sq.m/mt |
| 9. | सीमेंट ढुलान सिविल सप्लाई झंडूता से कार्य स्थल तक (including loading, unloading) | per Bag |
| 10. | बोर्ड निर्माण व लिखाई | प्रति फुट स्क्वेयर |
| 11. | JCB | प्रति घंटा |
| 12. | दरवाजे, खिड़कियां, लकड़ी | sq.ft/sq.mt |
| 13. | Door, window, shutter, grill, steel with labour & Carriage | Per Kg |
| 14. | पानी का टैंकर | per टैंक |
| 15. | मिक्सचर | Per work day |
| 16. | Inter Lock tile (40mm,60mm,80mm) (आईएसआई पर प्रमाणित) | Per Tile |
| 17. | PVC (60,90,110,140,160,180,200,225mm) with socut, Alvo | Per Pipe |
| 18. | टैंट कुर्सी, साउंड सिस्टम | Per Item, per Day |
| 19. | चायपान | Per Item |
| 20. | टीन, एंगल पत्ती, roofdurashine/White include other | Per Picec |

**अनिवार्य शर्तें..**

1. निविदाकर्ता को अपना पैन कार्ड, आधार कार्ड, बैंक खाता, बिल नमूना व जीएसटी न. निविदा के साथ लगाएं । 2. सामग्री निविदादाता द्वारा कार्यस्थल अथवा जहां तक ट्रैक्टर जा सके उपलब्ध करवानी होगी। 3. कुटेशन की दर रायल्टी जीएसटी कार्यस्थल तक माल ढुलाई मानी जाए। 4. स्वीकृत वेंडर को सप्लाई आदेश मिलने के सात दिनों के भीतर सामग्री उपलब्ध करवानी होगी अन्यथा निविदा बिना नोटिस किए ही रद्द मानी जाएगी। 5. कुटेशन रद्द करने का पूर्ण अधिकार ग्राम पंचायत को होगा। 6. निविदादाता अनुपस्थित होने पर स्वयं जिम्मेदार होगा व कुटेशन । 7. एम फॉर्म सामग्री बिल के साथ निविदादाता को जमा करवाना होगा। 8. स्वीकृत निविदादाता द्वारा को 100000/- (एक लाख रु.) की धरोहर राशि ग्राम पंचायत बल्हसीना के नाम बंधित (प्लैज) कराकर शपथ पत्र सहित जमा करवाएं अन्यथा आपकी निविदा रद्द करने का पूर्ण अधिकार पंचायत को होगा। 9. सामग्री अदायगी टीए/जेई द्वारा कार्य असेस्मेंट/मूल्यांकन के अनुसार की जाएगी।

प्रधान/सचिव ग्राम पंचायत बल्हसीना

**कार्यक्रम** — अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में हिमोत्कर्ष महिला प्रशिक्षण संस्थान में कार्यक्रम का अयोजन

## नारी सशक्तिकरण में हिमोत्कर्ष की भूमिका सराहनीय: कौशल

अनंत ज्ञान, ऊना

हिमोत्कर्ष परिषद महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में बेहतरीन कार्य कर रही है। यह बात अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस 2024 के उपलक्ष्य में हिमोत्कर्ष महिला मंच द्वारा वीरवार को संयुक्ता चौधरी हिमोत्कर्ष महिला प्रशिक्षण संस्थान में आयोजित कार्यक्रम में अपने संबोधन में हिमोत्कर्ष महिला मंच अध्यक्ष दीपशिखा कौशल ने कही। उन्होंने महिलाओं को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस की बधाई दी।

कार्यक्रम में दिव्यांग कामगार महिला को 11 हजार रुपए की आर्थिक मदद प्रदान कर सम्मानित किया गया, जबकि कार्यक्रम में संस्थान की 15 छात्राओं को प्रधानमंत्री ग्रामीण डिजिटल साक्षरता अभियान के तहत डिजिटल साक्षरता का अधिमूल्यन प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। दीपशिखा ने कहा कि वर्तमान दौर में महिलाएं हर क्षेत्र में बेहतरीन कार्य कर रही है। महिलाएं आत्म विश्वास से लवरेज होकर परिवार व समाज के उत्थान में अपना योगदान दे रही है। शिक्षित महिला सशक्त समाज की परिकल्पना को साकार कर सकती है। उन्होंने बेटियों से शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ने का भी आह्वान किया। उन्होंने कहा कि अंतराष्ट्रीय महिला दिवस तो साल में मात्र एक दिन मनाया जाता है, लेकिन हिमोत्कर्ष परिषद प्रत्येक दिन महिलाओं के उत्थान व कल्याण के लिए जुटी हुई है।

उन्होंने हिमोत्कर्ष महिला मंच की गतिविधियों पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में संयुक्ता चौधरी हिमोत्कर्ष महिला प्रशिक्षण संस्थान के प्राचार्य नरेश सैनी ने संस्थान में चलाए जा रहे विभिन्न कोर्सिज के बारे में जानकारी दी। इस दौरान हिमोत्कर्ष महिला मंच सदस्य रमा कंवर ने मंच का संचालन किया।

इस मौक पर परिषद के प्रदेशाध्यक्ष जितेंद्र कंवर, महिला मंच सदस्य मंजू मनकोटिया, कविता गोयल, मनीषी ठाकुर, रंजू बाला, मीना ठाकुर, निशा, सोनिया, कमला, हिमोत्कर्ष परिषद के जिलाध्यक्ष कर्णपाल सिंह मनकोटिया, कोषाध्यक्ष योगेश कौशल सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।



दीपशिखा कौशल हिमोत्कर्ष महिला प्रशिक्षण संस्थान में छात्राओं के साथ।

### इन्हें किया पुरस्कृत

कार्यक्रम में शालू देवी पुत्री सुभाष चंद, अमिता कुमारी पुत्री तिलक राज, प्रिया पुत्री भूपिंद्र सिंह, हीना पुत्री गुरमेल सिंह, चाहत पुत्री केवल कुमार, गगनदीप कौर पुत्री बहादुर सिंह, दीक्षा पुत्री अश्वनी कुमार, शिवानी पुत्री बलविंद्र कुमार, कोमल पुत्री गुरबचन सिंह, संगीता पुत्री तिलक राज, सुहानी पुत्री पवन कुमार, जसप्रीत कौर पुत्री केवल सिंह, लवलीन पुत्री ओम प्रकाश व सिमरन शर्मा पुत्री अश्वनी कुमार आदि को सम्मानित किया गया।

## न्यूज ब्रीफ

### कॉलेज की छात्राओं ने दी बेहतर प्रस्तुति


क्रिश्चियन नर्सिंग कॉलेज की छात्राएं अटल सदन में प्रस्तुति देती हुई।

**कुल्लू।** क्रिश्चियन नर्सिंग कॉलेज की छात्राओं ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर आयोजित समारोह में भाग लेकर महिला सशक्तिकरण में भूमिका दर्ज की है। ऐसे तो अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस को हर वर्ष 8 मार्च को मनाया जाता है किंतु इस वर्ष यह आयोजन 7 मार्च को जिला कुल्लू के अटल सदन में आयोजित किया गया। हर वर्ष कि भांति इस वर्ष भी महिला दिवस का थीम रखा गया जो रहा 'इंस्पायर इंक्लुजन' जिसका अर्थ है महिलाओं के महत्व को समझने के लिए लोगों को जागरूक करना। इस महिला सशक्तिकरण के महोत्सव में छात्राओं ने अपनी प्रस्तुति के द्वारा महिलाओं के महत्व व योगदान को समाज के सामने उजागर किया

### मकान में आग लगने से लाखों का नुकसान


कुल्लू के देवधार में आगजनी की घटना में जला सामान।

**कुल्लू।** जिला मुख्यालय कुल्लू के साथ सटे देवधार गांव में काष्ठकुणी शैली के एक मकान में आगजनी की घटना सामने आई है। इस घटना में लाखों का नुकसान होने का अनुमान लगाया जा रहा है। जानकारी के अनुसार वीरवार करीब 3 बजे यहां मकान की ऊपर की मंजिल से अचानक धुंआ और आग की लपटें उठी। जिसके चलते आसपास के लोग एकत्रित हुए और आग पर काबू पाने का प्रयास किया। इस घटना की सूचना दमकल विभाग को दी गई और सूचना मिलने कर बाद दमकल विभाग की टीम मौके पर पहुंच गई और आग पर काबू पाने का प्रयास किया गया, लेकिन मकान को आग की चपेट में ले लिया और काफी नुकसान हुआ है। उधर, राजस्व विभाग की टीम मौके पर पहुंच कर नुकसान का आकलन करने में जुट गई है। दमकल विभाग के एसडीओ प्रेम सिंह राणा ने बताया कि इस आगजनी की घटना में 15 लाख का नुकसान हुआ है जबकि एक करोड़ के करीब की संपति को बचा लिया है। उन्होंने बताया कि यह मकान अनिल कायस्था का है जो साढ़े तीन मंजिला रिहायशी था जिसमें ऊपरी मंजिल के दो कमरे पूरी तरह से जल गए हैं। उन्होंने बताया कि आग लगने के कारण क्षेत्र में पूरी तरह से अफरातफरी का मौहल बना हुआ है। घटनास्थल पर लोगों का जमाबड़ा लगा हुआ है। आग से अनिल कायस्था का परिवार बेघर हो गया है। साथ ही आग बुझाते हुए एक व्यक्ति भी झुलस गया है जिसकी बाजू में नुकसान हुआ है। गौरतलब है कि कुल्लू जिला में आग की घटनाएं पिछले दिनों से लगातार हो रही है। पिछले दिनों मणिकर्ण घाटी के चौहकी गांव में एक मकान जलकर राख हुआ है जिसमें हालांकि 4 भाई प्रवाभित हुए हैं लेकिन दो भाइयों का परिवार बेघर हुआ है। इतना ही नहीं बंजार के गुशैणी क्षेत्र में भी एक मकान जल गया था और नुकसान हुआ था।

# एक ऐसा शिवालय जहां पिंडी पर गिरती है बिजली

## मान्यतानुसार भगवान शिव बिजली के रूप में अपने ऊपर लेते हैं संकट, कुल्लू की खराहल घाटी पर मौजूद यह शिवालय

**कमलेश वर्मा, कुल्लू**

कुल्लू जिला में यूं तो अनेक स्थल हैं लेकिन बिजली महादेव एक ऐसा धार्मिक व रमणीय स्थल है, जोकि अपनी सुंदरता व विहंगम दृश्य से लोगों को बरबस ही अपनी ओर खींच लेता है। कुल्लू से करीब 20 किलोमीटर दूर 7874 फुट की ऊंचाई पर मथान स्थित बिजली महादेव मंदिर के अंदर पिंडी पर हर साल बिजली गिरती है, जिसके बाद पिंडी पर लगाया मक्खन का लेप खंडित हो जाता है। मंदिर के बाहर लगभग 50 फुट की ऊंचाई पर पेड़ पर लगाए गए त्रिशूल से होकर ये बिजली पिंडी पर आकर गिरती है। हैरानी की बात यह है कि हर वर्ष गिरने वाली बिजली का कोई समय निर्धारित नहीं होता है। यह कभी भी किसी भी समय पिंडी पर गिरती है, जिसके बाद स्वयं भोलेनाथ मंदिर के पुजारी को स्वप्न देकर पिंडी के ऊपर लगे मक्खन के लेप के खंडित होने की बात बताते हैं। इसके बाद उसी रात या दिन को मंदिर के पुजारी व सहयोगी फिर से पिंडी को मक्खन का लेप करते हैं। आज तक आसमानी बिजली ने कभी किसी प्रकार की जनहानि नहीं की है। मान्यता है कि यहां पर भगवान शिव युगों-युगों से तप योग समाधि द्वारा विराजमान हैं।

सृष्टि की वृष्टि में इस स्थान को बिजली महादेव मंदिर को जालंधर असुर के वध से जोड़ा गया है और दूसरे नाम से इसे कुलांत पीठ भी कहा जाता है। जब भी पृथ्वी पर भारी संकट आन पड़ता है तो भगवान शिव जीवों के उद्धार के लिए संकट को बिजली के प्रारूप में पिंडी रूप में अपने ऊपर धारण करते हैं। मंदिर में सावन मास के मेलों के दिन प्रदेश भर से श्रद्धालु बिजली महादेव में भगवान शिव की पावन पिंडी के दर्शन करते हैं। मंदिर के पुजारी मदन के अनुसार यहां पर तीन माह जनवरी से लेकर अप्रैल तक मंदिर के कपाट बंद रहते हैं और शिवरात्रि के दिन दो दिनों के लिए मंदिर के कपाट को खोला जाता है, उज़के बाद अप्रैल में कपाट खुलते हैं। (अनंत ज्ञान)

### बिजली महादेव की कहानी

अनंत ज्ञान स्पैशल



**भारत** में भगवान शिव के अनेक अद्भुत मंदिर है उन्हीं में से एक है हिमाचल प्रदेश के कुल्लू में स्तिथ बिजली महादेव। कुल्लू का पूरा इतिहास बिजली महादेव से जुड़ा हुआ है। कुल्लू शहर में ब्यास और पार्वती नदी के संगम के पास एक ऊंचे पर्वत के ऊपर बिजली महादेव का प्राचीन मंदिर है। पूरी कुल्लू घाटी में ऐसी मान्यता है कि यह घाटी एक विशालकाय सांप का रूप है। इस सांप का वध भगवान शिव ने किया था। जिस स्थान पर मंदिर है वहां शिवलिंग पर हर बारह साल में भयंकर आकाशीय बिजली गिरती है। बिजली गिरने से मंदिर का शिवलिंग खंडित हो जाता है। यहां के पुजारी खंडित शिवलिंग के टुकड़े एकत्रित कर मक्खन के साथ इसे जोड़ देते हैं। कुछ ही माह बाद शिवलिंग एक ठोस रूप में परिवर्तित हो जाते हैं। इस शिवलिंग पर हर बारह साल में बिजली क्यों गिरती है और इस जगह का नाम कुल्लू कैसे पड़ा इसके पीछे एक पौराणिक कथा है। हालांकि पिछले कई वर्षों से यहां पर बिजली नहीं गिरी है।


बिजली महादेव मंदिर के बाहर बर्फबारी का आनंद लेते पर्यटक।

### यहां रहता था कुलांत राक्षस



**कुल्लू** घाटी के लोग बताते हैं कि बहुत पहले यहां कुलांत नामक दैत्य रहता था। दैत्य कुल्लू के पास की नागणधार से अजगर का रूप धारण कर मंडी की घोग्घरधार से होता हुआ लाहुल स्पीति से मथाण गांव आ गया। दैत्य रूपी अजगर कुंडली मार कर ब्यास नदी के प्रवाह को रोक कर इस जगह को पानी में डुबोना चाहता था। इसके पीछे उसका उद्देश्य यह था कि यहां रहने वाले सभी जीव-जन्तु पानी में डूब कर मर जाएंगे। भगवान शिव कुलांत के इस विचार से से चिंतित हो गए। बड़े जतन के बाद भगवान शिव ने उस राक्षस रूपी अजगर को अपने विश्वास में लिया और कुलांत के सिर पर त्रिशूल वार कर दिया। त्रिशूल के प्रहार से कुलांत मारा गया। कुलांत के मरते ही उसका शरीर एक विशाल पर्वत में बदल गया। उसका शरीर धरती के जितने हिस्से में फैला हुआ था वह पूरा की पूरा क्षेत्र पर्वत में बदल गया। कुल्लू घाटी का बिजली महादेव से रोहतांग दर्रा और उधर मंडी के घोग्घरधार तक की घाटी कुलांत के शरीर से निर्मित मानी जाती है। कुलांत से ही कुलूत और इसके बाद कुल्लू नाम के पीछे यही किवदंती कही जाती है। कुलांत दैत्य के मारने के बाद शिव ने इंद्र से कहा कि वे बारह साल में एक बार इस जगह पर बिजली गिराया करें। हर 12वें साल में यहां आकाशीय बिजली गिरती है। इस बिजली से शिवलिंग चकनाचूर हो जाता है। शिवलिंग के टुकड़े इकट्ठा करके शिवजी का पुजारी मक्खन से जोड़कर स्थापित कर लेता है। कुछ समय बाद पिंडी अपने पुराने स्वरूप में आ जाती है। यह जगह समुद्र स्तर 2450 मीटर की ऊंचाई पर स्थित है। शीत काल में यहां भारी बर्फबारी होती है। कुल्लू में भी महादेव प्रिय देवता हैं। कहीं वे सयाली महादेव हैं तो कहीं ब्राणी महादेव। कहीं वे जुवाणी महादेव हैं तो कहीं बिजली महादेव। बिजली महादेव का अपना ही महात्म्य व इतिहास है। ऐसा लगता है कि बिजली महादेव के इर्द-गिर्द समूचा कुल्लू का इतिहास घूमता है। हर मौसम में दूर-दूर से लोग बिजली महादेव के दर्शन करने आते हैं।

### महिला कांग्रेस ने सुक्खू का जताया आभार

**भोरंज।** भोरंज लोक निर्माण विश्राम गृह में महिला कांग्रेस अध्यक्ष श्रीमती संगीता शर्मा के अध्यक्षता में प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया, जिसमें सभी महिला कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। यह प्रेस वार्ता विशेष तौर पर मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू द्वारा महिलाओं को 1500 रुपए देने के लिए धन्यवाद व आभार प्रकट करने के लिए की गई। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की सरकार ऐसी सरकार है जिसने जो वादे किए थे उन्हें पूरा किया।

## लाइट; कैमरा, एक्शन से गूंजी पर्यटन नगर मनाली की वादियां

**अनंत ज्ञान, मनाली**

पर्यटन नगरी मनाली की प्राकृतिक सौंदर्य से भरे खूबसूरत वादियों में फिल्म यूनिट्स की दस्तक के बाद कोठी, गुलाबा, नग्गर, लोगहट्स, नशाला, हडिंबा टेंपल में शूटिंग का दौर शुरू हो गया है। इन दिनों मनाली में काली काली आंखें सीजन 2 नामक वेब सीरीज की शूटिंग की जा रही है। ये वेब सीरीज सागर प्रोडक्शन के बैनर तले बन रही है। वेब सीरीज में काम कर रहे कलाकार कॉमेडी के साथ एक्शन, ड्रामा ओर रोमांस करते भी नजर आएंगे। वेब सीरीज सीजन 2 के निर्माता निर्देशक रामानंद सागर के पुत्र प्रेम सागर व ज्योति सागर हैं जो पहले भी अनेक फिल्मों की शूटिंग कुल्लू मनाली में कर चुके हैं। वेब सीरीज की स्टार कास्ट में फिल्म इंडस्ट्री के सुप्रसिद्ध हास्य एवं चरित्र कलाकार सौरभ शुक्ला सहित अरुंधय सिंह, आंचल, 12वीं फेल फेम अनंत जोशी व गुरमीत सिंह शामिल हैं। वेब सीरीज की शूटिंग को आगामी 22 मार्च तक मनाली के विभिन्न स्थानों पर फिल्माया जाएगा। शूटिंग का दौर फिल्म यूनिट्स से प्राप्त जानकारी के अनुसार फिल्म की शूटिंग 22 मार्च तक कुल्लू मनाली के अनेक पर्यटक स्थलों पर की जाएगी। वेब सीरीज के फिल्मांकन के लिए रेक्की कर रहे पायलट यूनिट के सदस्य रंजीव कारवा ने बताया कि 10 मार्च के बाद कोठी ओर गुलाबा के खूबसूरत पर्यटक स्थलों पर बर्फ के बीच में कई सीन फिल्माए जाएंगे।

**वेब सीरीज काली काली आंखें सीजन-2 की शूटिंग शुरू**


सौरभ अपने जन्मदिन पर केक काटते हुए, साथ है अन्य।

### सौरभ ने फिल्म यूनिट संग मनाया अपना जन्मदिन

अपनी जिंदगी 60 सावन देख चुके अभिनेता सौरभ शुक्ला ने फिल्म यूनिट के साथ शूटिंग स्थल पर ही अपना जन्म दिवस मनाया। इस अवसर पर उन्होंने बताया कि वह अपना जन्म दिवस शूटिंग स्थल पर ही अपने साथी कलाकारों के साथ मना रहे हैं। इस अवसर पर शूटिंग पर मौजूद सभी साथी कलाकारों एवं यूनिट के सभी सहयोगी उपस्थित रहे।

## महिलाओं को 1500 सम्मान राशि देने वाला देश का पहला राज्य बना हिमाचल : राजीव

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

कांग्रेस प्रदेश प्रवक्ता राजीव किमटा ने कहा है कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने महिला कल्याण की दिशा में महत्वपूर्ण निर्णय लिया है, जिससे प्रदेश की लाखों महिलाएं आर्थिक रुप से सशक्त होंगी। मुख्यमंत्री सुक्खू ने ऐतिहासिक निर्णय लेते हुए प्रदेश की 18 से 60 साल की महिलाओं को 1500 रुपए प्रतिमाह देने की घोषणा की है। देश के अंदर हिमाचल पहला राज्य बन गया है जो महिलाओं को 1500 रुपए प्रतिमाह सम्मान राशि देगा। मुख्यमंत्री ने कांग्रेस पार्टी के द्वारा दी गई चुनावी गारंटी को पूरा किया है। मुख्यमंत्री के इस निर्णय से प्रदेश की महिलाओं की आर्थिक स्थिति में सुधार आएगा। इस गारंटी पर सरकार का करीब 800 करोड़ रुपए खर्च होंगे।



किमटा ने कहा कि सरकार ने अपने 12 महीने के कार्यकाल में प्रमुख गारंटियों को पूरा किया है। जनता यह जानती है कि मुख्यमंत्री सुक्खू ही प्रदेश हित में निर्णय ले सकते हैं। मुख्यमंत्री ने हर वर्ग का कल्याण के लिए बजट में प्रावधान किया है। पैरा वर्कर, मनरेगा मजदूर, पंचायती संस्थाओं के प्रतिनिधियों सभी वर्ग के मानदेय में बढ़ौतरी की है। मुख्यमंत्री सुक्खू ने सरकार बनने के बाद पहली कैबिनेट में प्रदेश के कर्मचारियों को दी गई ओपीएस की गारंटी को पूरा किया, जिससे प्रदेश के 1.36 कर्मचारियों को लाभ मिल रहा है।

उन्होंने कहा कि देश में हिमाचल प्रदेश पहला राज्य बना, जिसने ओपीएस को लागू किया। कांग्रेस का पहले यह वायदा था कि हर विधानसभा क्षेत्र में 3 स्कूलों में अंग्रेजी मीडियम से पढ़ाई होगी। मुख्यमंत्री ने उससे भी आगे बढ़कर सभी सरकारी स्कूलों में अंग्रेजी माध्यम से पढ़ाई की व्यवस्था की।

### 'एक होली ता 1500 शोऊ का वादा किया पूरा'

**राजीव** किमटा ने कहा कि भाजपा हमारे चुनावी वादे का मजाक कर रही थी लेकिन उस वादे को कांग्रेस सरकार ने पूरा कर दिया है। उन्होंने कहा कि महिलाओं को अब एक होली ता पंद्रह शोऊ ही नहीं दुई होली ता तराई हजार भी मिलणे।

### हड़ताल पर चल रहे चिकित्सकों ने सामूहिक अवकाश कर लगाया रक्तदान शिविर

# 15 डॉक्टरों ने रक्तदान कर कमाया पुण्य

## अस्पताल में सामूहिक अवकाश की जानकारी न होने पर बिना जांच लौटे मरीज

**सुरेंद्र तिबोगपा, कुल्लू**

हिमाचल प्रदेश सहित कुल्लू जिला के डॉक्टर भी अपनी मांगों को लेकर हड़ताल पर हैं। वीरवार को चिकित्सकों ने सामूहिक अवकाश के अवसर पर कुल्लू जिला के क्षेत्रीय अस्पताल सहित जिले के विभिन्न चिकित्सा केंद्रों में आए चिकित्सकों ने रक्तदान कर पुण्य कमाया और अपनी मांगों के प्रति प्रदेश सरकार का ध्यान आकर्षित करने की कोशिश की।


सामूहिक अवकाश पर रक्तदान करते हुए चिकित्सक व साथ में सीएमओ कुल्लू।

जिला चिकित्सा संघ कुल्लू के अध्यक्ष डॉ. कल्याण ठाकुर ने बताया कि आज जिले के सभी चिकित्सकों सहित क्षेत्रीय अस्पताल कुल्लू में सेवारत सभी चिकित्सक अपनी मांगों को लेकर सामूहिक आकस्मिक अवकाश पर ओर इस दौरान 15 चिकित्सकों ने रक्तदान कर पुनीत कार्य में हिस्सा लिया। उन्होंने बताया कि फिलहाल प्रदेश सरकार की तरफ से कोई भी संकेत नहीं मिल पाया है, जो कि निराशाजनक है। उन्होंने बताया कि आज आगे की रणनीति पर विचार किया जाएगा साथ ही उन्होंने विश्वास जताया कि प्रदेश सरकार चिकित्सकों की मांगों पर विचार कर इस संदर्भ में जरूर सकारात्मक संकेत देगी। दूसरी तरफ जिले के विभिन्न अस्पतालों में चिकित्सकों के अवकाश पर होने से स्वास्थ्य संबंधी अधिकतर सेवाएं बाधित रही जिस कारण विभिन्न ओपीडी के आगे पूरा दिन सन्नाटा पसरा रहा।

हालांकि टेस्ट करवाने वाले मरीजों सहित इमरजेंसी की सेवाएं बिना किसी बाधा के चलती रही। हालांकि कुछ मरीज ऐसे भी थे जिन्हें अस्पताल में सामूहिक अवकाश के बारे कोई खबर नहीं थी और ऐसे में उन्हें बिना जांच के ही लौटना पड़ा।


शिविर में रक्तदान करते हुए चिकित्सक।

### अगली कार्रवाई प्रदेश चिकित्सा संघ के निर्देशानुसार होगी

**जिला** चिकित्सा संघ कुल्लू अब प्रदेश चिकित्सा संघ के निर्देशानुसार आगे की रणनीति तय करेगी और फिलहाल वीरवार शाम तक प्रदेश सरकार की प्रतिक्रिया का इंतजार किया जाएगा। डॉ. कल्याण ठाकुर ने बताया आगे की रणनीति के लिए अब प्रदेश सरकार की प्रतिक्रिया का इंतजार किया जाएगा और अगर सरकार अब भी चिकित्सकों की मांगों को नजरअंदाज करती है तो ऐसे में सभी चिकित्सक अपनी 5 मुख्य मांगों को मनवाने के लिए आगे की रणनीति तय करेगी।

## शाकंडस गांव में पारंपरिक तीर अंदाज़ी प्रतियोगिता का आगाज


पारंपरिक तीर अंदाज़ी प्रतियोगिता में भाग लेते प्रतिभागी।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग**

लाहौल स्पीति के लाहौल घाटी में सर्दियों के मौसम में कई प्रकार के त्यौहारों के साथ-साथ विभिन्न प्रकार के पारंपरिक खेलों का भी आयोजन किया जाता है। लाहौल के गाहर घाटी के शाकंडस गांव में इन दिनों तीर अंदाजी के खेल पर आधारित तीन दिवसीय पारम्परिक खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। इस खेल प्रतियोगिता को स्थानीय गाहर बोली में नमरंगस कहा जाता है। तीन दिवसीय तीर अंदाजी प्रतियोगिता के आयोजन पर खेल में हिस्सा लेने वाले प्रतिभागी बर्फ के ढेर से बनाये गए लक्ष्य पर निशाना साधते हैं। इस दौरान दो लक्ष्य बनाए जाते हैं जिन में से एक लक्ष्य पूर्व दिशा की और स्थापित किया जाता है ओर ऐसा मन जाता है कि पूर्व दिशा में देवता वास करते हैं और दूसरा लक्ष्य पश्चिम दिशा की तरफ स्थापित किया जाता है ओर मन जाता है कि पश्चिम दिशा में आसुरी शक्तियों का वास होता है। इस खेल प्रतियोगिता के दौरान सभी प्रतिभागी आसुरी शक्तियों को पश्चिम दिशा की ओर भागने के लिए अपने अपने तीरों से लक्ष्य को भेदने की कोशिश करते हैं।

इस प्रतियोगिता में अमूमन स्थानीय लोगों की भागीदारी अधिक रहती है और विशेष तौर पर युवाओं का वर्ग इस प्रतियोगिता में बढ़चढ़ कर भाग लेते हैं।

# स्कॉच अवार्ड में जिला लाहौल स्पीति पुलिस देश भर प्रथम

**कमलेश वर्मा, केलांग**

शीतमरुस्थल जनजातीय जिला लाहौल स्पीति में युवा और दबंग पुलिस अधीक्षक मयंक चौधरी के नेतृत्व में कठिन भोगौलिक व मौसम की विषम परिस्थितियों और माइनस तापमान में जिला पुलिस बेहतरीन सेवाएं दे रही है। जिला लाहुल स्पीति पुलिस को इन बेहतरीन सेवाओं के लिए स्कॉच अवॉर्ड के लिए चयन हुआ है। लाहुल स्पीति पुलिस स्कॉच अवार्ड में पूरे देशभर में पहले स्थान में रही है। स्कॉच अवार्ड 2024 के लिए जिला लाहौल स्पीति पुलिस का प्रथम स्थान के लिए चयनित होना देश, प्रदेश व जिला के लिए गर्व का विषय है।

पुलिस अधीक्षक लाहौल स्पीति मयंक चौधरी ने जिला पुलिस के पूरे परिवार को बधाई दी हैं। उन्होंने बताया कि जिला के कठिन भोगौलिक व मौसम की विषम परिस्थितियों में भी आधुनिक


एसपी लाहुल स्पीति मयंक चौधरी।

तकनीक का उत्कृष्ठ उपयोग कर ई- पुलिसिंग द्वारा आम जनता को प्रभावी रुप से पुलिस की सुविधा उपलब्ध करने के लिए स्थापित प्रोजेक्ट 'अनिमेष नेत्रम' के लिए जिला पुलिस ने पूरे देश भर में स्कॉच अवार्ड के लिए प्रथम स्थान हासिल किया है, जोकि पूरी टीम के लिए गर्व का विषय है। उन्होंने कहा कि लाहौल स्पीति पुलिस ने ई-पुलिसिंग, सोशल मीडिया इनफार्मेशन, ई-पेट्रोलिंग, ओवर आल प्रोजेक्ट अनिमेष नेत्रम को लेकर अच्छा प्रदर्शन किया है। जिसके लिए लाहुल पुलिस को यह अवार्ड मिल रहा है।

गौर रहे कि अभी हाल ही में मुख्यमंत्री ने 1.25 करोड़ से निर्मित जिला पुलिस लाहौल-स्पीति के कमांड और कंट्रोल सेंटर का लोकार्पण किया है। जिला पुलिस ने जिले के अन्य पर्यटन स्थलों के साथ-साथ सुमदो, शिंकुला और सरचू सहित सीमावर्ती क्षेत्रों में अपने सीसीटीवी कवरेज का विस्तार किया है। इस परियोजना के तहत कुल 639 कैमरे स्थापित किए गए हैं।

### क्या है स्कॉच अवार्ड?

2003 में स्थापित 'स्कॉच पुरस्कार' उन लोगों, परियोजनाओं और संस्थानों को सम्मानित करता है, जो देश को एक बेहतर राष्ट्र बनाने के लिए अतिरिक्त प्रयास करते हैं। 'स्कॉच पुरस्कार' स्कॉच समूह द्वारा डिजिटल, वित्तीय और सामाजिक समावेशन में सर्वोत्तम प्रयासों के लिए दिया जाता है।

**समारोह** जिलेभर में धूमधाम से मनाया अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस, सराहनीय कार्य करने वाली महिलाएं सम्मानित

# महिलाओं की हमेशा हर क्षेत्र में रही अहम भूमिका : तोरुल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

जिला कुल्लू में वीरवार को धूमधाम से अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन किया गया। इस मौके पर मनाली, आनी, बंजार व कुल्लू में विभिन्न कार्यक्रमों की धूम रही। उधर, कुल्लू में आयोजित जिला स्तरीय समारोह में उपायुक्त कुल्लू तोरुल एस रवीश मुख्यातिथि के रूप में मौजूद रहे।

सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के महिला एवं बाल कल्याण निदेशालय व बेटियां फाउंडेशन के सयुंक्त तत्वावधान में आयोजित अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए उपायुक्त ने कहा कि महिलाएं तभी सशक्त होगी यदि उन्हें निर्णय लेने की स्वतंत्रता हो। निर्णय लेने की क्षमता हासिल करने के लिए महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त होना होगा। तभी वे अपने जीवन से संबंधित निर्णय लेने व


महिला पत्रकार पूजा कश्यप को सम्मानित करती बेटियां फाउंडेशन की अध्यक्षा, साथ हैं अन्य।

परिवारिक मामलों में भी निर्णय लेने में सक्षम होगी। उन्होंने कहा कि देखा गया है कि परिवार या समाज में हमेशा ही आर्थिक रूप से सशक्त व्यक्ति ने की हमेशा ही अग्रणी भूमिका रहती है।

उपायुक्त ने कहा कि महिलाओं की हमेशा से ही हर क्षेत्र में अहम भूमिका रही है चाहे वह परिवार हो या समाजिक क्षेत्र हो। परन्तु आज भी महिलाओं की भागीदारी पुरुषों की अपेक्षा बहुत कम है इस दिशा में और सार्थक पग उठाने की आवश्यकता है। उपायुक्त ने महिला एवं बाल विकास विभाग को सफल आयोजन के लिए बधाई दी। जिला परियोजना अधिकारी गजेंद्र ठाकुर ने मुख्य अतिथि तथा अन्य गणमान्य का स्वागत किया। इस अवसर पर नर्सिंग कॉलेज द्वारा लघु नाटिका, आंगनबाड़ी के बच्चों , आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं व अन्य द्वारा रंगारंग कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया गया। इस दौरान जिला परिषद अध्यक्ष पंकज परमार वशिष्ठ अतिथि के रूप में उपस्थित थे। इस मौके पर चिकित्सा अधीक्षक डॉ नरेश, बेटियां फाउंडेशन की राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्योत्सना जैन, बेटियां फाउंडेशन की राज्य अध्यक्ष मधुबाला, संत

### दो महिला पत्रकारों को भी मिला सम्मान

**इस** अवसर पर विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को भी सम्मानित किया गया, जिनमें कुल्लू की दो महिला पत्रकार पूजा कश्यप व महिमा शामिल हैं। उधर, उपायुक्त ने इस अवसर पर पोषण अभियान के तहत गर्भवती महिलाओं को गोद भराई रस्म के तहत पोषण किट वितरित की। उन्होंने बेटी है अनमोल योजना, मुख्यमंत्री शगुन योजना,विधवा पुनर्विवाह योजना के लाभार्थियों को चैक गिफ्ट प्रदान कर सम्मानित किया। उन्होंने मुख्यमंत्री सुखाश्रय योजना के लाभार्थियों को पात्रता प्रमाणपत्र प्रदान किए।

निरंकारी चैरिटेबल फाउंडेशन के क्षेत्रीय प्रमुख शिवलाल चौधरी, चाइल्ड वेलफेयर कमेटी मनाली के अध्यक्ष वेदराम चौधरी, जेजे बोर्ड के सदस्य, भारी संख्या में महिलाएं व अन्य उपस्थित थे।

## न्यूज ब्रीफ

### 10 और 11 मार्च को बंद रहेगी बिजली

**टौणी देवी/हमीरपुर।** विद्युत उपमंडल, कक्कड़ के तहत बजरोल फीडर के अंतर्गत विद्युत लाइनों की मरम्मत और आवश्यक रखरखाव हेतु 10 मार्च को सुबह 10 बजे से शाम पांच बजे तक बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। इसके अंतर्गत आने वाले गांव बजरोल, लंबर, ठोलू पत्लमु, भटलंबर, रागड़ेया दी धार, भराइयां दी घार तथा साथ लगते क्षेत्रों की बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। सहायक अभियंता ने जनता से पूर्ण सहयोग की अपील की जाती है। उधर, विद्युत उपमंडल लंबलू में 11 मार्च को लाइनों की आवश्यक मुरम्मत के चलते गांव हलाणा, छत्तर, कोहली, डोडरू, जोल कसीरी, धरोग, साई, कैहड़रू, समराला, टिक्कर, उझाण, धरनासी, डिडवीं, चैकी कनकरी और आसपास के गांवों में सुबह 9 से सायं 5 बजे तक बिजली बंद रहेगी। सहायक अभियंता ज्ञान चंद भाटिया ने इस दौरान सभी उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील की है।

### निशा ने जीती किचन क्वीन प्रतियोगिता

**हमीरपुर।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य पर होटल प्रबंधन संस्थान (आईएचएम) हमीरपुर में महिला शैफ प्रतियोगिता 'किचन क्वीन' आयोजित की गई। इस प्रतियोगिता में जिला हमीरपुर के विभिन्न क्षेत्रों से लगभग 19 महिलाओं ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता का आयोजन संस्थान के सहायक व्याख्याता विक्रांत चौहान की निगरानी में सफलतापूर्वक किया गया। इस प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने विभिन्न प्रकार के व्यंजन बनाए। प्रतियोगिता में मुख्यातिथि एवं हिमाचल प्रदेश तकनीकी विश्वविद्यालय के प्रो. शशि कुमार धीमान और डीन प्रोफेसर जयदेव विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने विजेताओं को पुरस्कार वितरित किए। इस प्रतियोगिता में निशा देवी ने प्रथम, श्रुति आनंद ने द्वितीय और रुचिका शर्मा ने तृतीय पुरस्कार प्राप्त किया। प्रतियोगिता के आयोजन में एवरेस्ट मसाले और पंजाब नेशनल बैंक हमीरपुर का भी सहयोग रहा।

### राजस्व विभाग में उर्दू के शब्दों को किया जाए बंद

**हमीरपुर।** राजस्व विभाग में उर्दू भाषा के जिन शब्दों का प्रयोग किया जाता है, जिनको समझ पाना आम आदमी के बस की बात नहीं, उनकी जगह हिंदी के शब्दों का उपयोग किया जाए ताकि आम आदमी को समझने में असुविधा न हो। यह बात समाजसेवी संस्था प्रभात सुधार सभा के अध्यक्ष प्रकाश चंद सेन ने यहां जारी प्रेस बयान में कही। उन्होंने प्रदेश सरकार से राजस्व विभाग में उपयोग होने वाले उर्दू भाषा के शब्दों से आमजन को निजात दिलाने की मांग की है।

### 12वीं मिस्टर हिमाचल बॉडी बिल्डिंग चैंपियनशिप 10 को

**हमीरपुर।** हिमाचल प्रदेश स्टेट बाडी बिल्डिंग एंड फिटनेस एसोसिएशन द्वारा पुरुष वर्ग की 12वीं मिस्टर हिमाचल स्टेट सीनियर बॉडी बिल्डिंग चैंपियनशिप-2024 एवं चौथी एचपी स्टेट फिटनेस फिजियो चैंपियनशिप-2024 का आयोजन 10 मार्च को सिरमौर जिला के पौंटा साहिब में किया जाएगा। प्रदेश महासचिव विपुल शर्मा ने बताया कि पुरुष एवं महिला वर्ग की 15वीं मिस्टर इंडिया-2024 (सीनियर बाडी बिल्डिंग नेशनल चैंपियनशिप) के लिए सलैक्शन ट्रायल 16 व 17 मार्च को लुधियाना में आयोजित होगा। उन्होंने बताया कि 13वां फेडरेशन कप (पुरुष वर्ग की सीनियर बाडी बिल्डिंग तथा पुरुष एवं महिला वर्ग की 11वीं फिजियो स्पोर्ट्स नेशनल चैंपियनशिप) का आयोजन छह व सात अप्रैल को गोवा में किया जाएगा।

### करियर प्वाइंट विवि में 65 युवाओं ने किया रक्तदान

**हमीरपुर।** करियर प्वाइंट विश्वविद्यालय के माइक्रोबायोलॉजी विभाग और हेल्थ एंड वेलनेस क्लब ने रक्तदान शिविर का आयोजन किया। माइक्रोबायोलॉजी विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. शिखा चंदेल ने बताया कि हमें अपने जीवन में रक्तदान जरूर करना चाहिए तथा 18 से 65 वर्ष का कोई भी स्वस्थ व्यक्ति तीन महीने के अंतराल में एक वर्ष में चार बार रक्तदान कर सकता है। नियमित रूप से रक्तदान करने से आयरन की अतिरिक्त मात्रा नियंत्रित हो जाती है, जो दिल की सेहत के लिए अच्छी है। डीन स्टूडेंट वेलफेयर डॉ. सौरभ कुमार, असिस्टेंट स्टूडेंट वेलफेयर शिवाली राठौर व असिस्टेंट रजिस्ट्रार सुभाष चंद ने भी रक्तदान किया। इस रक्तदान शिविर में 83 लोगों ने रक्तदान करने में रूचि दिखाई जिसमें 65 यूनिट रक्त इक्कठा हुआ।

### जागरूकता से शुरू होता है सशक्तिकरण : एसडीएम

**सुजानपुर।** सुजानपुर में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया। इस अवसर पर बतौर मुख्यातिथि एसडीएम सुजानपुर राजकुमार ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर सुजानपुर में कहा कि महिला आर्थिक सशक्तिकरण और समावेशी सोच सतत विकास और गरीब समर्थक विकास के आधार स्तंभ हैं। सशक्तिकरण जागरूकता से शुरू होता है और क्षमता निर्माण के साथ आगे बढ़ता है। महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण के लिए नवोन्मेषी दृष्टिकोण और उचित भागीदारी की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि महिलाएं दुनिया का 66 प्रतिशत काम करती हैं और 50 प्रतिशत भोजन का उत्पादन करती हैं फिर भी वे कुल वैश्विक आय के एक प्रतिशत भाग पर ही प्रत्यक्ष नियंत्रण रखती हैं और एक प्रतिशत संपत्ति की ही मालिक हैं। हमारे सामने सुदृढ़ महिलाओं तक पहुंचने और यह सुनिश्चित करने की चुनौती है कि महिलाओं को आर्थिक विकास और व्यापार के अवसरों और लाभों तक पहुंच प्राप्त हो।

### पेंशनरों को आर्थिक लाभ दे प्रदेश सरकार

**नादौन।** हिम आंचल पेंशनर्ज संघ नादौन खंड इकाई की मासिक बैठक वीरवार को खंड प्रधान जगदीश चंद शर्मा कारगू की अध्यक्षता में कांग्रू में संपन्न हुई। जगदीश चंद शर्मा ने सदस्यों को खंड की गतिविधियों की जानकारी दी। चर्चा में भाग लेने वालों में जगदीश चंद शर्मा, अवनीश कुमार, अमर नाथ शर्मा, जुल्फी राम वर्मा आदि प्रमुख रहे। पेंशनरों की लंबित मांगों एवं समस्याओं पर विस्तार से मंथन किया गया। पेंशनरों ने प्रदेश सरकार द्वारा डीए व महंगाई भत्ता देने के लिए जारी की गई अधिसूचना पर हैरानी जताई, हालांकि सरकार ने दूसरे दिन ही उन आदेशों को वापस ले लिया है। पेंशनरों ने सरकार को आगाह किया कि वरिष्ठ पेंशनर्ज से इस प्रकार घिनौना मजाक न करे और उनके देय सभी आर्थिक लाभ सम्मानपूर्वक अदा किए जाएं।

### केसीसी बैंक ने लगाया वित्तीय साक्षरता शिविर

**बड़ा।** कांगड़ा केंद्रीय सहकारी बैंक शाखा मानपुल द्वारा नाबार्ड के सौजन्य से वित्तीय साक्षरता शिविर का आयोजन किटपल पंचायत के गांव किटपल में किया गया, जिसमें 50 से ज्यादा लोगों ने भाग लिया। इस शिविर में शाखा प्रबंधक शैला चंदेल ने लोगों को बैंक की योजनाएं व सरकार द्वारा चलाई गई स्कीमों और वित्तीय लेन-देन के बारे जागरूक किया। इस मौके पर विकास ठाकुर, नीलम व अन्य मौजूद रहे।

### भोटा कॉलेज में मनाया अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस

**हमीरपुर।** राज राजेश्वरी कॉलेज ऑफ एजुकेशन भोटा में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें डीएल एंड प्रथम व द्वितीय वर्ष के प्रशिक्षु अध्यापकों ने भाग लिया। पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता के लिए पांच समूह बनाएंगे। प्रथम स्थान अर्पिता काव्यासी तथा रवि समूह द्वितीय स्थान, प्रिया समूह तृतीय स्थान प्रियंका और दिव्या समूह ने प्राप्त किया। इस पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता द्वारा यह दर्शाया गया कि समाज में महिलाओं की हिस्सेदारी को बढ़ावा देने और उन्हें उनके अधिकारों के बारे में जागरूक करने के उद्देश्य से प्रतिवर्ष 7मार्च को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के रूप में मनाया जाता है। प्राचार्य डॉक्टर राजकुमार धवन ने प्रशिक्षु अध्यापकों से अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस से संबंधित प्रश्न पूछे कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए समस्त डीएल एंड के प्रशिक्षु अध्यापक भी उपस्थित रहे।

## एचएमओए की हड़ताल का असर : डॉक्टर्स ने निकाली रैली

# डॉक्टर रहे सामूहिक अवकाश पर, मरीज हुए परेशान

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर**

हिमाचल मेडिकल ऑफिसर्स एसोसिएशन के आह्वान पर वीरवार को जिले के तमाम अस्पतालों में डॉक्टर्स आकस्मिक अवकाश पर रहे। जिस कारण मरीजों को अच्छी-खासी परेशानी झेलनी पड़ी। प्रदेश व्यापी इस हड़ताल का जिले में अच्छा खासा असर देखा गया। मरीज इलाज के लिए संबंधित अस्पतालों में सुबह ही पहुंच गए थे, लेकिन आज क्योंकि पूरे दिन की छुट्टी लेकर डॉक्टर्स हड़ताल पर चले गए थे, इसलिए मरीजों को या तो जिला मुख्यालय के अस्पताल पर मेडिकल कॉलेज में इलाज के लिए आना पड़ा या फिर भी प्राइवेट अस्पतालों में चले गए।

हमीरपुर मेडिकल एसोसिएशन के अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह डोगरा ने कि अगुआई में जिला भर के अस्पतालों




गांधी चौक पर रोष प्रदर्शन और रैली निकालते हुए एमओएचए।

से यहां पहुंचे डॉक्टर ने मौन जुलूस निकाला उसके बाद उन्होंने बैठक की। डोगरा ने बताया कि पूरे प्रदेश में 2600 से लेकर 2800 डॉक्टर एक दिन का सामूहिक अवकाश किया। जिसमें केवल आपातकालीन सेवाएं ही देखी गईं।

उन्होंने बताया कि सरकार जनता से चलती है न कि अफसरशाही से, जनता ही सरकार को चुनती है। डॉक्टर भी जनता का ही हिस्सा हैं। सरकार को चाहिए कि डॉक्टरों की उचित मांगों को पूरा करके आमलीजामा पहनाने के लिए प्रयास करे, क्योंकि डॉक्टर्स की मांगें उचित हैं और डॉक्टर्स 24 घंटे ड्यूटी में तैनात रहते हैं। जो तीज-त्योहार पर भी अपनी सेवाएं हॉस्पिटल में देते नजर आते हैं। लोगों की जिंदगियां बचाने के लिए हर संभव प्रयास करते रहते हैं, ताकि किसी की जिंदगी को बचाया जा सके। (अनंत ज्ञान)

### शांतिपूर्ण चल रहा आंदोलन : डॉ. गोपाल

**डॉ.** डोगरा ने बताया कि उनके वर्ग का या आंदोलन शांतिपूर्ण चल रहा है। गांधी चौक हमीरपुर में निकल गए रोज प्रदर्शन में 70 मेडिकल ऑफिसर शामिल हुए। उन्होंने लोगों से भी आह्वान किया है कि वह ऐसी स्थिति में उनका सहयोग करें, क्योंकि उनकी मांगे बेहद जायज हैं, जिन्हें मानने के लिए अवसर अफसर शाही बेवजह ही अड़ंगे अड़ा रही है। उनका कहना था कि डॉक्टर अफसर शाही के रुपए से बेहद नाराज हैं और आज सामूहिक अवकाश पर जाने का फैसला भी इसीलिए दिया गया था यदि आप भी उनकी मांगों को मानने के लिए ढुलमुल रवैया अपनाए रखा, तो फिर और भी सख्त कदम उठाना पड़ेगा।

## महाशिवरात्रि पर्व पर दुल्हन की तरह सजे शिवालय



मंदिर में भगवान भोले नाथ की मूर्ति भी पूरी तरह से सजी हुई।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर**

महाशिवरात्रि के पर्व को लेकर जिला के सभी शिवालयों को फूलों से दुल्हन की तरह सजाया गया है। महाशिवरात्रि पर्व मनाने को लेकर मंदिर कमेटी के पदाधिकारियों ने पहले से ही तैयारियां शुरू कर दी थी। शिवरात्रि के दिन व्रत करने वाले श्रद्धालुओं के लिए फलाहार का भी प्रबंध किया गया है।

इसके अलावा मंदिरों में भजन कीर्तन भी किया जाएगा। शहर के शिव मंदिर कमेटी द्वारा आज हर साल की तरह शोभायात्रा एवं नगर परिक्रमा का आयोजन किया जाएगा। इसके अलावा सात से 10 बजे तक भजन संध्या का आयोजित की जाएगी। शिवरात्रि के अगले दिन मंदिर में भंडारा आयोजित किया जाएगा वहीं गसोता महादेव मंदिर में भी शिवरात्रि की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। गसोता महादेव मंदिर में श्रद्धालुओं की सबसे अधिक श्रद्धालुओं की भीड़ रहती है श्रद्धालु सुबह से ही लाइनों में लगकर भगवान शिव शंकर के दर्शन करते हैं। गसोता महादेव के महंत श्री राघवानंद महाराज ने बताया कि शिवरात्रि को पूरी व्यवस्था कर ली गई है उन्होंने बताया कि मंदिर को दिल्ली से लाए गए फूलों से सजाया गया है और श्रद्धालु मंदिर में आकर भगवान भोले नाथ का आशीर्वाद लें।

## सीएम ने 20 साल की लंबित पड़ी मांग को किया पूरा

**हमीरपुर।** कांग्रेस नेता डॉक्टर पुष्पेंद्र वर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री ने हमीरपुर वासियों की 20 सालों से लंबित पड़ी हुई आधुनिक बस अड्डा निर्माण की मांग को पूरा करते हुए शिलान्यास किया है। मुख्यमंत्री ने आधुनिक बस अड्डा निर्माण की नींव रखी जिसके लिए सभी तरह की फॉर्मेलिटी को पूरा करते हुए 55 करोड़ रुपए का ठेका सुंदरनगर की कंपनी को आवंटित हुआ। डॉ. पुष्पेंद्र वर्मा ने कहा कि 2001 में पूर्व सीएम प्रेम कुमार धूमल ने इस जगह को चिन्हित किया था, उसके बाद प्रदेश में अभी तक भाजपा की दो बार सरकार रही, लेकिन हमीरपुर की जनता को हमेशा लॉलीपॉप ही दिया गया। मुख्यमंत्री सुक्खू ने यह साबित कर दिया है कि वह कोई भी शिलान्यास करने से पहले यह सुनिश्चित करते हैं कि वह काम आवंटित हो चुका हो और उसके लिए राशि पहले ही निर्माण विभाग को स्थानांतरित की जा चुकी है नहीं। पूर्व में भाजपा सरकार में मुख्यमंत्री रहे जयराम ठाकुर ने ऐसे 200 से भी ज्यादा शिलान्यास कर दिए जिनके लिए कभी पैसा मंजूर ही नहीं करवाया गया और बड़ी-बड़ी पट्टीकाएं लगवा दी गईं।

## हमीरपुर में 2002 करोड़ के ऋण देने का लक्ष्य : डीसी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर**

डीसी अमरजीत सिंह ने सभी बैंकों और विभिन्न विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वे बैंकों की ऋण योजनाओं और सरकार की सब्सिडी योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार करें, ताकि आम लोग इन योजनाओं का भरपूर लाभ उठा सकें। इससे जिला में बैंकों के कारोबार में भी वृद्धि होगी और जिले के ऋण एवं जमा अनुपात यानी सीडी रेशो में सुधार होगा। वीरवार को यहां हमीर भवन में जिला स्तरीय समीक्षा एवं बैंक सलाहकार समिति की बैठक के दौरान उपायुक्त ने यह निर्देश दिए।

बैठक में वित्त वर्ष 2023-24 की तीसरी तिमाही के दौरान बैंकिंग क्षेत्र से संबंधित योजनाओं के क्रियान्वयन एवं उपलब्धियों की समीक्षा की गई तथा वित्त वर्ष 2024-25 के लिए जिला ऋण योजना का विमोचन भी



वित्त वर्ष 2024-25 के लिए जिला ऋण योजना का विमोचन करते डीसी अमरजीत सिंह।

किया गया। डीसी ने बताया कि वित्त वर्ष 2024-25 के दौरान जिले में विभिन्न बैंकों के माध्यम से 2002 करोड़ रुपए से अधिक के ऋण आवंटित करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

उन्होंने बैंक अधिकारियों से कहा कि वे इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए तत्परता के साथ कार्य करें। उन्होंने बताया कि 31 दिसंबर को समाप्त हुई वर्तमान वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही के दौरान 1881.13 करोड़ रुपए के लक्ष्य के मुकाबले 1707.89 करोड़ रुपए की उपलब्धि दर्ज की गई, जो कि वार्षिक लक्ष्य का 90.79 प्रतिशत रही। इस तिमाही के दौरान जिले में सभी बैंकों की कुल जमा राशि 14125.24 करोड़ रुपए और ऋण राशि 3489.33 करोड़ रुपए रही। ऋण आवंटन के संबंध में बैंक अधिकारियों को आ रही विभिन्न समस्याओं पर भी बैठक में व्यापक चर्चा की गई। इसके अलावा किसान क्रेडिट कार्ड और सामाजिक सुरक्षा से संबंधित विभिन्न बैंकिंग योजनाओं की समीक्षा भी की गई।

## अनुराग के प्रयासों से हुए चार हजार करोड़ के शिलान्यास

**हमीरपुर।** केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर के प्रयासों से हमीरपुर में केंद्रीय सड़क परिवहन व राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने 4000 करोड़ रुपए से अधिक की लागत से बनने वाले 15 राष्ट्रीय राजमार्ग और एक रज्जू मार्ग का उद्घाटन व शिलान्यास किया है। भाजपा जिला प्रवक्ता चमन ठाकुर ने कहा कि यह सब अनुराग ठाकुर के प्रयासों से ही संभव हो पाया है कि आज पूरे हिमाचल में राष्ट्रीय राजमार्गों का जाल बिछ रहा है जिससे मुख्य शहरों की दूरी कम होगी।

## जोल कोहटा में तेंदुए ने व्यक्ति पर हमला कर किया घायल

**भरेड़ी।** उपमंडल भोरंज के अंतर्गत ग्राम पंचायत धमरोल में बुधवार शाम तेंदुए ने कमलेश कुमार शर्मा पुत्र स्व रत्न चंद जो रसोइए का काम करता है उस पर जोल कोहटा के पास तेंदुए ने हमला कर उसे घायल कर दिया। मिली जानकारी के अनुसार गांव जोल कोहटा का कमलेश कुमार जोल कोहटा गांव से पैदल अपने घर जा रहा तभी तेदुए ने हमला कर दिया। कमलेश ने शोर मचाया, शोर सुनकर ग्रामीण घटनास्थल पर पहुंचे तो तेंदुआ वहां से भाग गया।



## जहां नारियों की पूजा होती है वहां देवता करते हैं निवास : राणा

**नादौन।** डीएवी भड़ोली में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर अध्यापिकाओं के लिए विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रिंसीपल सुरजीत कुमार राणा ने महिला दिवस पर सबको हार्दिक शुभकामनाएं दीं और परमपिता परमात्मा से इनके उज्ज्वल भविष्य की प्रार्थना की और कहा जहां नारियों की पूजा होती है वहां देवता निवास करते हैं। हमारी संस्कृति की यही पहचान है। आप सभी हमेशा समृद्ध रहें और जीवन में दृढ़ता से आगे बढ़ती रहें। इस विशेष अवसर पर संगीत अध्यापकों द्वारा विद्यालय में विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया, जिसमें अध्यापिकाओं ने अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन दिया। अध्यापिकाओं के प्रयासों की सराहना करते हुए प्रिंसीपल ने साहस, शौर्य और समर्पण की प्रतीक नारी शक्ति को नमन करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## देश के निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान दे रही महिलाएं : अपराजिता

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर/भोरंज**

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य पर महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा एनजीओ भवन में जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया, जिसमें नादौन की एसडीएम अपराजिता चंदेल ने मुख्यातिथि के रूप में भाग लिया। उन्होंने दीप प्रज्वलन के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

इस अवसर पर सभी महिलाओं को बधाई देते हुए अपराजिता चंदेल ने कहा कि आज महिला हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा




विधायक सुरेश कुमार बेटियों की माताओं को एफडी की रसीद प्रदान करते हुए।

एवं सामर्थ्य का लोहा मनवा रही हैं। राष्ट्र निर्माण में महिलाएं अपना महत्वपूर्ण योगदान दे रही हैं। कार्यक्रम के दौरान महिला अधिकारियों-कर्मचारियों और विभिन्न क्षेत्रों में सराहनीय कार्य करने वाली महिलाओं को सम्मानित किया गया। इनमें जिला परिषद अध्यक्ष बबली देवी, रेखा शर्मा, मनोरमा लखनपाल, शशि बाला, शीतल वर्मा, महिला एवं बाल विकास विभाग की अधिकारी और आंगनबाड़ी कार्यकर्ता शामिल रहीं।

उधर, विधायक सुरेश कुमार ने कहा है कि महिलाओं सहित समाज के सभी वर्गों के कल्याण के लिए सरकार ने कई योजनाएं आरंभ की हैं। पात्र लोगों को इन सभी योजनाओं का लाभ उठाना चाहिए। कार्यक्रम के दौरान विधायक ने 'बेटी है अनमोल योजना' के अंतर्गत नौ बेटियों को कुल 1,89,000 रुपए के सावधि बचत रसीदें भी प्रदान कीं।

## एनएसयूआई ने निकाली बागी विधायकों के खिलाफ रोष रैली




नादौन में बागी विधायकों के खिलाफ रोष रैली निकालते हुए एनएसयूआई कार्यकर्ता।

**वीरेंद्र गोस्वामी, बड़ा**

सिद्धांर्थ महाविद्यालय नादौन में एनएसयूआई इकाई नादौन के स्टूडेंट्स ने कांग्रेस के छह बागी विधायकों के खिलाफ एक रोष रैली निकाली।

इस रैली में हिमाचल प्रदेश युवा कांग्रेस के सचिव निखिल पटियाल विशेष रूप से शामिल थे। रैली में एनएसयूआई ने बागी विधायकों के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। निखिल पटियाल ने कहा कि इन बागी विधायकों ने कांग्रेस पार्टी की छवि को धूमिल करने का प्रयास किया है जो कि युवा कांग्रेस कभी सहन नहीं करेगी। (अनंत ज्ञान)

## तैयारी | चुनाव की घोषणा होते ही हटाने होंगे सभी होर्डिंग, पोस्टर और बैनर : डीसी

# आचार संहिता लागू होने के बाद त्वरित कदम उठाएं अधिकारी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर**

उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अमरजीत सिंह ने सभी विभागों के अधिकारियों को लोकसभा चुनाव के लिए आवश्यक तैयारियां अति शीघ्र पूरी करने के निर्देश दिए हैं। वीरवार को जिला के अधिकारियों के साथ बैठक के दौरान डीसी ने कहा कि आने वाले दिनों में कभी भी लोकसभा चुनाव की घोषणा हो सकती है। यह घोषणा होते ही आदर्श आचार संहिता लागू हो जाएगी और इसके साथ ही सभी विभागों को त्वरित कदम उठाने होंगे।

उन्होंने कहा कि घोषणा के बाद सभी सरकारी भवनों और परिसरों से होर्डिंग, बैनर, पोस्टर, झंडे,



लोकसभा चुनाव को लेकर आयोजित बैठक में डीसी हमीरपुर चर्चा करते हुए।

राजनीतिक नेताओं के फोटोयुक्त कैलेंडर एवं अन्य प्रचार सामग्री 24 घंटे के भीतर, विभिन्न सार्वजनिक स्थानों से 48 घंटे के भीतर और विभिन्न निजी परिसरों से 72 घंटे में हटानी होंगी। अगर किसी व्यक्ति ने अपने निजी परिसर में अपनी सहमति से यह सामग्री लगवाई है तो इस संबंध में उससे लिखित अनुमति लेनी होगी। उपायुक्त ने अधिकारियों से कहा कि वे अपने-अपने विभागों, परिसरों और कार्यक्षेत्रों में लगी इस सामग्री की सूची अभी से ही तैयार कर लें, ताकि चुनाव की घोषणा होते ही इन्हें तुरंत हटाया जा सके। उपायुक्त ने कहा कि निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान सभी विभागों के संसाधनों को कभी भी उपयोग में लाया जा सकता है। इसमें किसी भी तरह की कोताही नहीं होनी चाहिए। बैठक में आदर्श आचार संहिता से संबंधित अन्य मुद्दों पर भी विस्तृत चर्चा की गई। इस अवसर पर एडीसी मनेश यादव और निर्वाचन विभाग के तहसीलदार उपेंद्रनाथ शुक्ला ने भी अधिकारियों को निर्वाचन आयोग के विभिन्न दिशा-निर्देशों की जानकारी दी।

### 18 नोडल अधिकारी किए तैनात

**उपायुक्त** ने बताया कि लोकसभा चुनाव से संबंधित सभी प्रक्रियाओं को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए जिला स्तर पर 18 नोडल अधिकारी नियुक्त किए गए हैं। इन सभी अधिकारियों को अलग-अलग जिम्मेदारियां दी गई हैं। डीसी ने वीरवार को ही इन अधिकारियों के साथ अलग बैठक करके चुनाव से संबंधित विभिन्न प्रबंधों पर व्यापक चर्चा की।



# लक्ष्मी-नारायण मंदिर में पुजारी व अन्य ने खाया प्रसाद, हुए फूड प्वाइजनिंग के शिकार

## मंदिर के पुजारी व अन्य जिला अस्पताल में एक दिन के लिए हुए थे भर्ती, अब स्थिति थोड़ी सामान्य

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

महाशिवरात्रि पर्व को लेकर नगर के लक्ष्मी-नारायण मंदिर में शुरू हुई शिवपुराण कथा में प्रसाद खाने से पुजारी वर्ग और अन्य लोग फूड प्वाइजनिंग का शिकार हो गए।

शिवपुराण की कथा समाप्त होने के बाद पुजारी वर्ग और अन्य लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया और शाम के समय काफी लोगों को फूड प्वाइजनिंग हो गई, जिसके चलते मंदिर के पुजारी को जिला अस्पताल में भर्ती भी किया गया। जहां पर उनको उपचार दिया गया और वीरवार को पुजारी को अस्पताल से छुट्टी भी मिल गई। वहीं, जानकारी प्राप्त हुई है कि पुजारी वर्ग व अन्य लोगों ने पाठ खत्म होने के बाद प्रसाद यानी फलहार इत्यादि का सेवन किया था, जिसके थोड़ी देर बाद उनको उल्टियां व दस्त शुरू हो गए। हालात ऐसे हो गए कि उनको अस्पताल में भर्ती किया गया। वहीं, इस संदर्भ में जब लक्ष्मी-नारायण मंदिर के अध्यक्ष व एसडीएम अभिषेक कुमार गर्ग से बात की गई तो उन्होंने बताया कि उनके ध्यान में इस तरह का मामला नहीं है। ऐसा हुआ है, तो इसके बारे में पता किया जाएगा। खबर लिखे जाने तक मंदिर पुजारी को अस्पताल से छुट्टी हो गई थी और अन्य पुजारी वर्ग और लोग अपने घरों में स्वास्थ्य लाभ ले रहे हैं।



### शिवपुराण कथा का करवाया जाता है आयोजन

महाशिवरात्रि पर्व को लेकर प्रत्येक साल मंदिर में शिवपुराण कथा का आयोजन करवाया जाता है, जिसमें प्रतिदिन कथा के बाद प्रसाद वितरित किया जाता है। वहीं, अभी तक यह साफ नहीं हो पाया है कि कथा के बाद प्रसाद खाने से हुए बीमार पुजारी वर्ग व अन्य लोगों को किसने प्रसाद दिया था। वहीं, इस बात को लेकर पूरे शहर में चर्चा का बाजार गर्म है क्योंकि मंदिर में इस तरह का पहली बार मामला सामने आया है। वहीं, आपको यह भी बता दें कि प्रत्येक साल महाशिवरात्रि पर्व को लेकर यहां पर विशाल भंडारे का आयोजन किया जाता है, जिसमें शहर सहित जिलेभर के लोग इस भंडारे का सेवन करते हैं। ऐसे में इस तरह की हुई घटना से कहीं न कहीं लोगों में भय का माहौल पैदा हो गया है क्योंकि लोगों के स्वास्थ्य के साथ जुड़ा यह विषय है।

> मामला ध्यान में नहीं है। अगर ऐसा हुआ है तो इसकी जांच की जाएगी। महाशिवरात्रि पर्व को लेकर मंदिर में शिवपुराण कथा चली हुई है।
> **अभिषेक कुमार गर्ग, मंदिर अध्यक्ष व एसडीएम।**

# बिलासपुर में चिकित्सकों ने सामूहिक अवकाश के दौरान किया रक्तदान

## अपनी मांगों को लेकर जिलेभर की ओपीडी में नहीं आए चिकित्सक



बिलासपुर अस्पताल में की बैठक, कहा-सरकार से लंबे समय से अपनी मांगों को लेकर उठा रहे आवाज।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

वीरवार को बिलासपुर जिले में चिकित्सक ओपीडी में नहीं मिले। अपनी मांगों को लेकर चिकित्सकों ने हड़ताल की और क्षेत्रीय अस्पताल बिलासपुर में एकत्रित होकर सामूहिक बैठक भी की।

बैठक में चिकित्सकों ने एकत्रित होकर अपनी मांगों को सरकार के पास पहुंचाने के लिए विचार-विमर्श किया और कहा कि लगातार अपनी मांगों को उठा रहे हैं, परंतु सरकार इस ओर कोई भी ध्यान नहीं दे रही है। इसके बाद बिलासपुर में चिकित्सकों ने एकत्रित होकर रक्तदान किया। चिकित्सकों का कहना है कि बेशक उन्होंने वीरवार को ओपीडी में अपने सेवाएं नहीं दीं, परंतु उन्होंने रक्तदान करके स्वास्थ्य क्षेत्र में बेहतर कार्य करने का संदेश भी दिया। जानकारी देते हुए एचएचओ, जिला अध्यक्ष डॉ. भूपेंद्र सिंह ने बताया कि डॉक्टरों का एनपीए जारी न किए जाने और अन्य मांग मांगे पूरी न होने के विरोध में यह अवकाश पर गए हैं। डॉक्टरों के छुट्टी पर जाने से प्रदेश के अस्पतालों में स्वास्थ्य सेवाएं प्रभावित हुई हैं। अभी ये डॉक्टर हर दिन अढ़ाई घंटे की हड़ताल पर हैं। मेडिकल अधिकारी एसोसिएशन ने भी यह चेतावनी दी है कि मांगें पूरी न होने पर आंदोलन तेज होगा।

### डॉक्टरों ने ओपीडी में नहीं दी अपनी सेवाएं

इस अवसर पर बिलासपुर जिला में दर्जनों चिकित्सकों ने ओपीडी में अपनी सेवाएं नहीं दी। चिकित्सकों का कहना है कि वह लंबे समय से अपनी मांगों को लेकर आवाज उठा रहे हैं। परंतु सरकार उनकी मांगों को लेकर सजग नजर नहीं आ रही है। उन्होंने प्रदेश सरकार से मांग की है कि उनकी मांगों को जल्द से जल्द पूरा किया जाए।

## व्यावसायिक फूलों की खेती के बताए महत्व

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

डॉक्टर यशवंत सिंह परमार औद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय नौणी जिला सोलन प्रदेश के पुष्प एवं भू-दृश्य वास्तुकला विभाग की ओर से व्यावसायिक पुष्प उत्पादन एवं मूल्य वर्धन का एकदिवसीय प्रशिक्षण शिविर हीरापुर पंचायत बिलासपुर में संपन्न हुआ, जिसमें पंचायत व विभिन्न गांव के 80 लोगों ने इस प्रशिक्षण का लाभ उठाया। इस प्रशिक्षण में नौणी विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर राजेश्वर सिंह चंदेल, पुष्प उत्पादन में राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त मीना चंदेल व पंचायत के प्रधान व कई अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। विश्वविद्यालय से आए साइंटिस्टों की ओर से लोगों को व्यावसायिक फूलों की खेती का महत्व एवं इसमें संभावनाएं, व्यावसायिक नर्सरी उत्पादन एवं शुष्क पुष्प का मूल्य वर्धन कैसे किया जाए इसकी जानकारी दी गई।

# अली खड्ड संघर्ष समिति ने आंदोलन को तेज करने का किया ऐलान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**



पत्रकारों को संबोधित करते हुए अली खड्ड बचाओ संघर्ष समिति के प्रधान रजनीश शर्मा।

बिलासपुर और सोलन जिले की सीमा पर त्रिवेणी घाट में चल रहे जल विवाद पर अली खड्ड संघर्ष समिति ने उग्र आंदोलन करने व संघर्ष को तेज करने का ऐलान कर दिया है, जिसके लिए जिला प्रशासन व प्रदेश सरकार जिम्मेवार होगी।

अली खड्ड संघर्ष समिति ने प्रदेश सरकार व जिला प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवालिया निशान लगाए हैं। समिति ने सरकार से इस मसले पर उचित कार्रवाई शुरू करने की मांग की है। यहां पर वीरवार को पत्रकारों को संबोधित करते हुए अली खड्ड बचाओ संघर्ष समिति के प्रधान रजनीश शर्मा ने कहा कि बिलासपुर एवं सोलन जिले की सीमा पर स्थित त्रिवेणीघाट में अली खड्ड पर प्रभावित पंचायतों के लोग पिछले 44 दिनों से तंबू लगाकर पानी को बचाने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। इसके बावजूद भी सरकार की तरफ से किसी भी नेता और प्रशासनिक अधिकारी ने संघर्षरत लोगों से बात करना उचित नहीं समझा। नेताओं और प्रशासनिक अधिकारियों के इस गैर जिम्मेदाराना रवैये के कारण प्रभावित क्षेत्र के लोगों ने 10 मार्च को महापंचायत बुलाने का निर्णय लिया है। इस महापंचायत में संघर्ष की आगामी रूपरेखा तय की जाएगी और आर-पार की लड़ाई का ऐलान किया जाएगा। इसके तहत शिमला कूच और प्रशासनिक अधिकारियों के घेराव जैसे निर्णय लिए जाएंगे। उन्होंने प्रदेश सरकार के रवैये पर हैरानी जताते हुए कहा कि सरकार ने सीमेंट कंपनी के दबाव में आकर संत समाज, किसानों व महिलाओं के विरुद्ध चोरी जैसे मुकदमें दर्ज करवा के शांतिपूर्ण तरीके से किए जा रहे आंदोलन को कुचलने का प्रयास किया। उन्होंने सरकार द्वारा अली खड्ड के पानी की जांच के लिए गठित की गई कमेटी की कार्यप्रणाली पर सवालिया निशान लगाए हैं तथा कहा कि जिस दिन पानी की जांच की गई, उस दिन त्रिवेणीघाट के ऊपर की सभी पेयजल योजनाओं को बंद कर दिया था।

# शिक्षण संस्थानों में खुलेआम हो रहा नशे का प्रचलन

**नीरज शर्मा, घुमारवीं**

शिक्षण संस्थानों में खुलेआम नशे का प्रचलन युवा पीढ़ी को बर्बाद कर रहा है। स्कूलों व कॉलेजों को बेशक मंदिर का दर्जा तो दे दिया गया है, लेकिन इन शिक्षा रूपी मंदिरों के अंदर क्या हो रहा है इसका अंदाजा घुमारवीं के कलरी स्थित राजकीय महाविद्यालय में देखने को मिल रहा है।

महाविद्यालय के अंदर बने शौचालयों की हालत खस्ता हो चुकी है, सभी शौचालय में गंदगी का आलम है। शौचालयों में बिखरे बीड़ी, सिग्रेट के अधजले टुकड़े व तंबाकू आदि के पैकेट इस तरफ इशारा कर रहे हैं कि युवा पीढ़ी शिक्षण केंद्रों के अंदर जमकर नशा कर रही है। युवाओं को नशे के दलदल से बचाने के लिए कॉलेज के अंदर इस तरह का कोई नशा प्रयोग न हो इसके लिए कितना प्रबंध कॉलेज प्रबंधन की तरफ से किया गया है इसका अंदाजा सहज ही यहां लगाया जा सकता है। घुमारवीं के नजदीक कलरी स्थित महाविद्यालय के भीतर हो रहे नशे के प्रयोग से कई सवाल खड़े हो रहे हैं। आखिर कॉलेज के भीतर हो रहे नशे के प्रयोग की कॉलेज प्रबंधन को भनक तक नहीं है या इस नशे के प्रयोग को रोकने के लिए कोई जरूरत न समझी जा रही है। हालांकि इसी मुद्दे को लेकर पिछले कुछ दिनों में एनएसयूआई की कॉलेज इकाई भी कॉलेज प्रबंधन को दो बार ज्ञापन सौंप चुकी है, जिसमें वह शौचालयों की हालत को देखते हुए इसमें सुधार करने तथा महाविद्यालय में हो रहे नशे पर तुरंत आरोप लगाने की मांग कर चुके हैं, लेकिन कॉलेज प्रबंधन इसको लेकर कतई गंभीर नहीं नजर आ रहा है तथा आज भी शौचालय की हालत बेहद खस्ता है।



शौचालय की खस्ताहालत।

सूत्र बताते हैं कि इस कॉलेज के भीतर तीसरी मंजिल पर बने शौचालयों में जमकर धूम्रपान तो होता है सवाल यह खड़ा होता है कि तीसरी मंजिल तक आखिर युवा बिना किसी डर से तंबाकू व प्रतिबंधित नशे को ले जा रहे हैं और कॉलेज प्रबंधन रोकने में कामयाब क्यों नहीं हो पा रहा है। कॉलेज के शौचालयों के भीतर फैली गंदगी व तंबाकू उत्पाद के चर्चे खूग हो रहे हैं। कॉलेज के भीतर इस तरह के तंबाकू के सेवन से अब अभिभावक भी चिंता में पड़ गए हैं। शिक्षण संस्थानों के नजदीक सरेआम बीड़ी, सिगरेट व अन्य तंबाकू उत्पाद तो बिना रोकटोक बिक रहे हैं। (अनंत ज्ञान)

### कॉलेज में इसके लिए बनाई गई है कमेटी

वहीं राजकीय महाविद्यालय घुमारवीं के प्राचार्य राम कृष्ण ने कहा कि शौचालयों को ठीक करने के लिए हिमुडा के पास 95 लाख रुपए की राशि जमा करवाई गई है, लेकिन अभी तक उन्होंने काम शुरू नहीं किया है। कॉलेज में शौचालय के भीतर गंदगी के बारे में जानकारी नहीं है, जबकि इसके लिए एक कमेटी बनाई गई है। शौचालय या महाविद्यालय परिसर में अगर बीड़ी सिगरेट या अन्य किसी प्रकार के नशे का सेवन हो रहा है, तो इसका पता लगाया जाएगा। महाविद्यालय की अनुशासन कमेटी इस बारे में ध्यान रखेगी व नशे करते हुए पाए जाने पर अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी।




# लोकसभा चुनावों में जीत के लिए दिए टिप्स

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**

घुमारवीं में भाजपा ने वीरवार को त्रिदेव सम्मेलन का आयोजन किया। सम्मेलन में राज्यसभा सांसद डॉ. सिकंदर ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की, जबकि पूर्व मंत्री गोबिंद ठाकुर व राजेंद्र गर्ग विशेष रूप से उपस्थित रहे। इस सम्मेलन में उन्होंने कार्यकर्ताओं को लोकसभा चुनावों में जीत के लिए टिप्स दिए और 400 पार का लक्ष्य दिया।

पीएम मोदी ने देश का मान सम्मान बढ़ाया है और देश की जनता उनकी गारंटी पर वोट करेगी। मोदी है तो मुमकिन है। उन्होंने किसानों की आय को बढ़ाने के लिए किए गए कार्यों का भी उल्लेख किया और कहा कि किसान सम्मान निधि कांग्रेस के समय नहीं थी। आने वाला समय लोकसभा चुनाव का है। लोकसभा चुनाव में विगत चुनाव की तर्ज पर तमाम कार्यकर्ता काम करें और मोदी के नेतृत्व में केंद्र में फिर से भारतीय जनता पार्टी की सरकार बने। इसी उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए काम करना है, जिस तरह से 2019 के लोकसभा चुनाव में पार्टी कार्यकर्ताओं ने काम किया और ज्यादा मतों से हमीरपुर के सांसद अनुराग ठाकुर को जीत दिलवाई इस तर्ज पर आगे भी काम करना है। भारतीय जनता पार्टी की रीड पार्टी के कार्यकर्ता, बूथ अध्यक्ष, ग्राम केंद्र अध्यक्ष, बीएलए, बूथ पालक तमाम लोग हैं। सबको मिलकर 2024 के लोकसभा चुनाव में भाजपा को 370 और एनडीए को 400 पार करवाना है।



घुमारवीं में भाजपा के त्रिदेव सम्मेलन के आयोजन पर पूजा करते लोग।

## प्रिंस ने निकाला नया शिव भजन व्याह मेरे शंकर दा

**झंडूता।** शिवरात्रि के पावन अवसर पर झंडूता बिलासपुर के मास्टर प्रिंस कपिल का शिव भजन व्याह मेरे शंकर दा उनके ही यूट्यूब कपिल म्यूजिक स्टूडियो पर लांच हो गया। यूट्यूब पर लांच होते ही यह फेसबुक और इंस्टाग्राम पर भी खूब वायरल हो गया। इस भजन में उनके छोटे भाई हिमांशु कपिल ने इस सोंग का मयूजिक और वीडियो डायरेक्ट किया है, जबकि वीडियो एडिटिंग खुद प्रिंस कपिल ने की है।

## मुख्यमंत्री सुख आश्रय कोष के लिए दिए एक करोड़ 50 लाख



मंदिर न्यास शाहतलाई मुख्यमंत्री सुख आश्रय कोष के लिए एक करोड़ 50 लाख देते हुए।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

उपायुक्त बिलासपुर आबिद हुसैन सादिक ने बताया कि जिला प्रशासन ने श्री नयना देवी मंदिर न्यास तथा बाबा बालक नाथ मंदिर न्यास शाहतलाई द्वारा मुख्यमंत्री सुख आश्रय कोष में एक करोड़ 50 लाख रुपए की राशि दी गई है। एक करोड़ की राशि का चेक पूर्व मंत्री रामलाल द्वारा तथा 50 हजार की राशि का चेक विवेक कुमार प्रदेश कांग्रेस महासचिव द्वारा हमीरपुर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू को भेंट किया।

## सिक्योरिटी गार्ड के 100 पदों के लिए साक्षात्कार

**बिलासपुर।** जिला रोजगार अधिकारी राजेश मैहता ने जानकारी देते हुए बताया कि एसआईएस सिक्योरिटी बिलासपुर की ओर से सिक्योरिटी गार्ड के 100 पदों के लिए 12 मार्च को उपरोजगार कार्यालय घुमारवीं में 10:30 बजे से कैंपस इंटरव्यू का आयोजन किया जा रहा है, जसमें न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता 10वीं अथवा बारहवीं पास तथा उम्मीदवार की लंबाई न्यूनतम 168 सेंटीमीटर एवं वजन 56 किलो या इससे अधिक होना अनिवार्य है।

**कार्यक्रम** भाजपा ओबीसी मोर्चा की बैठक, लोकसभा चुनावों को लेकर कसी कमर

# ओबीसी मोर्चा भाजपा के मुख्य संगठनों में एक : सुभाष

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

भाजपा ओबीसी मोर्चा ने आगामी लोकसभा चुनाव के लिए कमर कस ली है। इसके मद्देनजर मोर्चा की जिला स्तरीय बैठक वीरवार को भाजपा के बिलासपुर कार्यालय में आयोजित की गई।

मोर्चा के जिला अध्यक्ष कैप्टन सुभाष की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में संगठन के प्रदेश महामंत्री रामलोक धनोटिया ने बतौर मुख्यातिथि, जबकि मोर्चा के हमीरपुर संसदीय क्षेत्र प्रभारी रवि कुमार, भाजपा के जिला महामंत्री प्यारेलाल चौधरी व सदर मंडल अध्यक्ष हंसराज ठाकुर ने विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थिति दर्ज करवाई। अपने संबोधन में वक्ताओं ने कहा कि ओबीसी मोर्चा भाजपा के मुख्य संगठनों में से एक है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी ओबीसी वर्ग से हैं। यह इस वर्ग के लिए गौरव की बात है। प्रधानमंत्री की अगुआई में देश चहुंमुखी विकास की राह पर तेजी से आगे बढ़ रहा है। पिछले 10 वर्षों में मोदी सरकार ने ओबीसी समेत हर वर्ग के हित में कई लाभकारी एवं महत्वाकांक्षी योजनाएं चलाई हैं, जिनसे करोड़ों लोग लाभांवित हो रहे हैं। भाजपा ने आने वाले लोकसभा चुनाव में अपने सहयोगी दलों के साथ 400 से अधिक सीटें जीतने का लक्ष्य रखा है।



भाजपा के बिलासपुर कार्यालय में आयोजित की जिला स्तरीय भाजपा ओबीसी मोर्चा की बैठक में मौजूद लोग।

इस लक्ष्य को हासिल करने में ओबीसी मोर्चा भी कोई कसर नहीं छोड़ेगा। हमीरपुर संसदीय क्षेत्र से अनुराग ठाकुर को लगातार पांचवीं बार विजयी बनाने के लिए प्रत्येक बूथ पर ओबीसी के 10-10 लोगों को जोड़ा जाएगा, जिन क्षेत्रों में ओबीसी वर्ग की संख्या कम है, वहां भी अधिक से अधिक लोग मोर्चा के साथ जोड़े जाएंगे। बैठक में कहा गया कि कांग्रेस झूठ बोलने और नौटंकी करने में माहिर है। हिमाचल के पिछले विधानसभा चुनाव में कांग्रेस ने झूठी गारंटियों से लोगों को गुमराह करके सत्ता हासिल कर ली, लेकिन झूठ ज्यादा समय तक नहीं टिकता। कांग्रेस के विधायक और मंत्री भी अपनी ही सरकार की कार्यप्रणाली पर उंगली उठा रहे हैं।

# आखिर कब मिलेगी चंबावासियों को दुर्गम व संकरे मार्गों से निजात, घोषणाओं तक सिमटे काम

**एमएम डैनियल, चंबा**

अनंत ज्ञान एक्सक्लूसिव

देश का पिछड़ा जिला होने सहित चंबा जिला दुर्गम व जोखिम भरे मार्गों के लिए भी विख्यात है। जिनमें मुख्य रूप से चंबा-भरमौर मार्ग व चंबा-पांगी वाया साच-पास मार्ग पर लोगों की दिक्कतें खत्म होने का नाम नहीं ले रही हैं। वर्ष में लगभग छह माह तक भारी बर्फ के नीचे दबे रहने वाले पांगी का साच-पास मार्ग के विकल्प में सरकार पांगी के कबायली लोगों को चहणी-पास सुरंग का लड्डू खिला रही है।

वहीं चंबा-भरमौर मार्ग पर भरमौर वासियों की दिक्कतों के हल के रूप में होली-उतराला सुरंग का पेड़ा दिखा रही है। ऐसा ही कुछ हाल जिले के गैर जनजातीय क्षेत्रों का भी है। चंबा-चुवाड़ी वाया जोत मार्ग की समस्या से लोगों को उभारने के लिए मंगला-चुवाड़ी सुरंग का लालीपोप देने से सरकार बाज नहीं आ रही है।

गौर हो कि जनजातीय क्षेत्र भरमौर के लोगों की मुख्य समस्या यह है कि भौगोलिक और सामाजिक रूप से यहां के लोग चंबा की अपेक्षा प्रदेश के कांगड़ा जिले से अधिक जुड़े हुए है। इसका कारण इस क्षेत्र के लोगों का मुख्य व्यवसाय भेड़ पालन है। यहां के लोग पीढ़ी दर पीढ़ी अपनी भेड़-बकरियों के साथ धौलाधार पर्वत को लांघ कर कांगड़ा का प्रवास करते रहते है। ऐसे में यहां के लोगों के ज्यादातर नाते-रिश्ते कांगड़ा जिला में जुड़े हुए है। मौजूदा समय में यहां के लोगों को 72 किमी का सफर कर चंबा और फिर यहां से करीब 184 किमी की यात्रा कर कांगड़ा जाना पड़ता है। ऐसे में 250 किमी की इस पूरी यात्रा के जोखिम से अब भरमौर-होली के वासी उभ चुके है। इसी के चलते होली-उतराला सुरंग निर्माण की मांग बलबती लग रही है। चंबा-चुवाड़ी वाया जोत मार्ग भी भौगोलिक व प्रबंधन की वजह से लोगों की दिक्कतों का सबब बना हुआ है। अत्यधिक बर्फबारी के चलते दिसंबर से मार्च तक जहां यहां से आवाजाही करना मुश्किल होता है, वहीं बाकी के समय इस मार्ग के तंग गलियारे और वाहन चालकों की लापरवाही भारी पड़ती है। इस संदर्भ में मंगला-चुवाड़ी सुरंग निर्माण की मांग जोर पकड़ रही है। (अनंत ज्ञान)

### साच-पास मार्ग बना विकराल समस्या

चंबा-पांगी वाया साच-पास मार्ग पर कबायली क्षेत्र पांगी के लोगों के लिए लगभग 14 हजार पांच सौ फुट ऊंचा साच-पास विकराल समस्या है। इतनी ऊंचाई पर नवंबर से मार्च तक लगातार बर्फबारी होने से यह मार्ग जून के अंत बंद रहता है। ऐसे में कबायली क्षेत्र पांगी के लोगों को जिला मुख्यालय पहुंचने के लिए जेएंडके के किश्तवाड़ से होकर लगभग 630 सौ किमी व लाहौल-स्पीति वाया कुल्लू-मनाली करीब 410 किमी की यात्रा कर जिला मुख्यालय चंबा में उपस्थिति दर्ज करवानी पड़ती है। जिसके एवज में ही चहणी-पास सुरंग का विचार प्रबल हुआ है।

### सुरंगों का निर्माण सरकार के तालमेल पर टिका



हाल ही में केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी से विशेष बातचीत कर प्रस्ताव सौंपा गया है। जिसमें उन्होंने जिला चंबा में सुरंगों की मांग को केंद्र सरकार की कैबिनेट बैठक में रखने का आश्वासन दिया है। इन तीन महत्वकांक्षी सुरंग योजनाओं के लिए केंद्र की मंजूरी व बजट सबसे बड़ा रोड़ा है। जिसके लिए प्रदेश सरकार भी केंद्र सरकार पर अपने दायित्व को निभाने में जोर दे रही है। लिहाजा जिला चंबा में सुरंगों के निर्माण का भविष्य प्रदेश व केंद्र सरकार के तालमेल पर ही टिका हुआ है। जबकि पक्ष-प्रतिपक्ष के कई नेताओं ने अपने-अपने कार्यकाल में विभिन्न मंचों से चंबा की जनता को सुरंग निर्माण से सुविधा होने के आश्वासन दे चुके है।



“ मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के नेतृत्व वाली सरकार जिला चंबा की प्रस्तावित होली-उतराला, चहणी-पास व मंगला-चुवाड़ी सुरंगों के निर्माण कार्य करवाने के लिए वचनवद्ध है। जिसके हाल ही में प्रस्तावित पांगी की चहणी-पास सुरंग, होली-उतराला सुरंग व मंगला-चुवाड़ी सुरंग का सर्वे कार्य की औपचारिकताएं पूर्ण की जा रही है। जबकि केंद्र सरकार से मंजूरी मिलने पर ही इस दिशा में पूर्णतया कार्य आगे बढ़ सकता है। केंद्र से आश्वासन तो मिल रहा है लेकिन सहयोग नहीं। इसके बावजूद मुख्यमंत्री सुक्खू, लोनिवि मंत्री विक्रमादित्य सिंह पूर्ण रूप से हरसंभव प्रयास कर रहे हैं।

**कुलदीप सिंह पठानिया, अध्यक्ष, विधानसभा**

## न्यूज ब्रीफ

### बस रूट आवंटन की बैठक स्थगित

**चंबा।** क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी राम प्रकाश ने बताया कि परिवहन निदेशालय हिमाचल प्रदेश द्वारा नए स्टेज कैरिज बस रूट के आवंटन प्रक्रिया के लिए जिला चंबा के आवेदनकर्ताओं के साथ 15 मार्च 2024 को निर्धारित क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकरण की बैठक को प्रशासनिक कारणों के चलते स्थगित किया गया है। बैठक की आगामी तिथि जल्द निर्धारित की जाएगी।

### स्वयं सहायता समूहों का दल दिल्ली रवाना

**चंबा।** परियोजना निदेशक ग्रामीण विकास अभिकरण रमनवीर सिंह चौहान ने बताया कि राष्ट्रीय आजीविका मिशन के अंतर्गत जिला चंबा से 72 विभिन्न स्वयं सहायता समूहों के महिला सदस्यों के एक दल को राष्ट्रपति भवन दिल्ली के अमृत उद्यान में भ्रमण के लिए लिए रवाना किया गया है। उन्होंने बताया कि आठ मार्च को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर यह स्वयं सहायता समूहों के सदस्यों का दल अमृत उद्यान का भ्रमण करेगा।

### विधानसभा अध्यक्ष आज सिहुंता में

**चंबा।** विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया भटियात विधानसभा क्षेत्र के तहत आठ मार्च से प्रवास पर रहेंगे। विभागीय प्रवक्ता ने बताया कि विधानसभा अध्यक्ष आठ मार्च को राजकीय महाविद्यालय सिहुंता के वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह में मुख्य अतिथि होंगे। नौ मार्च को राजकीय महाविद्यालय चुवाड़ी के वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह में मुख्य अतिथि भाग लेंगे। जारी प्रवास कार्यक्रम के अनुसार 10 मार्च को कुलदीप सिंह पठानिया ग्राम पंचायत सुदली के गांव कुट के लिए संपर्क सड़क का शिलान्यास करेंगे तथा दोपहर बाद ग्राम पंचायत बगढार के छन्नू गांव के लिए पेयजल योजना का शिलान्यास करेंगे और लोगों की समस्याएं सुनेंगे। विधानसभा अध्यक्ष 11 मार्च को मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू की अध्यक्षता में भटियात विधानसभा क्षेत्र के उपमंडलीय मुख्यालय चुवाड़ी में आयोजित होने वाले सरकार गांव के द्वार कार्यक्रम में भी शामिल होंगे।

### सूही मेला जिला स्तरीय घोषित करने पर आभार

**चंबा।** विधायक नीरज नैय्यर ने चंबा के प्रसिद्ध सूही मेला एवं साहू जातर मेले को राज्य मंत्रिमंडल द्वारा कैबिनेट बैठक में जिला स्तरीय मेला घोषित करने पर मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू का विशेष आभार व्यक्त किया है। नीरज नैय्यर ने कहा है कि अपने एक हजार वर्षों के गौरवमयी कालखंड के साक्षी चंबा की लोक कला एवं संस्कृति अति समृद्ध है। इन दोनों मेलों के जिला स्तरीय घोषित होने से स्थानीय कलाकारों-शिल्पकारों, दस्तकारों तथा स्वयं सहायता समूहों को अपनी आजीविका उपार्जन में और अधिक सहायता मिलेगी।

### अपनी मांगों को लेकर आवाज की बुलंद

**चंबा।** हिमाचल प्रदेश चिकित्सा अधिकारियों ने वीरवार को सामूहिक अवकाश के माध्यम से अपनी मांगों को लेकर आवाज बुलंद की। चिकित्सकों के छुट्टी पर जाने से वीरवार को जिला चंबा के समस्त अस्पतालों और स्वास्थ्य संस्थानों में स्वास्थ्य सेवाएं प्रभावित हुई हैं। एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ. दिलबाग ने कहा कि बीते कई दिनों से डॉक्टर अढ़ाई घंटे की हड़ताल पर हैं लेकिन उनकी समस्याओं का निवारण नहीं किया जा रहा है।

### चंद्रशेखर साहो मंदिर में होगा कार्यक्रम

**चंबा।** महाशिवरात्रि पर्व पर चंद्रशेखर साहो मंदिर समिति द्वारा तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। चंद्रशेखर मंदिर समिति साहो के अध्यक्ष अदीप चौणा ने बताया कि महाशिवरात्रि पर्व के आयोजन को लेकर करीब पंद्रह दिन पहले ही तैयारियों की जाती है। जिसके चलते इस बार भव्य कार्यक्रम का आयोजन समिति द्वारा किया जाएगा। जिसमें मंदिर में पर्व के दौरान व्यवस्था, श्रद्धालुओं को लाइन से मंदिर परिसर तक लाना व उनकी सुरक्षा के अनुसार महाशिवात्रि कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की जाती है। महाशिवरात्रि पर्व के उपलक्ष्य पर स्थानीय व दूरदराज क्षेत्रों से हजारों की संख्या में शिव भक्त दर्शन के लिए आते है।

### सीमेंट ला रही बोगियां बनी आफत

**भरमौर।** जेएसडब्ल्यू विद्युत परियोजना के लिए सीमेंट ला रही बड़ी बोगियां वीरवार को स्थानीय लोगों के लिए फिर आफत बन गई। भारी भरकम गाड़ियों को कच्चे रास्ते में उतारने के कारण वीरवार को एक भारी भरकम सीमेंट से लदी हुई बोघी गाड़ी बत्ती हड्डी के समीप बीच सड़क में फंस गई। जिसके कारण लगभग तीन घंटे पठानकोट-भरमौर नेशनल हाई-वे बंद रहा। इस कारण दोनों ओर वाहनों का लंबा जाम लगा रहा। इससे यात्रियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। अधिशाषी अभियंता राष्ट्रीय उच्च मार्ग राजीव शर्मा का कहना है कि यह सड़क अभी तक बड़े वाहनों की आवाजाही के लिए पूरी तरह सुरक्षित नहीं है। लिहाजा इस सड़क से इतनी भारी भरकम गाड़ियां गुजारना किसी भी खतरे से कम नहीं है।

# समझौते के साथ धरना खत्म

## नगर परिषद चंबा अध्यक्ष-उपाध्यक्ष और खफा पार्षदों में बनी सहमति

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, चंबा**



धरने को खत्म करने व आपसी समझौते की घोषणा करते हुए पार्षद।

नगर परिषद कार्यालय के बाहर पिछले18 दिन से दो घंटे के सांकेतिक धरने पर बैठे खफा पार्षदों व नगर परिषद अध्यक्ष-उपाध्यक्ष में आपसी सहमति बनते ही पार्षदों ने अपना धरना समाप्त करने की घोषणा कर दी है। गौर हो कि नगर परिषद चंबा में गठित हाऊस द्वारा कुल 11 वार्डों में से चार वार्डों के पार्षदों ने विकास कार्यों को न करवाने सहित अन्य कई मांगों के तहत आवाज बुलंद कर धरना-प्रदर्शन आरंभ किया।

18 दिन तक चले इस धरना-प्रदर्शन में दोनों पक्षों की ओर से एक दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोपों का सिलसिला चलता रहा है। जिसमें प्रदेश की दिग्गज पार्टियों कांग्रेस व भाजपा से जुड़े होने की बातें तक उजागर हो गई, लेकिन तमाम गिले शिकवों के पश्चात दोनों पक्षों में समझौते को लेकर तीसरी बैठक में हालांकि पहले कोई हल नहीं निकल पाया, लेकिन देर सायंकाल तक चली बैठक में दोनों पक्षों ने वार्डों के लोगों एवं विकास कार्यों को एहमियत देते हुए आपसी समझौता किया। जिसमें खफा पार्षदों के वार्डों में प्रस्तावित एवं स्वीकृत विकास कार्यों को आरंभ करवाने सहित प्रगति स्टेज पर विकास कार्यों के समस्त टेंडरों को तत्काल प्रभाव से रद्द कर दिया।

दोनों पक्षों ने यह संयुक्त निर्णय लिया कि नए नगर परिषद कार्यकारी अधिकारी नियुक्त पश्चात नए सिरे से टेंडर ऑनलाइन प्रक्रिया से लगाए जाएंगे। खफा पार्षदों की ओर से सीमा कुमारी पार्षद सुल्तानपुर वार्ड व मनोनीत पार्षद भावना गुलाटी ने नप चंबा के खिलाफ छेड़े गए दो घंटे के सांकेतिक धरने को समाप्त करने की घोषणा करते हुए कहा कि पार्षदों द्वारा नप अध्यक्ष व उपाध्यक्ष के समक्ष उठाई विकास कार्यों व अन्य अभावों संबंधी मांगों को मान लिया है। वहीं नगर परिषद चंबा में लगाए जा रहे टेंडरों को रद्द कर दोबारा टेंडर ऑनलाइन लगाने की सहमति दी है। वहीं अध्यक्ष व उपाध्यक्ष द्वारा रखी गई कुछ बातों को पार्षद प्रतिनिधिमंडल ने सभी स्वीकार करते हुए 11 वार्डों का एक सामान विकास करने की बात पर समझौता किया है। नगर परिषद चंबा की अध्यक्ष नीलम नैय्यर का कहना है कि खफा पार्षदों की विकास कार्यों की मांगों को मानने सहित टेंडर रद्द कर दिए हैं। खफा पार्षदों की मांग पूर्ण होने के साथ उनसे समझौता हो गया है। अब वह धरने पर नहीं बैठेंगे।

# पठानकोट-भरमौर एनएच बड़ी गाड़ियों के लिए बहाल

**अनंत ज्ञान, भरमौर**

▶ पीडब्ल्यूडी व जेएसडब्ल्यू कंपनी के प्रयास लाए रंग

पठानकोट-भरमौर नेशनल हाई-वे चार दिन के बाद सभी प्रकार के वाहनों की आवाजाही के लिए बुधवार देर शाम खुल गया है। राष्ट्रीय उच्च मार्ग विभाग व जेएसडब्ल्यू कंपनी के संयुक्त प्रयासों के चलते कड़ी मशक्कत के बाद बुधवार देर शाम बाद यह मार्ग सभी प्रकार के वाहनों के लिए खुल गया है।

बड़े वाहनों की आवाजाही के लिए सड़क खोलने के बाद लोगों ने राहत की सांस ली है। गौरतलब है कि पिछले कई दिनों से सड़क खराब होने के चलते बड़े वाहनों की आवाजाही पूरी तरह से बंद थी।

वहीं पर परियोजना प्रबंधन को भी काफी नुकसान हो रहा था, लेकिन एक बार फिर विभाग व जेएसडब्ल्यू कंपनी प्रबंधन ने मिलकर इस सड़क को खोलने के लिए अपनी अहम भूमिका अदा की है। जानकारी के अनुसार जेएसडब्ल्यू कंपनी की ओर से इस सड़क को खोलने के लिए तीन डंपर एक्सकैवेटर व लोडर दिए गए थे। इसके बाद इस सड़क को समय से पहले खोल लिया गया है। वहीं पर राष्ट्रीय उच्च मार्ग विभाग के कर्मचारियों ने भी इस मार्ग को खोलने के लिए दिन-रात एक किया है।

कनिष्ठ अभियंता राष्ट्रीय उच्च मार्ग अशोक कुमार ने कहा कि कड़ी मशक्कत के बाद सभी लोगों के सहयोग से बुधवार देर शाम यह सड़क सभी प्रकार के वाहनों के लिए खोल दी गई है।

### फोलगत में गाड़ी सवारों से चरस बरामद की

**चंबा।** पुलिस थाना सदर चंबा की टीम ने वीरवार को काली माता मंदिर फोलगत के पास नाकाबंदी के दौरान गाड़ी नंबर एचपी 01सी 1844 में सवार अमन प्रकाश पुत्र धीरज कुमार मोहल्ला ओवडी डाकघर सुल्तानपुर तहसील व जिला चंबा, देस राज पुत्र निधिया राम गांव रेहलादू डाकघर सरू तहसील व जिला चंबा, कुलदीप पुत्र सोभिया राम गांव ढापू डाकघर सरू के कब्जे से 422 ग्राम चरस बरामद की है।

# शिवरात्रि के लिए सजा भरमौर का चौरासी मंदिर

**अनंत ज्ञान, भरमौर**

शिव भूमि भरमौर में महाशिवरात्रि की तैयारी पूरी हो चुकी है। अपने आराध्य भोले शंकर के सृष्टि भ्रमण के बाद भरमौर मणिमहेश कैलाश पर आगमन को लेकर मंदिरों और धार्मिक स्थलों को सजाने की पूरी तैयारी कर ली गई है। उपमंडल भरमौर के चौरासी मंदिर स्थित प्राचीन शिव मंदिर में हर वर्ष महाशिवरात्रि बड़ी धूमधाम से मनाई जाती है।



चौरासी मंदिर स्थित प्राचीन शिव मंदिर में हजारों श्रद्धालु भगवान भोलेनाथ के दर्शन करने के लिए दूर-दराज क्षेत्र से पहुंचते है। चौरासी युवक मंडल के अध्यक्ष रिशव शर्मा ने बताया कि इस बार भी महाशिवरात्रि पर्व बड़ी धूमधाम से मनाया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस बार भी मंदिर में शिव नुआले के साथ हवन, पूजा का आयोजन किया जा रहा है। भरमौर स्थित चौरासी परिसर में विराजमान मणिमहेश शिवलिंग को पवित्र महाशिवरात्रि के उपलक्ष्य पर फूल-मालाओं के साथ सजाया जाता है। भगवान शंकर के आगमन को लेकर चौरासी मंदिर परिसर में जागरण ओर चार पहर की विशेष पूजा अर्चना की जाती है। उन्होंने बताया कि चार पहर के तहत शाम छह बजे होने वाली पूजा के दौरान बिलपत्र, गंगाजल, दूध, दही, शहद और घी से शिवलिंग का स्नान किया जाता है, उसके उपरांत भोले नाथ का श्रृंगार किया जाता है। उन्होंने कहा कि इस वर्ष भी शिव पूजन और विशाल भंडारे का आयोजन महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर किया जा रहा है। उन्होंने अधिक से अधिक संख्या में पधार कर प्रसाद ग्रहण करने का आग्रह लोगों से किया है।

### प्राथमिक उपचार का प्रशिक्षण दिया

**चंबा।** समग्र शिक्षा के अंतर्गत संचालित कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय छात्रावास मैहला में छात्राओं को प्राथमिक उपचार का प्रशिक्षण दिया गया। इसमें छात्राओं को स्वास्थ्य विभाग में कार्यरत नर्स विशाखा द्वारा आपातकालीन स्थिति में अपना तथा दूसरे व्यक्ति का किस प्रकार से प्राथमिक उपचार किया जाता है, इससे संबंधित प्रशिक्षण दिया गया। इस प्रशिक्षण में छात्राओं ने बढ़ चढ़ कर भाग लिया तथा अपनी विशेष रुचि दिखाई। ये प्रशिक्षण मैजिक बस एनजीओ द्वारा आयोजित करवाया गया जिसमे मैजिक बस के कर्मचारी तथा छात्रावास के सभी कर्मचारी उपस्थित रहे। जिला को-ऑर्डिनेटर डॉक्टर कविता बिजलवान ने छात्रावास प्रबंधन व मैजिक बस एनजीओ द्वारा किए गए इस प्रयास की सराहना की।






















**कार्यक्रम** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर डीसी ने दी सौगात

# 20 लाभार्थियों को एफडीआर वितरित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, चंबा**




अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के मौके पर बाल देखभाल संस्थान मैहला में आयोजित जिला स्तरीय समारोह के दौरान बेटी है अनमोल योजना के तहत लाभार्थियों को एफडीआर वितरित करते डीसी।

उपायुक्त मुकेश रेपसवाल ने कहा कि बालिकाओं के प्रति परिवार और समाज में जनचेतना जागृत करने में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता अपनी अहम भूमिका निभा सकती हैं। यह बात उपायुक्त ने वीरवार को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के मौके पर बाल देखभाल संस्थान मैहला में आयोजित जिला स्तरीय समारोह के दौरान कही। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस की शुभकामनाएं देते हुए बेटे और बेटियों में भेदभाव रहित व्यवस्था सुनिश्चित बनाने की आवश्यकता पर जोर दिया।

उन्होंने कहा कि महिलाओं द्वारा बालिकाओं के प्रति सकारात्मक परिवर्तन लाकर छोटे-बड़े भेदभाव को खत्म किया जा सकता है। उन्होंने आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं से परिवार और समाज में जनचेतना जागृत करने में अपना बहुमूल्य योगदान देने का आग्रह किया। उन्होंने सफल महिलाओं का उदाहरण देते हुए उनसे प्रेरणा लेने का आह्वान भी किया। उपायुक्त ने इस दौरान बेटी है अनमोल योजना के तहत 20 लाभार्थियों को 21 हजार राशि की एफडीआर वितरित की तथा जिले में 10वीं व 12वीं कक्षा की बोर्ड परीक्षाओं में मेरिट हासिल करने वाली 10 बच्चियों को छह हजार की राशि का चेक एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किए। इससे पहले उपायुक्त को जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास राकेश चौधरी ने विभाग की ओर से सम्मानित किया। बाल विकास परियोजना अधिकारी अनुराधा कुमारी ने विभाग द्वारा कार्यान्वित की जा रही विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्रदान की। इस दौरान आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा लोक संस्कृति पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। लिंग भेद पर आधारित लघु नाटिका को खूब सराहा गया।

इस अवसर पर खंड विकास अधिकारी मैहला रमनवीर चौहान, बाल विकास परियोजना अधिकारी भरमौर अमर सिंह वर्मा, स्थानीय पंचायत प्रधान राधा देवी, स्थानीय महिलाएं एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### आखिरी आईपीएल सीजन खेलने के लिए तैयार हैं दिनेश कार्तिक



**नई दिल्ली।** भारतीय विकेटकीपर-बल्लेबाज दिनेश कार्तिक इस साल अपना आखिरी इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) सीजन खेलने के लिए तैयार हैं, जब वह अगले दो महीनों में रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) के लिए खेलेंगे। सूत्रों के अनुसार कार्तिक, जो जून में 39 साल के हो जाएंगे, अपने अंतरराष्ट्रीय भविष्य पर भी जल्द ही अंतिम निर्णय लेंगे। कार्तिक ने अपने आईपीएल करियर की शुरुआत दिल्ली डेयरडेविल्स (अब दिल्ली कैपिटल्स) से की थी। कार्तिक ने 16 सीजन में सिर्फ दो मैच मिस किए हैं। पहला अपने पहले सीजन में कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ था और दूसरा 2023 में था जब कार्तिक सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ लीग मैच से बाहर बैठे थे। कार्तिक वर्तमान में भारत-इंग्लैंड टेस्ट श्रृंखला में कमेंट्री कर रहे हैं।

### ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दूसरे टेस्ट में न्यूजीलैंड के लिए पदार्पण करेंगे बेन



**क्राइस्टचर्च।** तेज गेंदबाज बेन सियर्स क्राइस्टचर्च में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अपना टेस्ट डेब्यू करेंगे, लेकिन न्यूजीलैंड एक बार फिर इस बात पर दुविधा में है कि स्कॉट कुगलेइजन के रूप में चौथा तेज गेंदबाज चुना जाए या मिशेल सैंटर के रूप में एक विशेषज्ञ स्पिनर के साथ जाया जाए, जिसका फैसला टॉस के बाद किया जाएगा। दोनों टीमें के बीच दूसरा टेस्ट 8-12 मार्च तक खेला जाएगा।26 वर्षीय सियर्स को विल ओरूर्के की जगह टीम में शामिल किया गया है, जिन्हें वेलिंगटन में हैमस्ट्रिंग की चोट लग गई थी। उन्होंने पहले 13 टी-20 मैच खेले हैं और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ हाल के मैचों के दौरान अपनी गति से प्रभावित किया है।प्रथम श्रेणी क्रिकेट में उन्होंने 19 मैचों में 27.03 की औसत से 58 विकेट लिए हैं। न्यूजीलैंड के कप्तान टिम साउदी ने कहा कि वह यह देखने के लिए उत्साहित हैं कि सियर्स क्या कर सकता है।

### लीजेंड्स क्रिकेट ट्रॉफी के उद्घाटन में जलवे बिखेरेंगे बॉलीवुड सितारे

**नई दिल्ली।** क्रिकेट जगत श्रीलंका में आयोजित होने वाले लीजेंड्स क्रिकेट ट्रॉफी के चमकदार उद्घाटन समारोह का बेसब्री से इंतजार कर रहा है। क्रिकेट की उत्कृष्टता और मनोरंजन के एक अनूठे उत्सव होने का वादा करते हुए, इस कार्यक्रम में न केवल दिग्गज क्रिकेटर मैदान की शोभा बढ़ाएंगे, बल्कि मनोरंजन उद्योग के प्रसिद्ध सितारों द्वारा शानदार प्रदर्शन भी किया जाएगा। संजय दत्त, बादशाह, इमरान हाशमी और जैकलीन फर्नांडीज जैसे दिग्गज कलाकार अपने शानदार प्रदर्शन से इस कार्यक्रम को रोशन करेंगे। 11 दिनों तक चलने वाले एक्शन से भरपूर टूर्नामेंट में क्रिस गेल, युवराज सिंह और हरभजन सिंह सहित पुराने जमाने के कुछ सबसे बड़े क्रिकेट सितारे भी शामिल होंगे। यह आयोजन नए 90-गेंद प्रारूप में खेला जाएगा। टूर्नामेंट का पहला मैच 8 मार्च को भारतीय समयानुसार शाम 7:00 बजे शुरू होगा।

### फुटबॉलर जूड बेलिंगहैम पर लगा दो मैचों का प्रतिबंध



**मैड्रिड।** रियल मैड्रिड अपने अगले दो ला लीगा मैचों में इंग्लैंड के अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी जूड बेलिंगहैम के बिना खेलेगा, क्योंकि शनिवार की रात वालेंसिया के खिलाफ मैच के दौरान रेफरी से बहस के लिए बुधवार को उन्हें दो मैचों के लिए निलंबित कर दिया गया। वालेंसिया के खिलाफ मुकाबला 2-2 से ड्रा रहा था। दरअसल शनिवार को वालेंसिया और रियल मैड्रिड के बीच मैच के दौरान अतिरिक्त समय में जूड बेलिंगहैम ने लुका मोड्रिक के पास पर हेडर के जरिये गोल कर दिया और टीम को 3-2 से आगे कर दिया, लेकिन इस गोल को अमान्य कर दिया गया, रेफरी ने मोड्रिक द्वारा बेलिंगहैम को गेंद पास करने से पहले ही सीटी बजा दी थी। इसके बाद बेलिंगहैम गुस्से में रेफरी के पास गए और बहस करने लगे, जिसके बाद रेफरी गिल मंजानो ने उन्हें लाल कार्ड दिखाया। रेफरी से अपमानजनक या अविवेकपूर्ण रवैये के साथ बात करने पर दो या तीन खेलों का निलंबन और अधिकतम एक महीने की सजा मिलेगी। इसलिए बेलिंगहैम पर सबसे कम संभव प्रतिबंध लगाया गया है, जिसका मतलब है कि वह सेल्टा विगो और ओसासुना के खिलाफ ला लीगा मुकाबले में नहीं खेल पाएंगे।

### चैंपियंस लीग : लीपजिग के साथ ड्रॉ के बाद मैड्रिड अंतिम-8 में

**मैड्रिड।** रियल मैड्रिड ने अपनी किस्मत के दम पर बुधवार को घरेलू मैदान पर आरबी लीपजिग के साथ विवादास्पद 1-1 से ड्रा खेलकर यूईएफए चैंपियंस लीग के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया, मैड्रिड ने अंतिम 16 के पहले लेग में 1-0 की जीत दर्ज की थी और इस ड्रा के साथ उन्होंने कुल 2-1 स्कोर के साथ अंतिम 8 में प्रवेश किया। मैच में लीपजिग ने बेहतर शुरुआत की। टीम अच्छी शुरुआत का फायदा उठाने के करीब भी थी, लेकिन फारवर्ड लोइस ओपेंडा ने गोल करने के दो अच्छे मौके गंवा दिए। इसके बाद लीपजिग के मिडफील्डर जेवर श्लेगर को विनीसियस को बाहर करने के लिए एक पीला कार्ड दिया गया। पहला हाफ गोल रहित समाप्त हुआ। दूसरे हाफ की शुरुआत विवाद के साथ हुई जब विनीसियस ने पहले विली ओर्बन पर पीछे से हमला किया और फिर उन्हें धकेल दिया। रेफरी आसानी से मैड्रिड के खिलाड़ी को आक्रामकता के लिए लाल कार्ड देकर बाहर भेज सकता था, लेकिन उसने विनीसियस को केवल पीला कार्ड दिखाया, जो लीपजिग के लिए घातक साबित हुआ, क्योंकि मैच के 65वें मिनट में ब्राजीलियाई खिलाड़ी विनीसियस ने गोल कर अपनी टीम को 1-0 से आगे कर दिया।

**धर्मशाला टेस्ट, पहला दिन** — कुलदीप यादव के 'पंजे' से इंग्लैंड 218 रनों पर सिमटा

# फिरकी में फंसे अंग्रेज, भारत का पलड़ा भारी



विकेट लेने के बाद प्रतिक्रिया व्यक्त करते कुलदीप यादव।

**पुनीत शर्मा, धर्मशाला**

बाएं हाथ के स्पिनर कुलदीप यादव के पांच और 100वां टेस्ट खेल रहे ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन के चार विकेट से इंग्लैंड को 218 रन पर समेटने के बाद भारत ने पांचवें और अंतिम क्रिकेट टेस्ट के पहले दिन एक विकेट पर 135 रन बनाकर अपना पलड़ा भारी रखा।

कप्तान रोहित शर्मा और यशस्वी जायसवाल ने अर्धशतक जड़ने के अलावा पहले विकेट के लिए 104 रन की तेजतर्रार सांझेदारी करके भारत को शानदार शुरुआत दिलाई। दिन का खेल खत्म होने पर शुभमन गिल 26 रन बनाकर रोहित का साथ निभा रहे थे।

भारत अब इंग्लैंड से सिर्फ 83 रन से पीछे है जबकि उसके नौ विकेट शेष हैं। कुलदीप ने इससे पहले पारी में चौथी बार पांच या इससे अधिक विकेट चटकाते हुए इंग्लैंड के शीर्ष और मध्य क्रम को समेटा तो वहीं अश्विन ने निचले क्रम को ध्वस्त किया। रवींद्र जडेजा ने भी एक विकेट चटकाए जिससे सभी 10 विकेट स्पिनरों के खाते में गए। इंग्लैंड की ओर से सलामी बल्लेबाज जैक क्रॉली शीर्ष स्कोरर रहे। अश्विन की तरह अपना 100वां टेस्ट खेल रहे जॉनी बेयरस्टो (18 गेंद में 29 रन), सलामी बल्लेबाज बेन डकेट (27), जो रूट (26) और बेन फोक्स (24) अच्छी शुरुआत का फायदा उठाने में नाकाम रहे। (अनंत ज्ञान)

#### स्कोर बोर्ड

| इंग्लैंड (पहली पारी) | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| क्रॉली ब. कुलदीप | 79 | 108 | 11/1 |
| डकेट क. गिल ब. कुलदीप | 27 | 58 | 4/0 |
| पोप स्टं. जुरेल ब. कुलदीप | 11 | 24 | 0/0 |
| रूट पगबाधा ब. जडेजा | 26 | 56 | 4/0 |
| बेयरस्टो क. जुरेल ब. कुलदीप | 29 | 18 | 2/2 |
| स्टोक्स पगबाधा ब. कुलदीप | 00 | 06 | 0/0 |
| फोक्स ब. अश्विन | 24 | 42 | 3/0 |
| हार्टले क. पडिक्कल ब. अश्विन | 06 | 09 | 1/0 |
| वुड क. रोहित ब. अश्विन | 00 | 02 | 0/0 |
| बशीर (नाबाद) | 11 | 22 | 2/0 |
| एंडरसन क. पडिक्कल ब. अश्विन | 00 | 03 | 0/0 |
| अतिरिक्त | 05 | | |
| कुल | 218/10 | | |

**विकेट पतन :** 1-64, 2-100, 3-137, 4-175, 5-175, 6-175, 7-183, 8-183, 9-218, 10-218.

**गेंदबाजी :** बुमराह 13-2-51-0, सिराज 8-1-24-0, अश्विन 11.4-1-51-4, कुलदीप 15-1-72-5, जडेजा 10-2-17-1.

| भारत (पहली पारी) | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| जायसवाल स्टं. फोक्स ब. बशीर | 57 | 58 | 5/3 |
| रोहित (नाबाद) | 52 | 83 | 6/2 |
| गिल (नाबाद) | 26 | 39 | 2/2 |
| अतिरिक्त | 00 | | |
| कुल | 135/1 | | |

**विकेट पतन :** 1/104

**गेंदबाजी :** एंडरसन 4-1-4-0, वुड 3-0-21-0, हार्टले 12-0-46-0, बशीर 11-2-64-1.

### सिंधू बनी '2024 अर्थ आवर इंडिया' की सद्भावना दूत



**नई दिल्ली।** दो बार की ओलंपिक पदक विजेता बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधू को इस साल के 'अर्थ आवर इंडिया' के लिए सद्भावना दूत बनाया गया है। यह 18 साल पुराना आंदोलन है जो पर्यावरण संबंधी मुद्दों के बारे में जागरूकता बढ़ाने का प्रयास करता है। सिंधू ने एक बयान में कहा, "मैं अधिक सतत जीवनशैली की ओर कदम बढ़ाते हुए और प्रकृति के साथ अधिक समय बिताते हुए डब्ल्यूडब्ल्यूएफ-इंडिया के अर्थ आवर में शामिल हो रही हूं।" उन्होंने कहा, "मैं जिम से बाहर निकलकर और सप्ताह में एक बार प्रकृति के बीच समय बिताकर पृथ्वी के लिए एक घंटा दे रही हूं। ग्रह के लिए कुछ सकारात्मक करके अधिक आशावादी और लचीला भविष्य बनाने के लिए इस अर्थ आवर में मेरे साथ शामिल हों। आइए इसे पृथ्वी के लिए सबसे बड़ा घंटा बनाएं।"

### इंडियन वेल्स ओपन से हटे राफेल नडाल



**कैलिफोर्निया।** स्पेनिश टेनिस के दिग्गज राफेल नडाल ने अपने पहले दौर के मैच की पूर्व संध्या पर चल रही इंडियन वेल्स ओपन प्रतियोगिता से यह कहते हुए नाम वापस ले लिया कि वह उच्चतम स्तर पर खेलने के लिए तैयार नहीं हैं। 37 वर्षीय अनुभवी नडाल ने हिप फ्लेक्सर की चोट के कारण लगभग एक साल तक बाहर रहने के बाद इस जनवरी में ब्रिस्बेन में प्रतिस्पर्धी टेनिस में वापसी की। हालांकि एक बार फिर मांसपेशियों में खिंचाव के कारण वह ऑस्ट्रेलियन ओपन से चूक गए। लास वेगास में रविवार को एक प्रदर्शनी मैच में नडाल स्टार युवा कार्लोस अल्कराज से हार गए, लेकिन अपने चौथे इंडियन वेल्स खिताब के लिए लड़ने के लिए पूरी तरह तैयार दिख रहे थे, लेकिन उन्होंने कनाडाई मिलोस राओनिक के खिलाफ अपने मैच से नाम वापस ले लिया।

## कई साल से नया भाला खरीदने के लिए जूझ रहे हैं अरशद नदीम

**एजेंसी, कराची**



पेरिस ओलंपिक में पाकिस्तान की एकमात्र पदक उम्मीद अरशद नदीम ने वीरवार को कहा कि वह कई साल से अंतरराष्ट्रीय स्तर का नया भाला नहीं खरीद सके हैं। नदीम ने हाल ही में कोहनी की समस्या से निजात पाने के लिए सर्जरी कराई थी। उन्होंने कहा कि उनके पास एक ही भाला है जिसका वह सात आठ साल से इस्तेमाल कर रहे हैं। उन्होंने कहा, "अब ऐसा मुकाम आ गया है कि भाला क्षतिग्रस्त हो गया है और मैने राष्ट्रीय महासंघ तथा अपने कोच से पेरिस ओलंपिक से पहले इसका कुछ करने के लिए कहा है।" उन्होंने कहा, "मैने 2015 में जब खेलना शुरू किया था, तब यह भाला लिया था।"

## गुकेश ने केमेर को हराया, बार्टेल से प्रज्ञानानंदा ने बाजी की ड्रॉ

**एजेंसी, प्राग**



भारतीय ग्रैंडमास्टर डी गुकेश ने वीरवार को यहां प्राग मास्टर्स शतरंज टूर्नामेंट में आठवें दौर में जर्मनी के विंसेंट केमेर को शिकस्त दी, लेकिन आर प्रज्ञानानंदा को पोलैंड के मातेयूज बार्टेल ने बराबरी पर रोक दिया। उज्बेकिस्तान के ग्रैंडमास्टर नोदिरबेक अब्दुसत्तारोव का विजयी अभियान जारी रहा और उन्होंने ईरान के परहम माघसूदलू को हराकर एक दौर शेष रहते ही खिताब जीत लिया। अब्दुसत्तारोव के छह अंक हो गए हैं और उन्होंने 1.5 अंक की विजयी बढ़त बना ली है। यहां इस शानदार प्रदर्शन की बदौलत उज्बेकिस्तान का यह ग्रैंडमास्टर विश्व रैंकिंग में भी चौथे स्थान पर पहुंच गया है। टूर्नामेंट में हिस्सा ले रहे एक अन्य भारतीय विदित गुजराती ने भी रोमानिया के रिचर्ड रेपोर्ट के साथ ड्रॉ खेला।

## यूक्रेनी परमाणु संयंत्र की सुरक्षा को लेकर आईएईए प्रमुख रूस दौरे पर

**एजेंसी, मास्को**



यूक्रेन के परमाणु ऊर्जा संयंत्रों पर रूस के कब्जा कर लेने के बाद इन प्रतिष्ठानों की सुरक्षा चिंताओं के बीच संयुक्त राष्ट्र की परमाणु ऊर्जा निगरानी संस्था के प्रमुख रूस के दौरे पर हैं। रूस की सरकारी समाचार एजेंसी आरआईए नोवोस्ती के अनुसार यूक्रेन में परमाणु सुरक्षा पर बातचीत के लिए अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) के महानिदेशक राफेल मारियानो ग्रॉसी मंगलवार शाम सोची के काला सागर रिसॉर्ट में पहुंचे। ग्रॉसी ने वियना में एजेंसी के 35 देशों के निदेशक मंडल की नियमित बैठक के पहले दिन सोमवार को यात्रा की घोषणा की।

संभावित परमाणु तबाही की आशंकाओं के बीच आईएईए ने यूरोप के सबसे बड़े जापोरिज्जिया परमाणु ऊर्जा संयंत्र के बारे में बार-बार चिंता व्यक्त की है। संयंत्र के छह रिएक्टर महीनों से बंद हैं, लेकिन महत्वपूर्ण शीतलन प्रणाली और अन्य सुरक्षा सुविधाओं को संचालित करने के लिए इसे अभी भी बिजली और योग्य कर्मचारियों की आवश्यकता है। पत्रकारों से बात करते हुए आईएईए प्रमुख ने कहा कि उन्होंने रूसी अधिकारियों के साथ 'बहुत गहन और विस्तृत कार्य सत्र' में हिस्सा लिया।

## नातिन की शादी में डांस करते घायल हुए अभिनेता धर्मेंद्र

**मुंबई।** कुछ दिन पहले दिग्गज अभिनेता धर्मेंद्र ने इंस्टाग्राम पर अपनी एक तस्वीर शेयर की थी। इस फोटो को देखकर उनके फैंस काफी चिंतित हो गए लेकिन बाद में धर्मेंद्र ने ये फोटो डिलीट कर दी। इस फोटो और धर्मेंद्र की हालत को लेकर अहम जानकारी सामने आई है। धर्मेंद्र पिछले दो हफ्ते से बीमार हैं। इसके अलावा उनकी पीठ और पैर में भी चोट आई है।



दरअसल, हुआ यह कि कुछ समय पहले धर्मेंद्र की नातिन निकिता चौधरी ने अपने लॉन्ग टाइम बॉयफ्रेंड से उदयपुर में शादी की थी, जिसमें धर्मेंद्र और उनका पूरा परिवार शामिल हुआ था। इस दौरान धर्मेंद्र समेत सन्नी और बॉबी ने खूब डांस भी किया था। ऐसे में धर्मेंद्र को चोट आ गई। वहां डांस करते वक्त गिर गए और उन्हें चोट लग गई उनकी सेहत पर बुरा असर पड़ा। सूत्र ने बताया कि बदलते मौसम, डांस करते समय चोट लगने और बढ़ती उम्र के कारण धर्मेंद्र की हालत खराब हो गई है। अब वह ठीक हैं और उनकी सेहत में धीरे-धीरे सुधार हो रहा है।

## अंबानी की संगीत पार्टी में सलमान, शाहरुख और रणबीर की तिकड़ी ने मचाई धमाल

**एजेंसी, जामनगर**



अनंत अंबानी और राधिका मर्चेंट की प्री-वेडिंग सेरेमनी पिछले कुछ दिनों से शहर में चर्चा का विषय बनी हुई है। गुजरात के जामनगर में एक से तीन मार्च के बीच अंबानी परिवार ने अनंत-राधिका की प्री-वेडिंग के लिए भव्य कार्यक्रम आयोजित किए थे। इस कार्यक्रम में बॉलीवुड, राजनीति से लेकर क्रिकेट जगत तक के तमाम दिग्गज मौजूद थे। समारोह के बाद सभी हस्तियां दोबारा मुंबई के लिए रवाना हो गईं लेकिन छह मार्च की शाम शाहरुख, सलमान खान और अन्य बॉलीवुड सितारे एक बार फिर जामनगर में दिखे।

अंबानी का प्री-वेडिंग प्रोग्राम अभी खत्म नहीं हुआ है क्योंकि बॉलीवुड के यह बड़े कलाकार एक बार फिर जामनगर पहुंच गए गए हैं। शाहरुख खान, सलमान खान, रणबीर कपूर, जाह्नवी कपूर, ओरी, शिखर पहाड़िया, अरिजीत सिंह और उनकी पत्नी के अलावा अन्य बॉलीवुड हस्तियों को छह मार्च बुधवार की शाम को जामनगर हवाई अड्डे पर देखा गया। यह सभी एक बार फिर अंबानी परिवार के संगीत कार्यक्रम के प्री-वेडिंग प्रोग्राम में शामिल हुए। यह कार्यक्रम विशेष रूप से रिलायंस के कर्मचारियों और उनके परिवारों के लिए आयोजित किया गया था। जैसे ही शाहरुख खान स्टेज पर आए प्री-वेडिंग में जश्न का माहौल हो गया। अंबानी परिवार ने किंग खान का घर के सदस्य के रूप में स्वागत किया। इसके अलावा सलमान अपने पुराने गाने पर थिरकते नजर आए तो वहीं रणवीर सिंह 'मल्हारी...' गाने पर थिरकते नजर आए। इसके वीडियो वायरल हो रहे हैं।

## भारत में बड़ी संख्या में सैनिकों की तैनाती के साथ हिंद-प्रशांत संबंधों को मजबूती देगा जर्मनी

**एजेंसी, नई दिल्ली**



हिंद-प्रशांत क्षेत्र में अपनी भागीदारी को 'गंभीर और दीर्घकालिक' बनाने के लिए जर्मनी ने भारत में बड़ी संख्या में सैन्य बल की तैनाती की योजना बनाई है, जैसा अब तक पहले कभी नहीं हुआ है।

यहां जर्मनी के दूतावास के प्रवक्ता सेबेस्टियन फुक्स ने कहा कि इसलिए इस वर्ष हमने हमारे भारतीय साझेदारों के साथ मिलकर एक ऐसी योजना बनाई है, जो अतीत में जर्मनी के वायु सेना बल ने कभी नहीं बनाई। जर्मनी की वायु सेना भारत में जेट भेजेगी लेकिन सिर्फ अपने नहीं। हम कभी अकेले कुछ नहीं करते।

हम फ्रांस, स्पेन और ब्रिटेन के साथ मिलकर ऐसा करेंगे। भारतीय वायु सेना (आईएएफ) अगस्त में दक्षिण भारत में व्यापक बहुराष्ट्रीय सैन्य अभ्यास का आयोजन करेगा। जर्मनी इस अभ्यास के लिए लड़ाकू विमान, टैंकर और परिवहन विमानों सहित सैन्य विमानों की एक टुकड़ी भेजेगा। इसके बाद अक्तूबर में एक जर्मन नौसैनिक युद्धपोत और एक लड़ाकू सहायता जहाज गोवा पहुंचेगा। हाल के वर्षों में जर्मनी द्वारा यह भारत में दूसरी बड़ी नौसैनिक तैनाती है।

## किसानों के आंदोलन पर पंजाब एवं हरियाणा सरकारों को हाई कोर्ट ने लगाई फटकार

**एजेंसी, चंडीगढ़**

हाई कोर्ट ने वीरवार को सुनवाई के दौरान पंजाब एवं हरियाणा सरकारों को फटकार लगाते हुए कहा कि इस पूरे मामले में दोनों ही राज्य अपनी जिम्मेदारी सही तरीके से निभाने में नाकाम रहे हैं।

कोर्ट ने कहा कि किसान शुभकरण की मौत की जांच हाई कोर्ट के सेवानिवृत जज की अगुआई में होगी और तीन सदस्यीय समिति बनाई जाएगी। पंजाब एवं हरियाणा में चल रहे किसान आंदोलन को लेकर चंडीगढ़ में हाई कोर्ट में सुनवाई हुई। हाई कोर्ट ने इस मामले में वकीलों को फटकार लगाई और तस्वीरें देखकर किसानों पर बिफर गए। सुनवाई के दौरान उस समय कोर्ट के तेवर कड़े हो गए। कोर्ट ने शुभकरण की मौत की जांच को लेकर भी अहम आदेश दिया। इस दौरान हाई कोर्ट ने तल्ख होते हुए कहा कि हाथों में तलवार लेकर शांतिपूर्वक प्रोटेस्ट कौन करता है। हाई कोर्ट ने वीरवार को सुनवाई के दौरान पंजाब एवं हरियाणा सरकारों को फटकार लगाई और कहा कि दोनों राज्य अपनी जिम्मेदारी सही तरीके से निभाने में नाकाम रहे हैं।

## एनएचपीसी और कोचीन शिपयार्ड ने सरकार को दिया 1015 करोड़ का लाभांश

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की बिजली कंपनी नेशनल हाइड्रोइलेक्ट्रिक पावर कारपोरेशन (एनएचपीसी) लिमिटेड और कोचीन शिपयार्ड लिमिटेड (सीएसएल) से केंद्र सरकार को लाभांश किश्त के रूप में 1015 करोड़ रुपए मिले हैं। इसमें एनएचपीसी ने क्रमश: लगभग 948 करोड़ रुपए और कोचीन शिपयार्ड ने 67 करोड़ रुपए का भुगतान किया है। वित्त मंत्रालय के निवेश और लोक परिसंपत्ति प्रबंधन विभाग दीपम के सचिव तुहिन कांत पांडेय ने वीरवार को 'एक्स' पोस्ट पर जारी बयान में यह जानकारी दी है। पांडेय ने बताया कि सरकार को एनएचपीसी लिमिटेड से लगभग 948 करोड़ रुपए और कोचीन शिपयार्ड लिमिटेड से करीब 67 करोड़ रुपए लाभांश किश्त के रूप में प्राप्त हुए हैं।

**शेयर मार्केट** — सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांक और मजबूत होकर ऑल टाइम हाई के नए लेवल पर पहुंचे

# उतार-चढ़ाव के साथ नए शिखर पर शेयर बाजार

**एजेंसी, नई दिल्ली**

मजबूत ग्लोबल संकेतों के बीच घरेलू शेयर बाजार में आज शुरुआती कारोबार के दौरान लगातार उतार-चढ़ाव होता नजर आ रहा है। आज के कारोबार की शुरुआत ऑल टाइम हाई के नए रिकॉर्ड के साथ हुई। बाजार खुलने के बाद खरीदारी के सपोर्ट से सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांक और मजबूत होकर ऑल टाइम हाई के नए लेवल तक पहुंच गए।

इसके कुछ देर बाद बिकवाली का दबाव बन जाने के दोनों सूचकांक गिर कर लाल निशान में भी पहुंचे। हालांकि इसके बाद खरीदारों ने एक बार फिर जोर लगा कर शेयर बाजार को हरे निशान में पहुंचा दिया। पहले घंटे का कारोबार होने के बाद सेंसेक्स 0.02 प्रतिशत और निफ्टी 0.04 प्रतिशत की मजबूती के साथ कारोबार कर रहे थे।




शुरुआती एक घंटे का कारोबार होने के बाद स्टॉक मार्केट के दिग्गज शेयरों में से जेएसडब्ल्यू स्टील, टाटा स्टील, यूपीएल, बजाज ऑटो और बजाज फिनसर्व के शेयर 2.76 प्रतिशत से लेकर 1.57 प्रतिशत की मजबूती के साथ कारोबार कर रहे थे। दूसरी ओर महिंद्रा एंड महिंद्रा, बीपीसीएल, एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस, आईटीसी और ब्रिटानिया के शेयर 3.75 प्रतिशत से लेकर 0.86 प्रतिशत की गिरावट के साथ कारोबार करते नजर आ रहे थे।

अभी तक के कारोबार में स्टॉक मार्केट में 2066 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हो रही थी। इनमें से 1,506 शेयर मुनाफा कमा कर हरे निशान में कारोबार कर रहे थे, जबकि 560 शेयर नुकसान उठा कर लाल निशान में कारोबार कर रहे थे। इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 19 शेयर लिवाली के सपोर्ट से हरे निशान में बने हुए थे। दूसरी ओर 11 शेयर बिकवाली के दबाव में लाल निशान में कारोबार कर रहे थे, जबकि निफ्टी में शामिल शेयरों में से 29 शेयर हरे निशान में और 21 शेयर लाल निशान में कारोबार करते नजर आ रहे थे। बीएसई का सेंसेक्स आज 156.75 अंक उछल कर मजबूती का नया रिकॉर्ड बनाते हुए 74,242.74 अंक के स्तर पर खुला, लेकिन इसके बाद बाजार में मंदड़ियों और तेजड़ियों के बीच खींचतान शुरू हो गई।

बिकवाली के दबाव में यह सूचकांक कुछ देर के लिए लाल निशान में गिर कर 73,972.42 अंक तक पहुंचा, लेकिन इसके बाद लिवाली के सपोर्ट से यह वापस हरे निशान में कारोबार करने लगा। सेंसेक्स की तरह ही एनएसई के निफ्टी ने भी आज मजबूती का नया रिकॉर्ड बनाते हुए 31.25 अंक की तेजी के साथ 22,505.30 अंक के स्तर से कारोबार की शुरुआत की।